वर्ष 10 अंक 203
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शुक्रवार
2 मई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 दिल्ली हाट अग्निकांड की पुलिस ने शुरू की जांच | 06 जातिगत जनगणना : दोधारी तलवार! ऋषभदेव शर्मा | 11 ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए पहले से ही तैयार था: सूर्यकुमार

















# भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन का सही समय: प्रधानमंत्री ने 'वेव्स' सम्मेलन में कहा

**मुंबई,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका है और रचनात्मक क्षेत्र के लोगों को संगीत, नृत्य और कहानी कहने की शैली जैसी कलाओं का इस्तेमाल करके अधिक संवेदनशील भविष्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए।

मोदी ने यहां पहले 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह ''भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन'' का सही समय है जब दुनिया कहानी कहने के नए तरीके तलाश रही है और भारत के पास इस दिशा में काम करने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा, ''मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है। हमें उन्हें और अधिक संवेदनशील बनाना है।''

'वेव्स' का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोगों और नीति निर्माताओं को साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है।

प्रधानमंत्री ने रचनात्मक जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और मानवीय संवेदनाओं को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमें युवा पीढ़ी को कुछ मानवता विरोधी विचारों से बचाना होगा।

मोदी की ये टिप्पणियां विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को लेकर जारी बहस के बीच आई हैं जहां उच्चतम न्यायालय ने सरकार से इसके विनियमन के लिए दिशानिर्देश बनाने को कहा है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वेव्स' में ऐसे समय में एक मंच पर वैश्विक प्रतिभाओं को लाने की क्षमता है, जब भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल विषयवस्तु, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव प्रस्तुतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि रचनात्मक दुनिया में मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक चेतना को जगाने की शक्ति है।

मोदी ने कहा कि उद्देश्य रोबोट बनाना नहीं, बल्कि उच्च संवेदनशीलता, भावनात्मक गहराई और बौद्धिक समृद्धि वाले लोग तैयार करना है। उन्होंने कहा कि ये गुण अकेले 'सूचनाओं के पहाड़' या तकनीक की गति से नहीं हासिल किए जा सकते। उन्होंने कहा कि भारत का खाना दुनियाभर में लोकप्रिय है, उसी तरह ''मुझे विश्वास है कि भारतीय गाना भी दुनियाभर में मशहूर होगा।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्क्रीन का आकार भले ही छोटा (माइक्रो) हो रहा हो, लेकिन संदेश (भारतीय कहानियां) बड़ा (मेगा) रूप ले रहा है।

सम्मेलन की शुरुआत ऑस्कर पुरस्कार विजेता एम एम केरावानी द्वारा तैयार ऋग्वेद की एक ऋचा पर आधारित धुन के साथ हुई। समारोह में श्रेया घोषाल और कुछ अन्य गायकों ने भी प्रस्तुति दी।

इस मौके पर अभिनेता शाहरुख खान ने सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन में अनुपम खेर, हेमा मालिनी, मोहनलाल, रजनीकांत, कार्तिक आर्यन, एस एस राजामौलि और अनिल कपूर समेत कुछ फिल्मी हस्तियों ने संक्षिप्त भाषण दिए और भारतीय प्रतिभाओं के लिए वैश्विक मंच बनाने की प्रधानमंत्री की सोच को सराहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल सामग्री, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव प्रस्तुतियों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है, वेव्स में वैश्विक प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने की क्षमता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रचनात्मक क्षेत्र के लोगों के साथ दृढ़ता से खड़ी है और 'स्किल इंडिया' जैसी पहल और 'वेव्स' जैसे वैश्विक मंचों के माध्यम से उनका समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा कि 'वेव्स' केवल शब्द-संक्षेप नहीं है; यह संस्कृति, रचनात्मकता, फिल्म संगीत, गेमिंग, कहानी कहने की शैली की एक लहर है।

मोदी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन पहले ही क्षण से दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है।

# भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी-वाघा सीमा पूरी तरह बंद

**नयी दिल्ली,** (भाषा) पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर केंद्र सरकार द्वारा अल्पकालिक वीजा वाले सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिए जाने के बाद दोनों देशों के बीच अटारी-वाघा सीमा पारगमन स्थल को बृहस्पतिवार को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इसे सीमा पार करने के लिए एक सप्ताह तक चली लोगों की भारी आवाजाही के बाद बंद किया गया है। दो सूत्रों ने पुष्टि की है कि अटारी-वाघा सीमा पारगमन स्थल अब पूरी तरह से बंद कर दिया गया है तथा बृहस्पतिवार को दोनों देशों से कोई भी व्यक्ति सीमा पार कर दूसरे देश में नहीं गया। बुधवार को अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से कुल 125 पाकिस्तानी नागरिक भारत से वापस पाकिस्तान चले गए, जिससे पिछले सात दिनों में देश छोड़ने वाले पाकिस्तानियों की कुल संख्या 911 हो गई। बुधवार को पाकिस्तानी वीजा वाले 15 भारतीय नागरिक भी पाकिस्तान चले गए, जिससे ऐसे लोगों की कुल संख्या 23 हो गई।

इसी प्रकार दीर्घकालिक भारतीय वीजा वाले 152 भारतीय नागरिक और




73 पाकिस्तानी नागरिक पंजाब के अमृतसर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके भारत में प्रवेश कर चुके हैं, जिससे ऐसे लोगों की कुल संख्या क्रमशः 1,617 और 224 हो गई है।

केंद्र ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों (जिनमें अधिकतर पर्यटक थे) की हत्या के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को 'भारत छोड़ने' का आदेश दिया था।

दक्षेस वीजा रखने वालों के लिए भारत से बाहर जाने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल थी जबकि मेडिकल वीजा रखने वालों के लिए अंतिम तिथि 29 अप्रैल थी। अन्य 12 श्रेणियों के वीजा के लिए अंतिम तिथि 27 अप्रैल थी। ये वीजा आगमन पर तथा व्यवसाय, फिल्म, पत्रकार, पारगमन, सम्मेलन, पर्वतारोहण, छात्र, आगंतुक, समूह पर्यटक, तीर्थयात्री और समूह तीर्थयात्रियों के लिए थे।

नयी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में तीन रक्षा/सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को 23 अप्रैल को अवांछित घोषित कर दिया गया और उन्हें भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। इन रक्षा अताशे के पांच सहायक कर्मचारियों को भी भारत छोड़ने के लिए कहा गया।

भारत ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा अताशे को भी वापस बुला लिया। हालांकि दीर्घकालिक, राजनयिक या आधिकारिक वीजा रखने वालों को 'भारत छोड़ने' के आदेश से छूट दी गई थी। सूत्रों ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि कुल 125 पाकिस्तानी नागरिक 30 अप्रैल को अटारी-वाघा पारगमन स्थल के माध्यम से भारत छोड़ गए; 10 राजनयिकों सहित कुल 94 पाकिस्तानी नागरिक 29 अप्रैल को भारत छोड़ गए;

# जातिगत गणना: सरकार ने 'हैडलाइन' तो दे दी लेकिन 'डेडलाइन' नहीं दी: कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा

**नयी दिल्ली,** (भाषा) कांग्रेस ने आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले की घोषणा के बाद बृहस्पतिवार को सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ''डेडलाइन बताये बिना हैडलाइन बनाने में माहिर हैं''।

कांग्रेस ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग के मद्देनजर जाति आधारित गणना पर सरकार के फैसले को ''ध्यान भटकाने का हथकंडा'' बताया।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस फैसले को लेकर कई सवाल उठते हैं, खासकर सरकार की मंशा पर। उन्होंने पूछा कि जनगणना कराने की ''समय सीमा क्यों नहीं बताई गई।'' पार्टी के 24, अकबर रोड स्थित कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए रमेश ने कहा कि वह ''डेडलाइन (समय सीमा) बताये बिना हैडलाइन (खबर का शीर्षक) बनाने में माहिर हैं'' रमेश ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जाति आधारित गणना पर सहमति जताना उसकी ''नैतिक और राजनीतिक हार'' को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पहले दिन से ही जाति आधारित गणना के सख्त खिलाफ रहे हैं। यही कारण है कि कल राहुल गांधी ने कहा कि यह अचानक हुआ घटनाक्रम है।''

रमेश ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने अपना सबसे बड़ा 'यू-टर्न (रुख बदलना)' ले लिया है, उन्होंने जीएसटी, आधार, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा अधिनियम पर 'यू-टर्न' लिया था और अब उन्होंने जाति आधारित गणना पर भी 'यू-टर्न' ले लिया है। अब हमें पता चला कि (बिहार के मुख्यमंत्री) नीतीश कुमार को 'यू-टर्न' लेने की आदत कहां से लगी, 'यू-टर्न' की जुगलबंदी है। 'यू-टर्न' लेने में प्रधानमंत्री जैसा कोई दूसरा नहीं है।'' उन्होंने कहा कि देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा पहलगाम हमला है।



रमेश ने कहा, ''सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि हम आतंकवाद से कैसे निपटें और आतंकवादी हमले के षडयंत्रकर्ता को क्या जवाब दिया जाए। केवल यही मुद्दा है, बाकी सभी चीजें महत्वपूर्ण हैं और उनका समय आएगा लेकिन मुख्य मुद्दा यह है... आप पाकिस्तान को क्या जवाब देंगे, पीड़ित परिवारों को क्या न्याय देंगे।'' उन्होंने कहा, ''मैं सोच रहा था कि मोहन भागवत (आरएसएस प्रमुख) की उनसे मुलाकात, सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) और राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) की बैठक का आयोजन पहलगाम हमले के संदर्भ में है। मैं इससे (जाति आधारित गणना के निर्णय से) पूरी तरह आश्चर्यचकित हूं। मैं कभी कल्पना भी नहीं कर सकता था कि वह ऐसा करेंगे और इसी के कारण मुझे संदेह है कि यह हैडलाइन में जगह बनाने के लिए है और ध्यान भटकाने का हथकंडा है।''

आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने की मांग करते हुए रमेश ने पूछा कि मोदी सरकार को ऐसा करने से कौन रोक रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि संविधान में संशोधन किया जाना चाहिए और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना तभी सार्थक होगी जब ऐसा किया जाएगा। उन्होंने सरकार से अनुच्छेद 15(5) को लागू करने का भी आग्रह किया, जो निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण से संबंधित है।

रमेश ने दिसंबर 2019 की एक मंत्रिमंडल बैठक की प्रेस विज्ञप्ति का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8,254 करोड़ रुपये की लागत से 2021 में भारत की जनगणना कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि उस प्रेस विज्ञप्ति में जाति आधारित गणना का कोई उल्लेख नहीं था। कांग्रेस नेता ने कहा, ''हर कोई जानता है कि जनगणना नहीं हुई है और छह साल बीत चुके हैं। हैरानी की बात है कि सकार ने कल इसकी घोषणा की।'' रमेश ने सरकार से जातिगत जनगणना के लिए देश के सामने एक रूपरेखा प्रस्तुत करने का आग्रह किया। उन्होंने दावा किया कि 2025-26 के बजट में जनगणना आयुक्त के कार्यालय को केवल 575 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### भाजपा नीत सरकार 'श्रमिक विरोधी', अमीर कॉरपोरेट कंपनियों के पक्ष में काम कर रही : खरगे

बेंगलुरु, (भाषा) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर ''श्रमिक विरोधी'' होने का आरोप लगासया और कहा कि वह अमीर कॉरपोरेट और निजी कंपनियों के पक्ष में काम कर रही है। उन्होंने यहां बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) द्वारा आयोजित मजदूर दिवस समारोह में श्रमिक वर्ग से अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होने तथा खुद और अपने बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया। खरगे ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "केंद्र की यह सरकार मजदूर विरोधी है।


डॉ. नंद किशोर गर्ग, संस्थापक और मुख्य सलाहकार; श्री विनीत कुमार लोहिया, अध्यक्ष; प्रबंधन बोर्ड के सभी सदस्य, निदेशक, डीन, संकाय और कर्मचारी के तत्वावधान में

महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एवं महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज़
के मुख्य परिसर में आयोजित

दीक्षांत समारोह - 2025

के अवसर पर आपकी सम्मानीय उपस्थिति की प्रार्थना करते हैं

शुभाशीष
महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज

सान्निध्य
डॉ. नंद किशोर गर्ग
संस्थापक एवं मुख्य सलाहकार, महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी
माननीय कुलाधिपति, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश

मुख्य अतिथि
प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा
माननीय कुलपति, गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी
पद्म श्री से सम्मानित, राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा डॉ. बी. सी. रॉय पुरस्कार विजेता

समारोह की अध्यक्षता
श्री विनीत कुमार लोहिया
अध्यक्ष, महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी

तिथि और समय
2 मई 2025
11:00 पूर्वाह्न

कार्यक्रम का स्थान
महाराजा अग्रसेन सभागार
सेक्टर 22,
रोहिणी, दिल्ली -86

दीक्षांत समारोह के बाद भोजन की व्यवस्था

महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी

श्री सुन्दर लाल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष | श्री टी. आर. गर्ग, महासचिव | श्री मोहन गर्ग, संयुक्त महासचिव | श्री रजनीश गुप्ता, संयुक्त महासचिव | श्री संजीव गोयल, संयुक्त महासचिव | श्री आनंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष | श्री विवेक गर्ग, सह-कोषाध्यक्ष






SMC Global Securities Ltd | CIN : L74899DL1994PLC063609 | Registered Office: 11/6B, Shanti Chamber, Pusa Road, Delhi-110005. | Tel +91-11-30111000 | Compliance Officer: Mr. Vikas Sethi | Tel +91-11-30111000 Extn. 340 | Email:-vikassethi@smcindiaonline.com | Customer Care Email –smc.care@smcindia-online.com | Complaint Email –igc@smcindiaonline.com | website: www.smctradeonline.com

SEBI Reg. No. INZ000199438, Member: NSE (07714), BSE (470), MSEI (1002), MCX (8200) & NCDEX (00021). DP SEBI Regn. No. CDSL/NS-DL-IN-DP-130-2015, SMC Research Analyst Registration- INH100001849, Mutual Funds Distributor ARN No. 29345. • Insurance services are offered through SMC Insurance Brokers Pvt. Ltd. IRDAI Regn. No: DB 272/04 License No. 289 Valid upto 27/01/2026. • Real Estate Advisory services are offered through SMC Real Estate Advisors Pvt. Ltd.

Disclaimer: Investment in securities market are subject to market risks. Read all the related documents carefully before investing. Mutual Fund investments are subject to market risks. Read all scheme related documents carefully. PMS is not offered in commodity derivative segment. Insurance is the subject matter of solicitation. Registration granted by SEBI and certification from NISM in no way guarantee performance of the intermediary or provide any assurance of returns to investors. Past performance should not be taken as an indication or guarantee of future performance, and no representation or warranty, express or implied, is made regarding future performance. The price, value of and income from any of the securities or financial instruments mentioned in this report can fall as well as rise.

# अरबिंदो कॉलेज ने मजदूर दिवस पर सफाईकर्मी व सुरक्षा गार्ड को उनकी बेहतर सेवाओं के लिए सम्मानित किया

## श्री अमित कुमार व श्री नरेश कुमार को प्राचार्य ने किया सम्मानित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज ने मजदूर दिवस के अवसर पर कॉलेज के सफाईकर्मियों व सुरक्षागार्ड को उनके द्वारा दी जा रही बेहतर सेवाओं के लिए प्राचार्य प्रोफेसर अरुण चौधरी ने सुरक्षागार्ड श्री नरेश कुमार व सफाईकर्मी श्री अमित को पुष्पगुच्छ एवं सराहना प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि हर रोज संस्थान को स्वच्छ रखना व उसकी सुरक्षा करने वालों को सम्मान देना हमारा नैतिक दायित्व बनता है । उन्होंने कहा कि हम इनके भरोसे पर रहते हैं जिनका अपने परिवार की तरह संस्थान से लगाव है । प्रो. अरुण चौधरी ने बताया कि आज का दिन हम सबके लिए खास है क्योंकि 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में दुनिया भर में मनाया जाता है। यह दिन उन लोगों के लिए समर्पित है जिन्होंने दुनिया व देश के निर्माण में कड़ी मेहनत कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मजदूर, श्रमिक, कामगार दुनिया के हर एक देश में प्रत्येक समाज का मेरुदंड हैं। उन्होंने बताया कि मजदूर भी हम सबकी तरह मनुष्य है जो अपने हुनर से समाज में बेहतर कार्यकर एक अलग पहचान बनाता है । प्रो. चौधरी ने बताया कि मजदूरों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने व उनको अधिकार दिलाने में डॉ.भीमराव अंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं । प्रारंभ से ही मजदूर संघर्षरत रहा है , इतिहास साक्षी है कि समतापूर्ण समाज के निर्माण के लिए मजदूरों ने सदैव बलिदान दिया है , चाहे वह देश का स्वतंत्रता संग्राम हो या स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया हो , मजदूर वर्ग के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता । उन्होंने यह भी बताया कि डॉ. अम्बेडकर ने ही महिला श्रमिकों के लिए मातृत्व अवकाश का प्रावधान किया , महिला श्रमिक कल्याण कोष , महिला एवं बाल श्रम संरक्षण अधिनियम जैसे कई कानून बनाएं , सन 1936 में मजदूरों के लिए इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी का गठन किया व 12 -14 घन्टें के स्थान पर 8 घन्टे काम करने का प्रावधान कराया । इसके अलावा उनके द्वारा मजदूर हितों के लिए किए गए कार्यों को सम्पूर्ण राष्ट्र याद करता है । उन्होंने यह भी बताया कि मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे को खड़ा नहीं किया जा सकता क्योंकि बिना मजदूरों के निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती।हर व्यक्ति जो किसी व्यक्ति या संस्था के लिए काम कर रहा है और उसके बदले वह पैसे लेता है वह मजदूर की श्रेणी में आता है। देशभर में आज के दिन मजदूर दिवस को अंतरराष्ट्रीय तौर पर पूरी दुनिया मनाती है जिससे कि सभी मजदूरों को उनके कामों व मेहनत के प्रति उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके और मजदूर संगठनों को बढ़ावा दिया जा सके। यह दिन दुनिया भर के मजदूरों व श्रमिक वर्ग को समर्पित होता है साथ ही जागरूकता फैलाने का काम भी करता है ।

**हर दिवस मनाने की कोशिश**

प्रो. चौधरी ने बताया है कि कॉलेज की कोशिश रहती है कि हम अपने शिक्षकों , छात्रों व कर्मचारियों को उनकी उपलब्धियों को उत्साह-पूर्वक मनाये ताकि वे भविष्य में भी उत्साहपूर्ण तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभाएं । इसीलिए इस दिवस को मनाने का सबसे बड़ा कारण श्रमिकों की उपलब्धियों का जश्न मनाना,उनके शोषण के विषय में जागरूकता फैलाना है तथा साथ ही उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है । कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना , राष्ट्रीय कैडेट कोर , पाखी , नवोन्मेष , पृथ्वी , इनेक्ट्स , मोक्ष , खोज व महक आदि संस्थाओं द्वारा छात्रों एवं नागरिकों को समय- समय पर सेमिनार के माध्यम से जागरूक किया जाता है ।

# संगठन की मजबूती को लेकर कांग्रेस ने किया बैठक का आयोजन




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुरादाबाद। कुन्दरकी नगर कांग्रेस कमेटी दुआरा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत नवयुक्त जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर का स्वागत किया गया। जिसमें संचालन नगर अध्यक्ष शौकत अली ने ओर अध्यक्षता चौधरी अहसान खान ने की। ओर मुख्य अतिथि श्री विनोद गुम्बर जी रहे। संगठन सृजन मैं अपने विचार रखते हुए जिला महासचिव चौधरी अहसान ने कहा हम सब कांग्रेस को मजबूत करने का प्रण लेते है। जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर जी ने अपने संबोधन मैं। कहा कि हम संगठन सृजन कार्यक्रम राहुल गांधी जी युवाओ को आगे लाने चाहते है।इसलिए जिला ब्लॉक व नगर पंचायत और मण्डल अध्यक्ष का विस्तार करंगे। ओर ज्यादा से ज्यादा युबाओ को संगठन में जोडेंगे संगठन सृजन कर्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कुन्दरकी चौधरी दाऊद खान,पूर्व महासचिव अशरफ अली ,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश पाल,नासिर सलमानी, सुरेंद्र सिंह जाटव, इरफान खान,अकरम शेख,शाकिर कुरेशी, मुनाजिर, आदिल रहमान, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मौरंग से लड़ा ट्रक पलटा, बाइक सवार युवक की मौत



**नेशनल एक्सप्रेस**

रायबरेली - प्रशासनिक उदासीनता, जिम्मेदारों की मनमानी से ओवरलोड डंपर यमराज बनकर घूम रहे हैं ।लालगंज में ओवरलोड मौरंग का डंपर पलटने से उसके नीचे दबकर युवक की मौत हो गई । यह हादसा आज सुबह साढ़े चार बजे हुआ है । हादसे की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह चौकी इंचार्ज अमरेश द्विवेदी मय फोर्स मौके पर पहुंचे और दबे हुए युवक को निकालने में जुट गए।

लेकिन पुलिस ट्रक के नीचे दबे हुए युवक को करीब दो घंटे बाद भारी मशक्कत के बाद निकाल पाई, तब तक युवक की मौत हो चुकी थी । कोतवाली क्षेत्र के राजपति नगर मजरे धनाभाद निवासी नितिन कुमार पुत्र राजेश कुमार धानुक टेंट हाउस में काम करता है। सुबह 4 बजे के करीब वह अपने अन्य साथियों के साथ बाइक से वापस लौट रहा था।

तभी रायबरेली लालगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास वह अपने अन्य साथियों को मोटरसाइकिल से उतर कर अकेले ही निकलने लगा ।लेकिन तभी सामने से आ रहा ट्रक पलट गया और उसके नीचे वह दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई । बताते है कि मृतक युवक ने अपने अन्य दो साथियों को बाइक से उतार दिया था अन्यथा वह भी दुर्घटना का शिकार हो जाते।

कोतवाल ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । वही पलटे ट्रक को निकालने की व्यवस्था की जा रही है। वही रेलवे गेट के पास ट्रक पलटने से लालगंज की सभी सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पाए हैं । युवक की मौत से क्षेत्रीय नागरिकों में बहुत आक्रोश है, यह आक्रोश सोशल मीडिया पर भी देखने को मिला ।क्रासिंग के पास ही पीडब्ल्यूडी द्वारा नाले का निर्माण हो रहा है, निर्माण कार्य में अनियमितताओं की वजह से भी यातायात में दिक्कतें आ रही हैं, लोगों का कहना था कि दिन में कार्य न करके दुर्घटना को टाला जा सकता था।

### लोग अपने प्रांत, जिले और मूल ग्राम से जुड़े रहकर विकास में सहभागी बनें:राज्यपाल

जयपुर (भाषा) राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राज्यों के निवासियों से अपने प्रांत, जिले और ग्राम से निरंतर लगाव रखने, जड़ों से जुड़े रहने और स्थानीय विकास में भूमिका निभाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने राजभवन में बृहस्पतिवार को गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरे राज्यों के लोग राजस्थान में नौकरी की वजह से आते हैं, लेकिन राजस्थान के उद्यमियों ने दूसरे राज्यों में जाकर उद्योग-धन्धे स्थापित कर राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महती भूमिका निभाई है । बागडे ने इस दौरान इन राज्यों के स्थानीय निवासियों से संवाद कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

बागडे ने गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और हिमाचल के इतिहास और संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि यहां के निवासी जहां भी रहें, उन्होंने अपनी परम्पराओं को कायम रखा है । उन्होंने कहा, भारत विविधता में एकता की संस्कृति वाला राष्ट्र है । राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को व्यवहार में सफल होते हम देख सकें । इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने ओडिशा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए वहां की संस्कृति और राजस्थान में ओडिशा वासियों के योगदान की चर्चा की।

# समाज सेवा में महिला सशक्तिकरण की जगाएंगी अलख

## डॉ क्षिप्रा को अध्यक्ष बनने पर शिक्षा जगत की बधाई



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

लायंस क्लब कोटा टेक्नो के आगामी सत्र की अध्यक्ष घोषित होने पर शिक्षा जगत से जुड़े लोगो ने बुधवार को उनके निवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं प्रेषित की । इस अवसर पर मोदी ग्रुप के चेयरमैन सुशील मोदी , व्याख्याता सुषमा अग्रवाल , नोटरी संजय प्रधान , डॉ सबरीना अंसारी , माँ भारती से चेयरमैन दिनेश विजय , निदेशिका पुष्पांजलि विजय सहित कई शिक्षाविदों ने बधाई दी । डॉ क्षिप्रा ने इस अवसर पर कहा कि वे महिला सशक्तिकरण व विकास के लिए नवाचार करेंगी । उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं व सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देकर बढ़ावा दिया जाएगा व सोशल मीडिया के माध्यम से इन जीवन गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा ।

# 5.45 लाख पात्र आयुष्मान कार्ड पाने से वंचित

**नेशनल एक्सप्रेस**

- गांवों में लोग गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कराते हुए आवेदन करते हैं। किसी का कार्ड पेंडिंग में चला जा रहा है तो किसी का रिजेक्ट हो जा रहा है

रायबरेली। जिले में 14.70 लाख लोगों को पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा देने के लिए चुना गया है। हालांकि इसमें अब तक 5.45 लाख लोगों को गोल्डन कार्ड नहीं मिले हैं। इसमें 45 हजार से अधिक लोगों के गोल्डन कार्ड के आवेदन पोर्टल में ही फंसे हैं। अब तक जिले में 60 हजार लोगों को ही कैशलेस इलाज का लाभ मिला है। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों के साथ ही 11 निजी अस्पतालों को कैशलेस इलाज की सुविधा देने के लिए चुना गया है।

जिले में गरीबों को समुचित इलाज की सुविधा देने के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना संचालित की गई है। योजना के तहत जिले में 14.70 लाख गरीबों को पांच लाख से अधिक की कैशलेस इलाज की सुविधा दी जानी है। अब तक जिले में 9.25 लाख गरीबों को गोल्डन कार्ड मिल सके हैं, जबकि 14.70 लाख गरीबों को गोल्डन कार्ड मिलना है। तमाम प्रयासों के बाद भी शत प्रतिशत पात्रों को कार्ड नहीं मिल सके हैं।

गांवों में लोग गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कराते हुए आवेदन करते हैं। इनमें से किसी का कार्ड पेंडिंग में चला जा रहा है तो किसी का रिजेक्ट हो जा रहा है। पेंडिंग व रिजेक्ट की दशा में दोबारा आवेदन भी नहीं हो पा रहा है। जिला मुख्यालय पर संशोधन की सुविधा न होने के कारण गरीबों को भटकना पड़ रहा है।

रोजाना लोग शिकायत लेकर सीएमओ कार्यालय पहुंच रहे हैं। यहां भी उनकी समस्या दूर नहीं हो पा रही है।

शिकायतों को लखनऊ मुख्यालय रेफर कर दिया जाता है। निदेशालय के स्तर से पेंडिंग व रिजेक्ट डाटा पोर्टल से न हटाए जाने के कारण गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए लोग दोबारा आवेदन भी नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में तमाम मरीज, जिन्हें अपना इलाज करवाना है वो गोल्डन कार्ड न बन पाने के कारण परेशान हैं।

> जिले में अधिक से अधिक गोल्डन कार्डधारकों को कैशलेस इलाज का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है । सभी सीएचसी में गोल्डन कार्ड बनाने का काम चल रहा है । 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग अपने मोबाइल से भी आवेदन करके गोल्डन कार्ड बनवा सकते हैं।
> डॉ. नवीनचंद्रा, सीएमओ

# सीडीओ ने राजकीय प्रशिक्षण केन्द्र कौशल विकास संस्थान व आई०टी०आई० का किया निरीक्षण



**नेशनल एक्सप्रेस**

रायबरेलीः मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने जनपद में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अन्तर्गत संचालित राजकीय प्रशिक्षण केन्द्र कौशल विकास संस्थान का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने संस्थान में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों से वार्ता कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान कौशल विकास संस्थान के सीईओ ए०एम० त्रिपाठी, प्रिंसिपल योगेन्द्र मिश्रा, जिला समन्वयक विवेक कुमार तिवारी, एमआईएस प्रबंधक राजीव कुमार सिंह, धर्मेन्द्र मिश्रा एवं अन्य उपस्थित रहे।

इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोरा बाजार रायबरेली का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने आईटीआई में कराई जा रही ट्रेनिंग के साथ-साथ परिसर में संचालित टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड में चल रही ट्रेनिंग का भी विस्तार पूर्वक जानकारी ली गयी।

निरीक्षण के दौरान नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई रायबरेली विवेक कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य आईटीआई बछरावां अभिषेक, प्रधानाचार्य आईटीआई ऊँचाहार पवन कुमार मिश्रा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अन्त में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कौशल प्रशिक्षण और अधिक प्रभावी तरीके से सिखाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# सुमन देवी गोयल की आँखों से दो नेत्रहीन देखेंगे दुनिया

**नेशनल एक्सप्रेस**

- परिवार ने माँ का नेत्रदान कराने की इच्छा प्रकट की
- उनके नेत्रदान से दो लोगों को रोशनी मिल सकेगी



मथुराः गोपाल बाग,कम्पू घाट,मथुरा निवासी धर्मपरायण सुमन देवी गोयल निधन के बाद दो लोगों की दुनिया रोशन कर गई ' उनके नेत्रदान से दो लोग दुनिया को देख सकेंगे '

जानकारी के अनुसार कम्पू घाट स्थित गोपाल बाग निवासी सुमन देवी पत्नी स्व.कार्ष्णि चंद्र शेखर गोयल मुनीम का निधन हो गया ' गोयल परिवार ने इसकी सूचना डॉ अशोक अग्रवाल एवं विकलांग सहायता संस्था को दी ' परिवार ने माँ का नेत्रदान कराने की इच्छा प्रकट की ' इस पर डॉ अशोक अग्रवाल,विकलांग सहायता संस्था के सचिव प्रेम शंकर अग्रवाल,डॉ श्रॉफ आई हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी सीपीमैसी,डॉसूफियानदानिश,प्रभारी वरिष्ठ सलाहकार ( ब्रज हेल्थ केयर,डॉ श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट,वृंदावन) टेक्निसियन रोशन सिंह, कुलदीप शर्मा ( कार्यालय प्रमुख) उनके गोपाल बाग निवास पर पहुंचे और उनके नेत्रदान के संकल्प को पूर्ण कराया' उनके नेत्रदान से दो लोगों को रोशनी मिल सकेगी ' विकलांग सहायता संस्था के सहयोगी, समाजसेवी योगेन्द्र गोयल ट्रेजरी वाले,नारायण हरि गोयल सम्मि,अभिषेक गोयल एवं अन्य उपस्थित लोगों ने नेत्रदान अभियान की प्रशंसा की और लोगों को इससे जुड़ने की अपील की '

# आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का मामलाः कार्रवाई नहीं होने पर अदालत ने पुलिस से जवाब मांगा

जबलपुर (भाषा) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने पुलिस से स्पष्टीकरण मांगा है कि दो महीने पहले सिवनी जिले में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के मामले में अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

मुख्य न्यायाधीश एसके कैत और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने सिवनी कलेक्टर और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर घटना के संबंध में उनसे जवाब मांगा है।

अदालत एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 10 फरवरी को प्रतिष्ठित समाज सुधारक और संविधान निमार्ता डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने की घटना में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

पीठ ने आदेश दिया कि प्रतिवादियों--सिवनी के पुलिस अधीक्षक और सिवनी के धूमा थाने के प्रभारी द्वारा एक हलफनामा दायर किया जाए, जिसमें यह बताया जाए कि कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

याचिकाकर्ता के वकील दिनेश उपाध्याय ने बताया कि अदालत ने मामले की सुनवाई सात मई को तय की है, तब तक हलफनामे दाखिल करने होंगे।

अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि कार्रवाई पहले ही की जा चुकी है, तो उस संबंध में हलफनामा धूमा थाने के प्रभारी द्वारा दाखिल किया जाएगा। सिवनी निवासी जितेंद्र अहिरवार द्वारा दायर जनहित याचिका के अनुसार, मूर्ति तोड़े जाने के बाद 10 फरवरी की रात को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# हरियाणा अपने हिस्से के पानी का पहले ही इस्तेमाल कर चुका : पंजाब के मुख्यमंत्री मान का दावा

चंडीगढ़ (भाषा) पंजाब और हरियाणा के बीच लंबे समय से चले आ रहे जल बंटवारे के विवाद को लेकर बढ़ते तनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पड़ोसी राज्य को और पानी नहीं देगी। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा अपने हिस्से का पानी पहले ही इस्तेमाल कर चुका है।

मान ने बृहस्पतिवार को रूपनगर जिले में नांगल बांध का दौरा किया, जहां राज्य सरकार में मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने ह्यआपह्न के कार्यकताओं के साथ धरना दिया।

बैंस ने दावा किया कि उन्होंने नांगल बांध पर उस कमरे को बंद कर दिया, जहां से पानी की आपूर्ति नियंत्रित होती है।



पंजाब और हरियाणा के बीच जल बंटवारे को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया क्योंकि आप सरकार ने अपने भाजपा शासित पड़ोसी राज्यों को और अधिक पानी देने से इनकार कर दिया।

यह मामला तब और बढ़ गया जब बुधवार को भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) ने यहां आयोजित एक बैठक के दौरान हरियाणा को 8,500 क्यूसेक पानी छोड़ने का फैसला किया।

हरियाणा को पानी छोड़ने का फैसला बीबीएमबी के कदम पर पंजाब सरकार द्वारा कड़ी आपत्ति जताने के बावजूद लिया गया।

पंजाब सरकार ने दावा किया कि पड़ोसी राज्य पहले ही अपने आवंटित हिस्से का 103 प्रतिशत पानी इस्तेमाल कर चुका है।

मान ने नांगल बांध पर मीडिया को संबोधित करते हुए जल बंटवारे के विवाद को ह्यबहुत गंभीरह्न मुद्दा बताया और दावा किया कि पंजाब पहले से ही जल संकट का सामना कर रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में भाखड़ा, पोंग और रंजीत सागर बांधों में जल स्तर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कम है।

मान ने बुधवार को हुई बीबीएमबी की बैठक का हवाला देते हुए भाजपा शासित हरियाणा और राजस्थान पर ह्यगुंडागर्दीह्न व ह्यतानाशाहीह्न करने के अलावा हरियाणा को अधिक पानी देने के निर्णय पर पहुंचने के लिए मिलीभगत करने का आरोप लगाया। मान ने कहा, वे (हरियाणा और राजस्थान) पंजाब को दरकिनार करके पानी कैसे ले सकते हैं? हमने (उस फैसले पर) हस्ताक्षर नहीं किए। मान ने यह भी दावा किया कि हरियाणा के अधिकारियों ने पहले ही स्वीकार कर लिया है कि उन्होंने मार्च तक राज्य के हिस्से का पानी इस्तेमाल कर लिया है।

मान ने कहा, पानी की एक बूंद भी नहीं दी जाएगी। हमारे पास पानी नहीं है। हमसे पानी की उम्मीद मत करो।

# उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' के थल सेना और वायु सेना बेड़ों को परिचालन मंजूरी मिली



नयी दिल्ली, (भाषा) सरकार ने सेना और वायुसेना के लिए निर्मित उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' के लिए फिर से परिचालन मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर का नौसेना संस्करण अब भी उड़ान नहीं भरेगा।

सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल द्वारा संचालित 330 से अधिक 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर के पूरे बेड़े को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद जनवरी की शुरुआत में उड़ान भरने से रोक दिया गया था।

तटरक्षक बल का एक ध्रुव हेलीकॉप्टर पांच जनवरी को गुजरात के पोरबंदर हवाई अड्डे के रनवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस घटना में दो पायलट समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी। स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित उन्नत लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव 5.5 टन भार वर्ग में दो इंजन वाला बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा अब तक 340 से अधिक ध्रुव हेलीकॉप्टर का उत्पादन किया जा चुका है।

# दिल्ली हाट अग्निकांड की पुलिस ने शुरू की जांच



नयी दिल्ली, (भाषा) दक्षिणी दिल्ली के आईएनए इलाके में स्थित दिल्ली हाट में आग लगने की घटना की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस अग्निकांड में कम से कम 30 दुकानें जलकर खाक हो गईं।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात को लगी आग के कारणों का पता लगाने के लिए कई इलाकों में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जाएगी। इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हमने दिल्ली हाट में आग लगने की घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है और इसके लिए हमने कई टीम गठित की हैं।'' अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन टीम के घटनास्थल पर पहुंचने और प्रतिक्रिया के समय की भी जांच की जा रही है।

अधिकारी ने कहा, ₹हमने फिलहाल इलाके की घेराबंदी कर दी है और किसी को भी बाजार के अंदर जाने की इजाजत नहीं दे रहे हैं। यह जांच का हिस्सा है। हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी को किसी तरह की परेशानी न हो।₹ कई दुकानदार बाजार के बाहर इंतजार करते नजर आए।

आईएनए इलाके के प्रसिद्ध बाजार दिल्ली हाट में भीषण आग लग जाने के कारण 30 से अधिक दुकानें और कई करोड़ रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल के 13 वाहनों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा भी स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। दिल्ली पर्यटन विभाग के अनुसार, आईएनए मार्केट के सामने छह एकड़ में फैले दिल्ली हाट की स्थापना मार्च 1994 में हुई थी।

# दिल्ली में लूट और वाहन चोरी के कई मामलों में चार आरोपी गिर0फ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में लूट और वाहन चोरी के कई मामलों में कथित रूप से शामिल चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को हुई लूट की लगातार दो घटनाओं के बाद यह गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस ने बताया कि पहली घटना में, प्रेम आधार अस्पताल के पास एक किराना दुकानदार को चाकू की नोक पर लूटा गया। चार बाइक सवार बदमाश दुकानदार से नकदी, मोबाइल फोन और किराने का सामान लूटकर फरार हो गए। उसी सुबह प्रशांत विहार इलाके में एक और घटना हुई, जहां एक चाय बेचने वाले को निशाना बनाया गया। चार लोगों ने पीड़ित चाय वाले का बटुआ लूट लिया, जिसमें साढ़े चार हजार रुपये नकद और दस्तावेज थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, "आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें बनाई गईं। 15 किलोमीटर के दायरे में 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज देखे गए। इसके आधार पर शाहिब आलम (24), राहुल कपूर (26), शिवम (24) और सिमरनजीत (22) को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी पहले भी लूट, चोरी और धोखाधड़ी जैसे मामलों में शामिल रहे हैं।"

**न्यायालय सिविल जज सी०डि० चन्दौसी**
**उत्तराधिकार विविध वाद सं0 4 सन् 2025**

राधा रानी बनाम प्रभात गौड़ आदि।
प्रति–
जनता आम विकास नगर मौलागढ़ तहसील चन्दौसी जनपद सम्भल।

राधा रानी पत्नी स्वर्गीय दिनेश चंद्र शर्मा ने अपने पति दिनेश चंद्र शर्मा की मृत्यु के उपरांत पंजाब नेशनल बैंक शाखा पुरानी पैठ (पूर्व में बैंक रोड) चंदौसी में खाता सं0 0094000100170730 में जमा धन राशि की निकासी की वाबत उपरोक्त न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन किया है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 08.05.2025 नियत है। जिस किसी को उपरोक्त के बावत कोई उज्र हो, अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर होकर अपना उज्र पेश करें।

अन्यथा न्यायालय द्वारा उपरोक्त वाद का निस्तारण कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 01.05.2025 को जारी किया गया।

प्रबन्धक
न्यायालय सिविल जज सी0डी0
चन्दौसी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दनकटी चूहा
विकास खंड बहजोई, जिला–सम्भल

पत्रांक–मीमो/ग्रा.पं./विकासकार्य/निविदा/कुटेशन/2025–26 दिनांक 01.05.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **ग्राम पंचायत चन्दनकटी चूहा वि.खं. बहजोई, जनपद सम्भल** में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस, अन्त्येष्टि स्थल एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर एन्द्र निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.05.2025 से 08.05.2025 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी दिन के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 02 बजे खोली जाएगी। स्वीकृत जो निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय–समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी को स्वीकृति के उपरान्त ही किया जाएगा। आपूर्तिकता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.स. | साम्रगी का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट, पोर्टजलैण्ड, व्हाईट सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 2. | बालू रेत/ लोकल रेत | घन मी. | |
| 3. | बजरफुट/बालू रेत | घन मी. | |
| 4. | 20 एमएम बजरी | घन मी. | |
| 5. | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6. | ईंट प्रथम श्रेणी 150 एम | प्रति हजार | |
| 7. | ईंट बालदार एम–275 | प्रति हजार | |
| 8. | सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एमएम सफेट | प्रति नग(एक) | |
| 9. | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वेटर, सीसी टी.वी कैमरा, अलमारी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल आद प्रियुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग(एक) | |
| 10. | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11. | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12. | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति कुन्टल | |
| 13. | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14. | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घन मीटर | |
| 15. | लकडी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घन मीटर | |
| 16. | बाल पेटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17. | दीवार पुताई/समोसम दो कोट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 18. | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19. | सेनेटरी सामग्री | प्रति नग | |
| 20. | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21. | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22. | आयरन ऐंगिल, टीनशैड | प्रति किग्रा. | |
| 23. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 24. | सी.सी. बेंच | प्रति नग | |
| 25. | डस्टबिन/कूड़ा गाडी/सफाई किट/ठेली आदि | प्रति नग | |
| 26. | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27. | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी. | |
| 28. | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29. | पेंट/डिस्टेम्पर | प्रति लीटर | |
| 30. | प्राईमर लोहा लकड़ी | प्रति लीटर | |
| 31. | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32. | हैण्डपम्प रिवोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 33. | समरसेविल पम्प, नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 34. | प्लाईबोर्ड/माइका | प्रति फीट | |
| 35. | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 36. | पी.बी.सी. पाइप, आर.सी.सी.पाइप | प्रति मीटर | |
| 37. | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000ली. | |
| 38. | स्टील वाटर डिस्पेंसर/आर.ओ.शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/प्रति फीट | |
| 40. | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुन्तल | |
| 41. | इलैक्ट्रिकेशन कार्य | प्रति नग | |
| 42. | प्लबिंग | प्रति मीटर/नग | |
| 43. | एम.आर. सेन्टर | प्रति नग/वर्ग मीटर | |
| 44. | इंसीलरेटर | प्रति नग | |
| 45. | ओपनिग जिम उपकरण क्रय | प्रति नग | |
| 46. | वाटर कूलर | प्रति नग | |
| 47. | ह्यूम पाईप | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत चन्दनकटी चूहा विकासखंड बहजोई (सम्भल)

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरखेड़ा सोनक
विकास खंड बहजोई, जिला–सम्भल

पत्रांक–मीमो/ग्रा.पं./विकासकार्य/निविदा/कुटेशन/2025–26 दिनांक 01.05.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **ग्राम पंचायत बरखेड़ा सोनक वि.खं. बहजोई, जनपद सम्भल** में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस, अन्त्येष्टि स्थल एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर एन्द्र निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.05.2025 से 08.05.2025 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी दिन के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 02 बजे खोली जाएगी। स्वीकृत जो निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय–समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी को स्वीकृति के उपरान्त ही किया जाएगा। आपूर्तिकता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.स. | साम्रगी का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट, पोर्टजलैण्ड, व्हाईट सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 2. | बालू रेत/ लोकल रेत | घन मी. | |
| 3. | बजरफुट/बालू रेत | घन मी. | |
| 4. | 20 एमएम बजरी | घन मी. | |
| 5. | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6. | ईंट प्रथम श्रेणी 150 एम | प्रति हजार | |
| 7. | ईंट बालदार एम–275 | प्रति हजार | |
| 8. | सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एमएम सफेट | प्रति नग(एक) | |
| 9. | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वेटर, सीसी टी.वी कैमरा, अलमारी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल आद प्रियुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग(एक) | |
| 10. | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11. | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12. | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति कुन्टल | |
| 13. | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14. | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घन मीटर | |
| 15. | लकडी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घन मीटर | |
| 16. | बाल पेटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17. | दीवार पुताई/समोसम दो कोट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 18. | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19. | सेनेटरी सामग्री | प्रति नग | |
| 20. | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21. | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22. | आयरन ऐंगिल, टीनशैड | प्रति किग्रा. | |
| 23. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 24. | सी.सी. बेंच | प्रति नग | |
| 25. | डस्टबिन/कूड़ा गाडी/सफाई किट/ठेली आदि | प्रति नग | |
| 26. | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27. | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी. | |
| 28. | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29. | पेंट/डिस्टेम्पर | प्रति लीटर | |
| 30. | प्राईमर लोहा लकड़ी | प्रति लीटर | |
| 31. | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32. | हैण्डपम्प रिवोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 33. | समरसेविल पम्प, नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 34. | प्लाईबोर्ड/माइका | प्रति फीट | |
| 35. | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 36. | पी.बी.सी. पाइप, आर.सी.सी.पाइप | प्रति मीटर | |
| 37. | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000ली. | |
| 38. | स्टील वाटर डिस्पेंसर/आर.ओ.शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/प्रति फीट | |
| 40. | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुन्तल | |
| 41. | इलैक्ट्रिकेशन कार्य | प्रति नग | |
| 42. | प्लबिंग | प्रति मीटर/नग | |
| 43. | एम.आर. सेन्टर | प्रति नग/वर्ग मीटर | |
| 44. | इंसीलरेटर | प्रति नग | |
| 45. | ओपनिग जिम उपकरण क्रय | प्रति नग | |
| 46. | वाटर कूलर | प्रति नग | |
| 47. | ह्यूम पाईप | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत बरखेड़ा सोनक विकासखंड बहजोई (सम्भल)

## कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दनकटी मौजा
विकास खंड बहजोई, जिला–सम्भल

पत्रांक–मीमो/ग्रा.पं./विकासकार्य/निविदा/कुटेशन/2025–26 दिनांक 01.05.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **ग्राम पंचायत चन्दनकटी मौजा वि.खं. बहजोई, जनपद सम्भल** में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस, अन्त्येष्टि स्थल एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर एन्द्र निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.05.2025 से 08.05.2025 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी दिन के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 02 बजे खोली जाएगी। स्वीकृत जो निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय–समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी को स्वीकृति के उपरान्त ही किया जाएगा। आपूर्तिकता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.स. | साम्रगी का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट, पोर्टजलैण्ड, व्हाईट सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 2. | बालू रेत/ लोकल रेत | घन मी. | |
| 3. | बजरफुट/बालू रेत | घन मी. | |
| 4. | 20 एमएम बजरी | घन मी. | |
| 5. | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6. | ईंट प्रथम श्रेणी 150 एम | प्रति हजार | |
| 7. | ईंट बालदार एम–275 | प्रति हजार | |
| 8. | सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एमएम सफेट | प्रति नग(एक) | |
| 9. | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वेटर, सीसी टी.वी कैमरा, अलमारी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल आद प्रियुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग(एक) | |
| 10. | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11. | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12. | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति कुन्टल | |
| 13. | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14. | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घन मीटर | |
| 15. | लकडी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घन मीटर | |
| 16. | बाल पेटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17. | दीवार पुताई/समोसम दो कोट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 18. | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19. | सेनेटरी सामग्री | प्रति नग | |
| 20. | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21. | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22. | आयरन ऐंगिल, टीनशैड | प्रति किग्रा. | |
| 23. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 24. | सी.सी. बेंच | प्रति नग | |
| 25. | डस्टबिन/कूड़ा गाडी/सफाई किट/ठेली आदि | प्रति नग | |
| 26. | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27. | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी. | |
| 28. | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29. | पेंट/डिस्टेम्पर | प्रति लीटर | |
| 30. | प्राईमर लोहा लकड़ी | प्रति लीटर | |
| 31. | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32. | हैण्डपम्प रिवोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 33. | समरसेविल पम्प, नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 34. | प्लाईबोर्ड/माइका | प्रति फीट | |
| 35. | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 36. | पी.बी.सी. पाइप, आर.सी.सी.पाइप | प्रति मीटर | |
| 37. | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000ली. | |
| 38. | स्टील वाटर डिस्पेंसर/आर.ओ.शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/प्रति फीट | |
| 40. | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुन्तल | |
| 41. | इलैक्ट्रिकेशन कार्य | प्रति नग | |
| 42. | प्लबिंग | प्रति मीटर/नग | |
| 43. | एम.आर. सेन्टर | प्रति नग/वर्ग मीटर | |
| 44. | इंसीलरेटर | प्रति नग | |
| 45. | ओपनिग जिम उपकरण क्रय | प्रति नग | |
| 46. | वाटर कूलर | प्रति नग | |
| 47. | ह्यूम पाईप | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत चन्दनकटी मौजा विकासखंड बहजोई (सम्भल)

## कार्यालय ग्राम पंचायत श्यौराजपुर
विकास खंड बहजोई, जिला–सम्भल

पत्रांक–मीमो/ग्रा.पं./विकासकार्य/निविदा/कुटेशन/2025–26 दिनांक 01.05.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **ग्राम पंचायत श्यौराजपुर वि.खं. बहजोई, जनपद सम्भल** में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस, अन्त्येष्टि स्थल एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर एन्द्र निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.05.2025 से 08.05.2025 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी दिन के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 02 बजे खोली जाएगी। स्वीकृत जो निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय–समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी को स्वीकृति के उपरान्त ही किया जाएगा। आपूर्तिकता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.स. | साम्रगी का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट, पोर्टजलैण्ड, व्हाईट सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 2. | बालू रेत/ लोकल रेत | घन मी. | |
| 3. | बजरफुट/बालू रेत | घन मी. | |
| 4. | 20 एमएम बजरी | घन मी. | |
| 5. | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6. | ईंट प्रथम श्रेणी 150 एम | प्रति हजार | |
| 7. | ईंट बालदार एम–275 | प्रति हजार | |
| 8. | सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एमएम सफेट | प्रति नग(एक) | |
| 9. | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वेटर, सीसी टी.वी कैमरा, अलमारी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल आद प्रियुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग(एक) | |
| 10. | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11. | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12. | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति कुन्टल | |
| 13. | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14. | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घन मीटर | |
| 15. | लकडी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घन मीटर | |
| 16. | बाल पेटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17. | दीवार पुताई/समोसम दो कोट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 18. | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19. | सेनेटरी सामग्री | प्रति नग | |
| 20. | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21. | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22. | आयरन ऐंगिल, टीनशैड | प्रति किग्रा. | |
| 23. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 24. | सी.सी. बेंच | प्रति नग | |
| 25. | डस्टबिन/कूड़ा गाडी/सफाई किट/ठेली आदि | प्रति नग | |
| 26. | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27. | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी. | |
| 28. | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29. | पेंट/डिस्टेम्पर | प्रति लीटर | |
| 30. | प्राईमर लोहा लकड़ी | प्रति लीटर | |
| 31. | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32. | हैण्डपम्प रिवोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 33. | समरसेविल पम्प, नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 34. | प्लाईबोर्ड/माइका | प्रति फीट | |
| 35. | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 36. | पी.बी.सी. पाइप, आर.सी.सी.पाइप | प्रति मीटर | |
| 37. | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000ली. | |
| 38. | स्टील वाटर डिस्पेंसर/आर.ओ.शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/प्रति फीट | |
| 40. | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुन्तल | |
| 41. | इलैक्ट्रिकेशन कार्य | प्रति नग | |
| 42. | प्लबिंग | प्रति मीटर/नग | |
| 43. | एम.आर. सेन्टर | प्रति नग/वर्ग मीटर | |
| 44. | इंसीलरेटर | प्रति नग | |
| 45. | ओपनिग जिम उपकरण क्रय | प्रति नग | |
| 46. | वाटर कूलर | प्रति नग | |
| 47. | ह्यूम पाईप | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत श्यौराजपुर विकासखंड बहजोई (सम्भल)

## कार्यालय ग्राम पंचायत दिलगौरा
विकास खंड बहजोई, जिला–सम्भल

पत्रांक–मीमो/ग्रा.पं./विकासकार्य/निविदा/कुटेशन/2025–26 दिनांक 01.05.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **ग्राम पंचायत दिलगौरा वि.खं. बहजोई, जनपद सम्भल** में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस, अन्त्येष्टि स्थल एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर एन्द्र निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.05.2025 से 08.05.2025 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी दिन के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 02 बजे खोली जाएगी। स्वीकृत जो निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय–समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी को स्वीकृति के उपरान्त ही किया जाएगा। आपूर्तिकता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.स. | साम्रगी का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट, पोर्टजलैण्ड, व्हाईट सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 2. | बालू रेत/ लोकल रेत | घन मी. | |
| 3. | बजरफुट/बालू रेत | घन मी. | |
| 4. | 20 एमएम बजरी | घन मी. | |
| 5. | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6. | ईंट प्रथम श्रेणी 150 एम | प्रति हजार | |
| 7. | ईंट बालदार एम–275 | प्रति हजार | |
| 8. | सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एमएम सफेट | प्रति नग(एक) | |
| 9. | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वेटर, सीसी टी.वी कैमरा, अलमारी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल आद प्रियुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग(एक) | |
| 10. | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11. | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12. | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति कुन्टल | |
| 13. | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14. | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घन मीटर | |
| 15. | लकडी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घन मीटर | |
| 16. | बाल पेटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17. | दीवार पुताई/समोसम दो कोट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 18. | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19. | सेनेटरी सामग्री | प्रति नग | |
| 20. | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21. | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22. | आयरन ऐंगिल, टीनशैड | प्रति किग्रा. | |
| 23. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 24. | सी.सी. बेंच | प्रति नग | |
| 25. | डस्टबिन/कूड़ा गाडी/सफाई किट/ठेली आदि | प्रति नग | |
| 26. | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27. | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी. | |
| 28. | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29. | पेंट/डिस्टेम्पर | प्रति लीटर | |
| 30. | प्राईमर लोहा लकड़ी | प्रति लीटर | |
| 31. | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32. | हैण्डपम्प रिवोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 33. | समरसेविल पम्प, नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 34. | प्लाईबोर्ड/माइका | प्रति फीट | |
| 35. | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 36. | पी.बी.सी. पाइप, आर.सी.सी.पाइप | प्रति मीटर | |
| 37. | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000ली. | |
| 38. | स्टील वाटर डिस्पेंसर/आर.ओ.शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/प्रति फीट | |
| 40. | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुन्तल | |
| 41. | इलैक्ट्रिकेशन कार्य | प्रति नग | |
| 42. | प्लबिंग | प्रति मीटर/नग | |
| 43. | एम.आर. सेन्टर | प्रति नग/वर्ग मीटर | |
| 44. | इंसीलरेटर | प्रति नग | |
| 45. | ओपनिग जिम उपकरण क्रय | प्रति नग | |
| 46. | वाटर कूलर | प्रति नग | |
| 47. | ह्यूम पाईप | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत दिलगौरा विकासखंड बहजोई (सम्भल)

## विवाहिता की मौत के मामले में सीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षण



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता धनौरा। बुधवार को नगर के मौहल्ला गांधी नगर में विवाहिता ज्योति सैनी पत्नी उमेश सैनी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। विवाहिता के परिजनों ने सुसराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया हुए हंगामा काटा था। पुलिस ने विवाहिता के पिता राम सिंह की तहरीर पर मृतका के पति, ससुर व दो जेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था विवाहिता के परिजनों ने सुसराल पक्ष के लोगों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी। वहीं फोरेंसिक टीम ने भी मौके से महत्वपूर्ण सबूत जुटाए थे। गुरुवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। और मृतका के मायके पक्ष के लोगों से पूछताछ की मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# निवेशक भयमुक्त होकर अमरोहा जनपद में करें निवेश: जिलाधिकारी

### एमओयू के अंतर्गत 61 जीबीसी रेडी परियोजनाओं में से 451 करोड़ की 12 परियोजनाओं पर प्रारम्भ

**वाणिज्यिक संचालन, 5185 लोगों को सृजित हुआ रोजगार : डीएम**

**निवेशक भयमुक्त होकर करें जनपद में निवेश, दी जाएंगी बेहतर सुविधाएं, निवेशकों की बैंकिंग जमीन एनओसी सहित अन्य समस्याओं का कराया जाएगा प्राथमिकता से निस्तारण**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा किये एमओयू एवं निवेश मित्र के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से जानकारी लेकर लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिया। गुरुवार को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान कुल 185 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। जिनमें से 61 एमओयू, जिनकी कुल लागत 2128 करोड़ है, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए चयनित किए गए। इन परियोजनाओं से लगभग 12,064 लोगों को रोजगार सृजित होने की संभावना है। 61 जीबीसी रेडी परियोजनाओं में से 451 करोड़ की 12 परियोजनाओं पर वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है जसके तहत 5185 लोगों को रोजगार सृजित हुआ है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जो निवेशक कार्य आरंभ करने में अनिच्छुक हैं, उनकी समस्याएँ विभागीय स्तर निस्तारण किया जाए विभाग को पत्र लिखा जाए एवं उनका त्वरित समाधान किया जाए। कहा जिन परियोजनाओं का ऑन-ग्राउंड वाणिज्यिक संचालन आरंभ हो चुका है, उनका भौतिक सत्यापन कर पोर्टल पर अपडेट किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेशक भय मुक्त होकर जनपद में निवेश करें उन्हें बेहतर सुविधाएं दी जाएगी। एनओसी जमीन बैंकिंग संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाएगा।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र कुमार जिला आबकारी अधिकारी सहित एमओयू किए जाने वाले अन्य संबंधी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम की निकाली शोभायात्रा, जगह जगह स्वागत



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गजरौला। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा श्री परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में गुरूवार को बुध बाजार स्थित शिव मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। महासभा के अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने शोभायात्रा का नेतृत्व किया। सुबह सात बजे पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ हुई। यहां से खादगूजर तिराहा, आजादनगर, अवंतिकानगर, बस्ती, इंदिरा चौक, फ्लाईओवर, चौपला होते हुए श्री राम मंदिर पहुंची और यहीं से वापस हो गई। लोगों ने अपने घरों से बाहर आकर शोभायात्रा में शामिल भगवान श्री परशुराम, भगवान श्री राम, भगवान शंकर आदि समेत अन्य सभी झांकियो का अवलोकन किया और पुष्पवर्षा से स्वागत किया। शोभायात्रा के साथ बैंड बाजे से भक्ति के स्वर गूंजते रहे। महासभा के अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने भगवान श्री परशुराम के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी और समाज के लोगों से एकजुटता का आह्वान किया।

कहा कि एक दूसरे के सुख दुख में सहयोग करें और अपने महापुरूषों के पद्चिन्हों पर चलें। वहीं शोभायात्रा में सुरक्षा के द्रष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल साथ रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### इको वैन में लगी आग, यात्राओं कूदकर बचाई जान

नेशनल एक्सप्रेस /ओमपाल सिंह/ सैदनंगली। थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी में पेट्रोल पंप के निकट गजरौला से संभल जा रही डग्गामार वैन में अचानक आग लग गई। वैन मैं लगभग दस से अधिक यात्री सवार थे। सभी ने जलती वैन से कूद कर अपनी जान बचाई। आग इतनी भयंकर थी की कुछ ही मिनटो में पूरी वैन जल कर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। राहत टीम के पहुंचने से पहले ही गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी थी। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद वैन में सवार सभी यात्री और चालक मौके से चले गए कुछ समय तक यातायात प्रवाहित रहा पुलिस ने स्थिति को संभाला और यातायात सुचारु कराया थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा के अनुसार पुलिस मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया मामले की जांच की जा रही है



### बिजली बंद कर वक्फ बिल का जताया विरोध

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता ओमपाल सिंह /गजरौला। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर वक्फ संशोधन बिल 2025 के विरोध के क्रम में एआईएमआईएम पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने हिस्सा लिया और 30 अप्रैल की रात को नौ बजे से सवा नौ बजे तक अपने घरों और प्रतिष्ठानों की बिजली 15 मिनट तक बंद रखी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष साजिद अली चौधरी , एससी/एसटी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ.टीपी सिंह, प्रदेश महासचिव हाजी शहजाद खान, निजाम नश्तर, चमन अंसारी, मेहताब शेख, नबीहसन सैफी, जमशेद चौधरी, इरफान सिद्दीकी, साहिल सलमानी, रजा अली सैफी, आदिल अंसारी, फहीम मलिक आदि मौजूद रहे।

### जमीनी विवाद में हुई बुजुर्ग की मौत के मामले में एक और आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/बछरायूं। थाना क्षेत्र के गांव कुआखेड़ा में बीते दिनों जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। मारपीट में अब्दुल सलाम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं उपचार के दौरान अब्दुल सलाम की मौत हो गई थी। जिस मामले में पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक और आरोपी जितेंद्र सिरोही पुत्र अरुण सिरोही को मुबारिक पर खुर्द से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है मामले में अभी और जांच चल रही है।

### खुशी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर सनातन धर्म संस्कृत विद्यालय का नाम किया रोशन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गजरौला। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ बोर्ड का परीक्षाफल बुधवार को जारी हो गया। नगर के सनातन धर्म संस्कृत विद्यालय में पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष में छात्रा खुशी ने सर्वाधिक 76.65 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ ही उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष विज्ञान वर्ग में राखी ने 70.42 प्रतिशत अंक प्राप्त उत्तर मध्यमा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उत्तर मध्यमा कला द्वितीय वर्ग में आलिक उजनिवाल ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने वर्ग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक बसंत सारस्वत ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देकर उत्साहवर्धन किया। छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ.शोभित शर्मा, साधना सारस्वत, राहुल शर्मा, उपासना चौधरी, शशि शर्मा ने भी खुशी जताई।



### ए भाई जरा देख कर चलो, बरेली शहर व सीमाओं के वाहन चालक कृपया ध्यान दें

नेशनल एक्सप्रेस/बरेली। आला हजरत खानदान से जुड़े उर्स-ए-ताजुश्शरिया का आयोजन इस बार चार और पांच मई को किया जाएगा। देशभर से लाखों जायरीन के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। उर्स के दौरान जामियतुर्रजा इस्लामिक सेंटर, मथुरापुर और शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित खानकाह ताजुश्शरिया के आसपास भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने रविवार और सोमवार के लिए ट्रैफिक डायवर्जन लागू करने के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत भारी वाहन और रोडवेज बसों के रूट में बदलाव किया गया है। झुमका तिराहा, रोड नंबर एक परसाखेड़ा और मिनी बाईपास से मथुरापुर की ओर जाने वाले सभी भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। रामपुर और मुरादाबाद से बरेली आने वाले वाहन बड़ा बाईपास होते हुए विलवा, विलयधाम और इन्वर्टिस तिराहा होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर आ सकेंगे। बदायूं की ओर जाने वाले वाहन फरीदपुर, बुखारा मोड़ व रामगंगा तिराहा होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। नैनीताल और पीलीभीत से आने वाले भारी वाहन भी बड़ा बाईपास और इन्वर्टिस तिराहा से होकर बरेली पहुंचेंगे। बदायूं की ओर से आने वाले वाहन रामगंगा तिराहा, बुखारा मोड़ व फरीदपुर होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर जाएंगे। लखनऊ और दिल्ली से आने वाले वाहन भी डायवर्जन रूट से शहर में प्रवेश करेंगे। दिल्ली और रामपुर की ओर से आने वाली रोडवेज बसें झुमका तिराहा, विलवा, डेलापीर व सौ फुटा पूर्वी मार्ग होते हुए सेटेलाइट बस स्टैंड तक जाएंगी और यहीं से वापस लौटेंगी।



## रासेयो व स्वास्थ्य विभाग का संयुक्त शिविर




नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता ओमपाल सिंह

गजरौला। ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं को डिप्थीरिया और टिटनेस के टीके लगाए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम में एएनएम रखशनदा, छाया आत्रेय और आशा शीतल शर्मा तथा एनएसएस प्रभारी प्रभाष कुमार , विद्यालय स्वास्थ्य प्रभारी उमेश कुमार उपस्थित रहे।

इसके साथ साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्र -छात्राओं को गर्मी से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी, कहा कि नियमित रूप से पानी पीते रहें, छाया में रहें।

## श्री वेंकटेश्वरा में बाईनरी एक्रीडियेशन एवं इमोशनल कान्शियेंट विषय पर कार्यशाला संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



अमरोहा। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा में बाईनरी मान्यता एवं इमोशनल कान्शियेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि, वक्ता के रूप में प्रतिभाग करते हुए विख्यात शिक्षाविद एवं संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा राजस्थान के प्रेसिडेंट प्रो.(डा.) करुणेश सक्सेना ने कहा कि बहुत ही शानदार क्रान्तिकारी नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्दर निहित विश्वविद्यालयों एवं उच्च शैक्षिक संस्थानों की गुणवत्ता के नये मापदण्ड ह्यबाईनरी मान्यताह्न के लागू हो जाने से जहाँ एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा, वही दूसरी ओर देश के दूरदराज के इलाकों एवं ग्रामीण अंचल में स्थापित उच्च शैक्षणिक संस्थानों की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. विभाग की ओर से अटल सभागार में आयोजित ह्यबाईनरी एक्रीडियेशन एवं इमोशनल कान्शियेंटह्न विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरी, मुख्य अतिथि संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा राजस्थान के अध्यक्ष प्रो.(डा.) करुणेश सक्सेना, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक डा. नीतू पंवार आदि ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। एकदिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विख्यात शिक्षाविद एवं संगम विश्वविद्यालय राजस्थान के कुलपति प्रो.(डा.) करुणेश सक्सेना ने कहा कि शानदार नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब उच्च शैक्षणिक संस्थानों को पुराने ह्यग्रेडिंग सिस्टमह्न को खत्म कर नयी ह्यबाईनरी मान्यताह्न को लागू किया जा रहा है` जिससे एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा, वही देश के दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा` उन्होंने कहा कि जल्द ही ह्यविश्वविद्यालय अनुदान आयोगह्न (यू.जी.सी.) का अस्तित्व भी खत्म होकर यह ह्यभारतीय उच्च शिक्षा आयोगह्न (एच.ई.सी.आई.) में बदल जायेगा, जो शिक्षा में सुधारों के नये मापदण्ड स्थापित करेगा।

इस अवसर पर डीन एकेडेमिक डा. राजेश सिंह, कार्यक्रम संयोजक एवं निदेशक आई.क्यू.ए.सी. डा. नीतू पंवार, समूह सलाहकार आर.एस.शर्मा, डा. टी.पी. सिंह, डा. सी.पी. सिंह, डा. विश्वनाथ झा, डा. लक्ष्मण सिंह रावत, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. आशुतोष गौतम, डा. मनीष शर्मा, डा. मंजरी राणा, डा. आशुतोष सिंह, डा. अश्विनी सक्सेना, डा. धीरज दुबे, डा. ओमप्रकाश गुसाई, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डा. आरती गुप्ता, डा. ज्योति सिंह, डा. शिल्पा रैना, कुमारी स्मिता चंद्रा, डा. विकास पांडे, डा. राम कुमार, डा.प्रिया, प्रान्शुल सेठी, लोकेश गर्ग, अविनाश सिंह, नागेन्द्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार, श्रीमती दीक्षा चौहान, कुमारी तनु श्री व्यास, डा. पूर्वा बाला, सुश्री पूजा ठाकुर, कुमारी अंजलि ठाकुर, डा. अमित कुमार, हिमानी चौहान, अनुषा कर्णवाल, सुमनदीप कौर, पूजा एरी, हरप्रीत कौर, अखिल कुमार, मारुफ चौधरी, विनीत, अजय, प्रितपाल वैद्य एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदिमौजूद रहे।

## करणी सेना के प्रदर्शन व वक्तव्य से नाराज समाजवादी सैनिक सड़कों पर उतरे

**कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाजवादी पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा**

**करणी सेना द्वारा सांसद रामजी लाल सुमन को लगातार जान से मारने की धमकी, घर पर पथराव आगरा में घेराव कानून व्यवस्था का फेलियर लोकतंत्र पर सवाल**

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को कथित तौर पर करणी सेना की ओर से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इतना ही नहीं, हाल ही में उनके आवास और काफिले पर हमला भी किया गया। इन घटनाओं के विरोध में सपा ने सेठ दामोदर पार्क में धरना दिया और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा कि, ह्लराज्य में आम जनता के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं हैं। हत्या, लूट, महिलाओं पर अत्याचार और दलितों पर हमले जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद रामजी लाल सुमन को पिछले कई दिनों से धमकियां मिल रही हैं और उनके काफिले पर 27 अप्रैल को अलीगढ़ में हमला हुआ, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह संदेश जा रहा है कि अराजक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि पीडीए समाज के लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न और संविधान विरोधी मानसिकता का विरोध जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में आस्था रखने वालों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। धरने में सपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, पूर्व विधायक विजय पाल, इंजीनियर अनीस, डॉक्टर अनीस वेग, अशोक यादव और अन्य शामिल रहे।

## खनन माफिया की फरार्टा भर रही जेसीबी से घायल छात्रा ने अस्पताल में तोड़ा दम

**जेसीबी से घायल हुई इंटर की छात्रा ने नौ दिन बाद तोड़ा दम, 9 दिन से कोमा में थी घायल छात्रा**

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। मामला सीबीगंज थाना क्षेत्र का है जहां पुन्नापुर मार्ग पर 22 अप्रैल को जेसीबी की टक्कर से घायल हुई इंटर की छात्रा शिवानी पाठक की बुधवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। छात्रा बीते नौ दिनों से कोमा में थी। परिजनों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद सीबीगंज पुलिस ने जेसीबी मालिक के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। अब खनन माफिया पीड़ित परिवार को धमकी दे रहा है।लखनऊ-दिल्ली हाईवे से सटे सरदार की कोठी के सामने 22 अप्रैल को तेज रफ्तार जेसीबी ने 18 वर्षीय शिवानी पाठक को टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिवानी को परिजनों ने मिनी बाईपास स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां वह नौ दिन तक जिंदगी और मौत से जूझती रही। बुधवार रात उसने दम तोड़ दिया। मृतका के पिता अरविंद पाठक का कहना है कि उन्होंने घटना की जानकारी सीबीगंज थाना पुलिस को दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बाद में 1076 पर कॉल करने के बाद सीओ पहुंचे और पुलिस से पंचनामा भरवाया। अरविंद पाठक का आरोप है कि जिस जेसीबी मालिक के खिलाफ तहरीर दी गई थी, वही अब उन्हें धमकियां दिलवा रहा है। उन्होंने बताया कि शिवानी होनहार छात्रा थी और उसका सपना था कि वह शिक्षक बने। पिता ने कहा कि जब तक खनन माफिया पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उनकी बेटी की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। गौरतलब है कि सीबीगंज थाना पुलिस खनन गतिविधियों को लेकर पहले भी विवादों में रह चुकी है। कुछ दिन पहले ही एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सीबीगंज इंस्पेक्टर किसानों को खनन माफिया के पक्ष में फटकारते नजर आए थे। अब एक छात्रा की मौत ने खनन माफिया और पुलिस की सांठगांठ पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सैटलाइट रोड स्कार्पियो सवार दबंगों ने किया दो लोगों पर जानलेवा हमला

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। बारादरी थाना क्षेत्र के सैटेलाइट रोड पर मंगलवार की देर शाम दबंग स्कॉर्पियो सवार युवकों ने बाइक सवार दो युवकों को घेरकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में एक युवक को खुली चोटें आईं, जबकि उसका साथी अंदरूनी चोटों से घायल हो गया। मौके पर राहगीरों ने बीच-बचाव कर दोनों की जान बचाई। घटना के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सत्यम बाजपेयी पुत्र ज्ञानेन्द्र बाजपेयी अपने दोस्त विपिन शर्मा पुत्र राजेश शर्मा, निवासी अमरनाथ धाम कॉलोनी के साथ सोमवार शाम सैटेलाइट से सुरेश शर्मा के घर जा रहे थे। जैसे ही दोनों आकाश ढाबा के पास पहुंचे, तभी एक स्कॉर्पियो (यूपी25 डीएच5901), स्प्लेंडर और अपाचे बाइक से पहुंचे करीब दर्जनभर युवकों ने उनकी बाइक को जबरन रोक लिया। बाइक रुकते ही गाड़ियों से उतरे उदित ठाकुर, सचिन ठाकुर, आदित्य, साहिल ठाकुर समेत 6-7 अन्य युवकों ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों के हाथों में डंडे और रॉड थे। सत्यम को सिर व हाथों में गंभीर चोटें आईं, जबकि विपिन को अंदरूनी चोटें लगीं।

## पशु प्रेम की मिसाल : 5 दिन जमीन आसमान एक करने के बाद मिला शालिनी अरोरा का हीरा बेटा

**ये हैं पशु प्रेमी- 5 हजार के बकरे के लिए खर्च किए 25 हजार, तस्करों और पुलिस के छूटे पसीने,तब कहीं जाकर मिला हीरा बेटा**

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली पशुओं के प्रति प्रेम की एक अलग ही दीवानगी देखने को मिली जहां मुंशी नगर निवासी समाजसेवी शालिनी अरोरा ने अपने पालतू बकरे ह्यहीराह्न की चोरी के बाद पूरे जिले में तहलका मचा दिया। चोरी की घटना के बाद उन्होंने अपनी कार से जिले भर के बाजारों में चक्कर लगाकर पशु तस्करों की नाक में दम कर दिया। पांच दिन की लगातार तलाश के बाद बुधवार को बारादरी थाने के बाहर बकरा इस शर्त पर लौटा दिया गया कि वह कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगी। आपको बताते चलें बारादरी के मुंशी नगर निवासी समाजसेवी शालिनी अरोरा ने अपने पालतू बकरे ह्यहीराह्न की चोरी के बाद पूरे जिले में तहलका मचा दिया। चोरी की घटना के बाद उन्होंने अपनी कार से जिले भर के बाजारों में चक्कर लगाकर पशु तस्करों की नाक में दम कर दिया।

पांच दिन की लगातार तलाश के बाद बुधवार को बारादरी थाने के बाहर बकरा इस शर्त पर लौटा दिया गया कि वह कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगी।

### रिठौरा में पशु सेवा आश्रम चलाती हैं शालिनी अरोरा

शालिनी अरोरा रिठौरा के पास स्थित अपने पशु सेवा आश्रम में निराश्रित और घायल जानवरों की देखभाल करती हैं। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व रेस्क्यू कर लाई गई एक बकरी ने आश्रम में बच्चे को जन्म दिया था। डेढ़ वर्ष का यह बकरा शुक्रवार को आश्रम के बाहर खेल रहा था, तभी बाइक सवार दो युवक उसे उठा ले गए। घटना के तुरंत बाद शालिनी ने साथी कार्यकर्ताओं के साथ अपनी कार निकाली और जिले के तमाम कस्बों, बाजारों और गलियों में बकरे की तलाश शुरू कर दी।पांच दिन की तलाश में उन्होंने लगभग 25 हजार रुपये खर्च किए। इस दौरान उन्होंने थाने में शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। खोजबीन के दौरान एक पुलिसकर्मी से उनकी तकरार भी हो गई। बुधवार शाम कुछ पशु व्यापारियों ने शालिनी से संपर्क कर बकरा लौटाने की बात कही, साथ ही यह शर्त भी रखी कि वह किसी के खिलाफ शिकायत नहीं करेंगी। इसके बाद बारादरी थाने के बाहर बकरा शालिनी अरोरा को सौंप दिया गया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### निजी अस्पतालों में हर नवजात को मिलेगा मुफ्त टीकाकरण, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की नई पहल



नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह/चंदौसी। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। अब निजी अस्पतालों में जन्म लेने वाले शिशुओं को भी सरकारी अस्पतालों की तरह मुफ्त टीकाकरण की मिलेगा। इससे नवजातों को टीबी, पोलियो, खसरा जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने में मदद मिलेगी।

गुरुवार को सीएमओ डॉ. तरुण पाठक ने मदर एंड चाइल्ड केयर सेंटर, आशी नर्सिंग होम, पार्थ हॉस्पिटल में इस योजना का शुभारंभ फीता काटकर किया। उन्होंने कहा अच्छा स्वास्थ्य हर बच्चे का अधिकार है। यह पहल उसी अधिकार को सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई ने कहा कि अब निजी चिकित्सक भी स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी जिले को रोगमुक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। यहां डॉ अतुल्य गुप्ता, डॉ स्मिता बंसल, डॉ. हरवेंद्र सिंह, संजीव राठौर, अरशद रसूल, डॉ भरत दुबे, निसार खान, प्रवीन कुमार, डॉ सर्वेश सक्सेना, डॉ वंदना सक्सेना, सतीश सिंह आदि मौजूद रहे।

### यातायात पुलिस ने लोगो को यातायात नियमो की दी जानकारी



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल।चंदौसी गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में यातायात पुलिस के विशेष अभियान के क्रम में सीओ यातायात संतोष कुमार के नेतृत्व में यातायात प्रभारी प्रमोद मान द्वारा कस्बा बबराला, गुन्नौर में 6 अपंजीकृत ई रिक्शाएओ और 2 रोड किनारे खड़े पिकअप वाहन सीज किए गए ।यातायात प्रभारी प्रमोद मान ने इस्लामनगर चौराहा बहजोई, कस्बा बबराला और कस्बा गुन्नौर से अतिक्रमण हटाया तथा रेहड़ी ठेले वालो को अतिक्रमण न करने की हिदायत दी ।व आम जनमानस एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। यातायात नियमों एवं सड़क चिन्हों संबंधी पंपलेट वितरित किए।डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान परवाह जागरूकता ही रक्षा है। सावधानी ही सुरक्षा है। सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा।संभल ट्रैफिक पुलिस की एक नई पहल सुरक्षित चलिए सुरक्षित रहिए। आपका जीवन अनमोल है।यातायात पुलिस के कर्मचारियों द्वारा 2 पहिया वाहनों पर तीन सवारी और बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों तथा चार पहिया वाहन पर बिना सीटबेल्ट लगाए वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया ।

# भाजपाइयों ने बाबा साहब के अपमान को लेकर अखिलेश यादव का पुतला फूंका

**बाबा साहब के इस अपमान के लिये समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को कभी माफ नही करेगे : हरेंद्र रिंकू**

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंदौसी। गुरुवार को मालगोदाम रोड स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए।समाजवादी पार्टी द्वारा भारतरत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के फोटो को आधा काटकर अखिलेश यादव द्वारा अपना फोटो लगाकर जो बाबा साहब जी का अपमान किया है उसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी संभल द्वारा फुब्बारा चौक पर अखिलेश यादव का पुतला दहन किया गया इस घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में बहुत रोष है जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि डॉ बाबा साहब के इस अपमान के लिये समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को कभी माफ नही करेगे।उत्तर प्रदेश की राजनीति में समाजवादी पार्टी के एक पोस्टर के बाद दलित वोट बैंक को लेकर गरमाती दिख रही है।

डॉ भीमराव अंबेडकर और अखिलेश यादव के वाले इस पोस्टर को बाबा साहेब का अपमान है और पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करने करेगी। बीजेपी ने इस मामले में चौतरफा हमला बोल दिया है। योगी सरकार में मंत्री से लेकर सांसद-विधायकों ने इसे बाबा साहेब और उनके अनुयायियों का अपमान बताया। वहीं दूसरी तरफ बीजेपी संगठन की तरफ से गुरुवार पूरे प्रदेश में लखनऊ सहित सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन का ऐलान कर दिया गया है।गुरुवार सुगंधा सिंह, परमेश्वर लाल सैनी,अंकुर अग्रवाल, सतीश अरोरा,सुधीर मल्होत्रा,राखी सिरोही, विनोद कुमार बिन्नी,राजकुमार ठाकरे,राज कुमार यादव,अंकित जैन,योगेंद्र त्यागी,डॉ टी एस पाल,अभिनव शर्मा,नरेंद्र आचार्य,उमेश दिवाकर, संजय सैनी,धारा सिंह,राजेश पाल, रोहित दिवाकर,ऋत्विक सिंह, आकाश आहूजा, तरुण नीरज,संजय बंसल, सावन शर्मा,अमन कोली,यश मदान, शुभम अग्रवाल,ओम शर्मा,मुकेश जाटव, ऋषभ रस्तौगी, आलोक शाक्य, आमोद वार्ष्णेय,अमित वार्ष्णेय,उमेश सैनी, शिव कुमार सैनी आदि उपस्थित रहे।

## शादी में वीडियोग्राफी का काम करने जा रहे हैं दो लोगों की हादसे में मौत

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



सम्भल। चंदौसी के बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद रोड पर थाने के पास पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक शादी व अन्य समारोह में फोटो व वीडियो बनाने का कार्य करते हैं और एक शादी समारोह में फोटोग्राफी करने के लिए चन्दौसी आ रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। वहीं घटना के बाद चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। घटना की तहरीर दिए जाने की तैयारी चल रही थी।जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी के गांव हाथीपुर निवासी अंकुर सैनी 27 वर्ष पुत्र राकेश कुमार अपने साथी ऋ षिपाल 28 वर्ष निवासी गांव नगलिया कामगार थाना एंचोडा कंबोह संभल के साथ शादी व अन्य समारोह में फोटो खींचने का कार्य करते हैं। गुरुवार को दोनों युवक चन्दौसी के गांव मौलागढ़ स्थित अंबेपुरम कॉलोनी में एक शादी समारोह में फोटोग्राफी करने के लिए बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। गुरुवार की सुबह 11.45 बजे जब बाइक सवार युवक बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद मार्ग स्थित थाने के पास पहुंचे तभी उसी समय चन्दौसी से आ रही पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में ऋषिपाल की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि अंकुर सैनी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन अंकुर मुरादाबाद निजी अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन मुरादाबाद पहुंचने से पहले ही अंकुर ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन अंकुर के शव को वापस ले आए। मृतक अंकुर की मौसी नीलम सैनी पत्नी विनोद सैनी ने बताया कि उनके जेठ के पुत्र की बारात गुरुवार को जानी थी। शादी समारोह में फोटो व वीडियो बनाने के लिए अंकुर अपने परिचित ऋषिपाल के साथ आ रहा था। पुलिस ने दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घटना के बाद चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया है। परिजनों की ओर से घटना की तहरीर दिए जाने की तैयारी चल रही थी। खबर लिखे जाने तक की जानकारी।

## श्री नारायण सेवा समिति ने श्रमिकों को कराया जलपान




नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी के श्री नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को जारई रोड स्थित वी. आर. सन सिटी मे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस' श्रमिकों के कल्याण भाव से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष सुभाष चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने की शुरूआत 1 मई 1886 से हुई जब अमेरिकी मजदूर यूनियनों ने काम का समय 8 घंटे रखने की अपील हड़ताल करके की । विपिन गुप्ता ने कहा कि मजदूर दिवस हर साल 1 मई को श्रमिकों के योगदान और उनके संघर्षों को याद करने और उन्हें सम्मान देने के लिए मनाया जाता है । श्यामसिंह ने कहा कि किसी भी देश, समाज, संस्था और उद्योग में मजदूरों, कामगारों और मेहनतकशों की अहम भूमिका होती है । हरीश कठेरिया 'एडवोकेट' ने कहा कि मजदूरों की बड़ी संख्या निर्माण कार्य की कामयाबी के लिए हाथों, अक्ल - इल्म और तनदेही के साथ जुड़ी होती है । के. जी. गुप्ता ने कहा कि किसी भी उद्योग की सफलता के लिए मालिक, सरमाया, कामगार और सरकार अहम धडे होते हैं । डॉ. जयशंकर दुबे ने कहा कि सच तो यह है कि कामगारों के बिना कोई भी औद्योगिक ढांचा खड़ा ही नहीं हो सकता । सचिन शर्मा एडवोकेट ने कहा कि भारत में मई दिवस सर्वप्रथम चेन्नई में 1 मई 1923 को मद्रास दिवस के नाम से मनाना शुरू किया गया था । जितेंद्र यादव ने कहा कि मजदूरों के योगदान का सम्मान करने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता जगाना और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता दशार्ने हेतु मनाया जाता है । अंत में सभी मजदूरों के कल्याण की कामना करते हुए उन्हें जलपान कराया गया और उनके अधिकारों की जानकारी दी गई । अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय ने की और संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया इस अवसर पर ठेकेदार ब्रजेश के साथ श्रमिक धर्मेंद्र, भुवनेश, मुजाहिद, तेजपाल, मनोज आदि उपस्थित रहे । हरिओम, शाहिद, हरकेश ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया ।

## दो ठेले बाले आपस मे भिड़े दोनों गंभीर रूप से घायल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



सम्भल। गुन्नौर नगर बबराला में दो ठेले वाले आपस में भिड़ गए। जिसमें दोनों तरफ से एक दूसरे के साथ मारपीट हुई। जिसमें दोनों घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गुन्नौर अस्पताल पहुंचाया।नगर बबराला के लाइन पार में ठेले लगाने वाले मोहन लाल पुत्र रामस्वरूप निवासी मोहल्ला टंकी बबराला पकौड़ी का ठेला लगाता है। जबकि दूसरा मोहरपाल पुत्र हर दयाल निवासी रजावली थाना रजपुरा जलेबी का ठेला लगाता है।गुरुवार को दोनों में किसी बात को लेकर लड़ाई हो गई। दोनों ने डंडा व ईंट से एक दूसरे पर बार किये। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर भेजा। जहां डॉक्टर ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस मामले की देते हुए कोतवाली प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि दोनों ठेले वालो का आपस में विवाद हो गया है। जिसमें दोनों ओर से डंडे व ईंट से मारपीट हुई।इसमें दोनों लोग घायल हो गए।तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# देवरानी के आगमन पर जेठानी की संदिग्ध मौत

**मायके वालों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप**

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। गुन्नौर नगर के मोहल्ला सराय में सोमवार की रात एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 35 वर्षीया मृतका नसरीन पूर्व सभासद भूरे खां की पुत्रवधू थी। वह पिछले छह वर्षों से अपने दिवंगत पति की याद और दो बच्चों के सहारे ससुराल में जीवन बिता रही थी। मायके वालों ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि षड्यंत्र के तहत हत्या बताते हुए निष्पक्ष जॉच और न्याय की मॉग की है।



नसरीन के भाई जहीर खॉ निवासी देवसैनी, थाना क्वार्सी, अलीगढ़ ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पति सलीम की 2019 में सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद मृतका को लगातार मानसिक और पारिवारिक उत्पीड़न झेलना पड़ा। सलीम की संपत्ति पर अधिकार जमाने के लिए उसे प्रताड़ित किया गया और जबरन घर से निकालने की कोशिशें की गईं। परिवार के भीतर पहले यह चर्चा थी कि देवर वसीम और नसरीन का निकाह हो सकता है। लेकिन 22 मार्च को वसीम की शादी दूसरी जगह तय कर दी गई। सोमवार को वसीम की नवविवाहिता बहू की घर में आमद के कुछ ही घंटे बाद नसरीन का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। यह घटनाक्रम अपने आप में कई सवाल खड़े कर रहा है। जहीर खां ने कहा, अगर मेरी बहन को देवर की शादी से कोई आपत्ति होती तो वह पहले ही विरोध जताती। लेकिन उसने हमेशा त्याग, सहनशीलता और संस्कारों का पालन किया। उसकी चुप्पी उसकी मजबूरी थी। अब आरोपी खुद को बचाने के लिए झूठे और भ्रामक बयान देकर मेरी बहन को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। हम अंतिम सांस तक लड़ेंगे और उसे न्याय दिलाएंगे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टमगृह के लिए भेज दिया था। कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया कि मृतका के परिजनों की ओर से शिकायत मिल चुकी है, मामले की जॉच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। नसरीन अपने पीछे दो मासूम बच्चे 12 वर्षीय बेटी जोया और 10 वर्षीय बेटा आलिसकृको छोड़ गई है। मायके पक्ष ने बताया कि अब वे इन बच्चों को अपनी देखरेख में रखेंगे और उनकी परवरिश पूरी जिम्मेदारी से करेंगे।

# प्रिंस की हत्या में दो शूटरों को उम्रकैद

अलीगढ़। टप्पल थाना जट्टारी में दो साल पहले स्कूल के पास छात्र की गोली मारकर हत्या के बहुचर्चित मामले में बुधवार को फैसला आ गया। जिला जज संजीव कुमार की अदालत ने दो शूटरों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि सुपारी देने वाले आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। डीजीसी जितेंद्र सिंह ने बताया कि टप्पल क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी विजय बहादुर ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि 19 मई 2023 को सुबह आठ बजे वह अपने भतीजे रोहन के साथ बाइक से किसी काम से जा रहे थे। रास्ते में रोहन का भाई 17 वर्षीय प्रिंस मिल गया, जो आरपीएस ग्लोबल स्कूल में 12वीं का छात्र था। स्कूल तक जाने के लिए वह भी साथ बैठ गया। स्कूल के पास भट्टे के सामने प्रिंस को उतार दिया।जैसे ही विजय बाइक लेकर बढ़े, तभी कस्बा जट्टारी के मोहल्ला अजीतनगर निवासी कुनाल उर्फ कालू व मोहल्ला नई बस्ती रावण टीला निवासी आफताब यजदी बाइक पर आए। आते ही आफताब ने इशारा किया कि यही प्रिंस मालान है। इसके बाद कुनाल ने प्रिंस को गोली मार दी। विजय व रोहन बाइक सवारों को पकड़ने के लिए दौड़े तो उन पर भी फायरिंग कर दी गई। प्रिंस को जेवर के अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उधर, लोगों ने दोनों मुल्जिमों को पकड़ लिया था। उन्होंने पुलिस को पूछताछ में बताया था कि कस्बे के रितिक गर्ग ने हत्या की सुपारी दी थी। इस पर पुलिस ने रितिक को भी गिरफ्तार किया था। तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। अदालत ने साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कुनाल व आफताब को दोषी करार देते हुए फैसला सुनाया है। दोनों मुल्जिम घटना के दौरान जिस बाइक पर आए थे, उसे एक दिन पहले ही चोरी किया था। पुलिस ने दोनों को बाइक चोरी में भी दोषी माना।

कुनाल पर 45 हजार व आफताब पर 40 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। आधी धनराशि पीड़ित परिवार को देने के आदेश दिए हैं। कमजोर साक्ष्यों के चलते रितिक को दोषमुक्त कर दिया। कुल नौ गवाह कराए गए थे। इसमें साबित हुआ कि दोनों शूटरों ने हत्या की है। दोषमुक्त किया गया रितिक उसी के स्कूल की छात्रा से एकतरफा प्यार करता था। प्रिंस भी उस छात्रा से बात करने लगा। इसी के चलते उसे सुपारी दी। लेकिन रितिक को अदालत ने दोषमुक्त किया है। इसके खिलाफ अधिवक्ता की ओर से अपील दायर की जाएगी।

# पत्नी-बच्चे को लेकर शिक्षक का हंगामा



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। जिला सामान्य एवं बालिका शिक्षा पर तैनात एक शिक्षक ने शहर के नजदीक स्कूल में तैनाती के नाम पर 1.5 लाख रुपये लेने का गंभीर आरोप लगाया है। विकासखंड बिजौली के राजगवां परिषदीय स्कूल में तैनात शिक्षक नरेश पाल ने अपनी पत्नी और बच्चे के साथ एक मई को बेसिक शिक्षा कार्यालय में जमकर हंगामा किया।

शिक्षक का आरोप है कि बालिका शिक्षा विभाग में स्थानांतरण के लिए दो लाख रुपये की डील हुई थी, जिसमें से 1.5 लाख रुपये पहले ही लिए जा चुके हैं। इस संबंध में पति-पत्नी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे अपनी तकलीफ व्यक्त कर रहे हैं। शिक्षक नरेश पाल ने बताया कि उन्हें इगलास के नया बांस ग्राम पंचायत स्थित स्कूल में तैनाती दी गई है, जिससे वह नाराज हैं क्योंकि यह शहर से काफी दूर है। उनका कहना है कि उनसे शहर के नजदीक स्कूल में तैनाती का वादा किया गया था और इसके लिए पैसे भी लिए गए थे, लेकिन अब उन्हें दूर-दराज के स्कूल में भेज दिया गया है।

शिक्षक नरेश पाल को कुछ समय पहले टैबलेट ठीक से न चलने के कारण बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया था। निलंबन के बाद तैनाती को लेकर यह नया विवाद सामने आया है। शिक्षक नरेश पाल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से डीसी बालिका पर कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि डीसी बालिका ने ही उनसे शहर के नजदीक तैनाती के नाम पर पैसे लिए थे और अब वह अपना वादा पूरा नहीं कर रही हैं। इस हंगामे के कारण बेसिक शिक्षा कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## तहसीलों का निजीकरण नहीं होंगे देंगे: विजय तेवतिया

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। उ0प्र0 सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश की तहसीलों में खोले जा रहे फ्रंट ऑफिस के विरोध में विगत नौ दिनों से अलीगढ़ जनपद की कोल तहसील सहित समस्त तहसीलों में धरना प्रदर्शन जारी है। जिसके चलते गुरूवार को तहसील कोल में राजस्व बार एसोसिएशन के नेतृत्व में धरना स्थल पर एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुये अध्यक्ष विजय सिंह तेवतिया ने कहा कि उ0प्र0 सरकार की मंशा तहसीलों में फ्रंट ऑफिस खोलने के माध्यम से तहसीलों का निजीकरण करने की है। समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि फ्रंट ऑफिस खुलने से प्राईवेट कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा ही रजिस्ट्री से सम्बन्धित सभी कार्य किये जायेंगे, जिससे अधिवक्ता, कातिब, स्टाम्प वेण्डर, टाईपिस्ट सहित



अन्य लोग बेरोजगार हो जायेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि विगत 14 नवम्बर 2024 को प्रकाशित समाचार पत्रों की खबरे कि ह्यप्रदेश में बनेंगे निबंधन मित्र, कैबिनेट में रखा जायेगा प्रस्तावह्न से साफ है कि सरकार प्रदेश की तहसीलों में कार्यरत हजारों लोंगो बेरोजगार करने जा रही है, जिससे उनके परिवारों पर रोजी रोटी का खतरा मंडरा रहा है। जब इस सम्बन्ध में जिला प्रशासन, आई0जी0 व डी0आई0जी0 स्टाम्प व उपनिबन्धकों से सम्पर्क किया तो उन्होंने गुमराह करते हुये कहा कि फ्रंट ऑफिस का मतलब है कि उपनिबन्धक कार्यालयों में पर्याप्त सुविधाओं को देना है जैसे शौचालय, बैठने की उचित व्यवस्था, कम्प्यूटरों की संख्या बढ़ाना आदि। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार इस नीति को पूरे उ0प्र0 में एक साथ लागू नहीं कर रही है क्योंकि सरकार को डर है कि इस नीति को उ0प्र0 में एक साथ लागू होने से सभी अधिवक्ता, कातिब, स्टाम्प वेण्डर, टाईपिस्ट एक साथ आंदोलनरत हो जायेंगे, इसलिये सरकार ने फूट डालों की राजनीति करते हुये प्रदेश में फिलहाल कुछ ही तहसीलों का चयन किया जिससे पूरा उ0प्र0 आंदोलनरत न हो। विजय सिंह तेवतिया ने कहा कि यदि प्रदेश सरकार जल्द ही फ्रंट ऑफिस खोलने के अपने निर्णय को वापस नहीं लेती है तो यह आंदोलन पूरे उ0प्र0 की सभी तहसीलों में होगा। वर्तमान में यह आंदोलन गोरखपुर, आगरा, हाथरस, मथुरा सभी तहसीलों में जारी है। इस मौके पर महेन्द्र सिंह धाकड़े, अनुज राघव, दीपक वर्मा, भूप सिंह, ओ0पी0 सिंह, चतुर सिंह, विवेक आनन्द, अतर सिंह, सुरेश बाबू, प्रदीप शर्मा, अवधेश चौहान, सत्यप्रकाश तौमर, आशीष सौखिया आदि उपस्थित रहे।

## सांसद पर हमले के विरोध में सपा का प्रदर्शन कार्यकर्ताओं व पुलिस में धक्का-मुक्की



अलीगढ़। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया, कार्यकताओं ने सपा राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर हुए हमले का विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान सरकार विरोधी नारे लगाए गए। कलेक्ट्रेट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी तैनात की गई। सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर ने सरकार पर सांसद की हत्या कराने का आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि पुलिस ने कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की है। सपा कार्यकताओं ने एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, इसके बाद सपा छात्र सभा के कार्यकर्ता पुतला जलाने के लिए आगे बढ़े। पुलिस ने पुतला छीनने का प्रयास किया, इस दौरान कार्यकताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडेय भी इस झड़प में शामिल रहे। पूर्व जिला अध्यक्ष गिरीश यादव ने कहा कि रामजीलाल सुमन पर लगातार हमले सरकार के इशारे पर हो रहे हैं। इसलिए पुलिस कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर रही। कार्यकताओं ने राष्ट्रपति से सांसद रामजीलाल सुमन की सुरक्षा बढ़ाने की मॉग की है।

## परिवार परामर्श केंद्र ने पाँच पत्रावलियों में काउंसलिंग कर कराया सुलह समझौता

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। ऑपरेशन जागृति फेस- 4 के तहत गुरूवार को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक शिखा त्यागी तथा काउंसलर डॉ0 देवेंद्र कुमार, अमित अग्रवाल तथा बृजेश मिश्रा द्वारा काउंसलिंग कर पॉच पत्रावलियों में सुलह समझौता कराया गया। वीणा (बदला हुआ नाम) निवासी छिबरामऊ जनपद कन्नौज द्वारा प्रतिपक्ष केशव (बदला हुआ नाम) निवासी थाना बन्ना देवी अलीगढ़ के विरुद्ध शराब पीकर मारपीट करने के संबंध में एक प्रार्थना पत्र थाना बन्ना देवी पर दिया गया जिसपर दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाकर काउंसलिंग की गई तथा दोनों पक्षों को समझाकर सुलह समझौता कराया। तो वहीं आवेदिका प्रिया (बदला हुआ नाम) निवासी विजयगढ़ अलीगढ़ द्वारा अपने पति प्रवेश (बदला हुआ नाम) पर दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाकर काउंसलिंग की गई तथा दोनों के बीच के मतभेद को समाप्त कर सुलह समझौता कराया गया। तो वहीं शबनम (बदला हुआ नाम) ने अपने पति रहमान (बदला हुआ नाम) निवासी रोरावर अलीगढ़ के विरुद्ध मारपीट करने पर गाली गलौज करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें दोनों पक्षों को समझा कर सहमति से समझौता कराया गया। तो वहीं फूल कुमारी (बदला हुआ नाम) द्वारा अपनी बेटी एलिस (बदला हुआ नाम) के पति रॉबिन (बदला हुआ नाम) निवासी बन्ना देवी द्वारा उनके और उनकी बेटी के साथ अभद्र भाषा प्रयोग करने के संबंध में दिया गया। जिसमें दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग की गई तथा समझाया सुलह समझौता कराया गया। तो वहीं रजिया (बदला हुआ नाम) क्वार्सी अलीगढ़ की रहने वाली तथा उसके पति रहीम (बदला हुआ नाम) के बीच दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने के संबंध में दिया गया जिसमें परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षों को बुलाया गया तथा समझाया गया।

# संपादकीय

## सेना को खुली छूट

**प्रधानमंत्री** मोदी ने पाकिस्तान, आतंकियों और उनके आकाओं पर प्रहार करने की सेना को खुली छूट दे दी है। हमले का तरीका, जगह, लक्ष्य और समय सेनाएं ही तय करेंगी। प्रधानमंत्रaी ने देश की सेनाओं की क्षमताओं पर विश्वास जताया है। इतना जरूर स्पष्ट किया गया है कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प है। कश्मीर में ही उरी और पुलवामा आतंकी हमलों के बाद भी प्रधानमंत्री मोदी ने सेना को खुली छूट दी थी। हालांकि सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई हमले की अंतिम स्वीकृति प्रधानमंत्री से जरूर ली गई थी। प्रधानमंत्री ने बीते दो दिनों में दो बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उन बैठकों में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भी मौजूद रहे, लेकिन निर्णायक बैठक में तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद थे। जाहिर है कि प्रधानमंत्री के सामने संभावित हमलों के प्रारूप और रोडमैप रखे गए होंगे! अंततः सेना को स्वतंत्र छूट दी गई। बुधवार, 30 अप्रैल को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी, राजनीतिक और आर्थिक मामलों की कैबिनेट समितियों की बैठकों में भी व्यापक विमर्श किया गया। कैबिनेट की पूरी बैठक भी की गई। अब सर्वोच्च स्तर पर यह स्पष्ट हो चुका है कि भारत ने पहलगाम नरसंहार का बदला लेना तय कर लिया है। तीनों सेना प्रमुखों के प्रारूपों में जो संशोधन जरूरी लगे होंगे, वे कैबिनेट की बैठकों में कर लिए गए। अब हमारी सेनाओं का आक्रामक प्रहार क्या होगा, यह उसी पल ही सामने आएगा, जब हमला किया जाएगा। भारत अपनी तरफ से युद्ध का आगाज करने नहीं जा रहा है। जो आतंकवाद के चेहरे हैं, निशाने पर सिर्फ वही होने चाहिए। रक्षा विशेषज्ञ अपने लंबे, सैन्य अनुभवों के आधार पर आकलन कर रहे हैं कि आतंकियों के साथ-साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई, वहां की फौज और सेना प्रमुख जनरल मुनीर हमारी सेनाओं के निशाने पर हो सकते हैं।

ये ही आतंकवाद का क्रमबद्ध सिलसिला हैं। सेना के ऑपरेशन जमीन और हवा के अलावा समंदर से भी किए जा सकते हैं। हमारी सेनाओं ने दुश्मन का अच्छी तरह अध्ययन कर लिया होगा! हमारी सेनाओं के निशाने पर पाकिस्तान के 30 से ज्यादा महत्वपूर्ण लक्ष्य हैं, जिन्हें सेनाएं मिसाइल हमलों में ही उड़ा सकती हैं। हमारी सेनाओं के पास ऐसे भी अस्त्र हैं, जिन्हें भारत की सीमा में रहते हुए भी छोड़ा जा सकता है। वे वाकई बेहद विध्वंसक हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार सैन्य ऑपरेशन व्यापक और बहुध्रुवीय हो सकता है। बहरहाल सेना जो भी करेगी, पूरी दुनिया के सामने होगा, लेकिन एक बार फिर दोहरा रहे हैं कि यह देश के एकजुट रहने का वक्त है। यह विवादास्पद, घटिया और मानहानि वाले पोस्टर पोस्ट करने का वक्त नहीं है। यह देश के प्रधानमंत्री को अपमानित करने का भी समय नहीं है। हां, हम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस आग्रह को समर्थन देते हैं कि संसद का एकदिनी विशेष सत्र बुलाया जाए और पाकिस्तान, आतंकवाद के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया जाए। ऐसे विशेष सत्र 'निर्भया कांड' के बाद भी बुलाए गए हैं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया, तो मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का नया विचार सामने आया। प्रधानमंत्री मोदी संसद के भीतर सैन्य रणनीति का खुलासा बिल्कुल न करें। विपक्ष से भी हमारी अपेक्षाएं हैं कि वे फिजूल का दबाव सरकार पर न डालें। एक राष्ट्र के तौर पर, संसद के जरिए, आतंकवाद और पाकिस्तान की भूमिका को पुरजोर बेनकाब करें। बेशक दुनिया भी हमारी संसद से गूंजने वाले हुंकारों को सुनेगी। यदि सरकार संसद का सत्र नहीं बुलाती है, तो कमोबेश अभी उसे सियासत का आधार न बनाएं। भारत को पलटवार कर प्रतिशोध लेने दें, पीड़ित परिवारों को कुछ तसल्ली मिलने दें। देश सामान्य हो जाएगा, तो सरकार का विरोध जायज होगा।

**आदि शंकराचार्य जयन्ती - 2 मई पर विशेष**

# आदि शंकराचार्य ने हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित किया



ललित गर्ग


अपने जन्मकाल से ही शिशु शंकराचार्य के मस्तक पर चक्र का चिन्ह, ललाट पर तीसरे नेत्र तथा कंधे पर त्रिशूल जैसी आकृति अंकित थी, इसी कारण आदि शंकराचार्य को भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। भगवान शिव ने उन्हें साक्षात दर्शन देकर अंध-विश्वास, रूढ़ियों, अज्ञानता एवं पाखण्ड के विरुद्ध जनजागृति का अभियान चलाने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने भयाक्रांत और धर्म विमुख जनता को अपनी आध्यात्मिक शक्ति और संगठन युक्ति से संबल प्रदान किया था। उन्होंने नए ढंग से हिंदू धर्म का प्रचार-प्रसार किया और लोगों को सनातन धर्म का सही एवं वास्तविक अर्थ समझाया।

महापुरुषों की कीर्ति युग-युगों तक स्थापित रहती। उनका लोकहितकारी चिंतन, दर्शन एवं कर्तृत्व कालजयी होता है, सार्वभौमिक, सार्वदैशिक एवं सार्वकालिक होता है और युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता हैं। आदि शंकराचार्य हमारे ऐसे ही एक प्रकाशस्तंभ हैं जिन्होंने एक महान हिंदू धर्माचार्य, दार्शनिक, गुरु, योगी, धर्मप्रवर्तक और संन्यासी के रूप में 8वीं शताब्दी में अद्वैत वेदांत दर्शन का प्रचार किया था। हिन्दुओं को संगठित किया। उन्होंने चार मठों की स्थापना की, जो भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित हैं। आदि गुरु शंकराचार्य हिंदू धर्म में एक विशेष स्थान रखते हैं, उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करने का अर्थ है उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाना। उनके लिये इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय है। उन्हें हम धर्मक्रांति एवं समाज-क्रांति का सूत्रधार कह सकते हैं। म

आदि शंकराचार्य के अनूठे प्रयासों से ही आज हिन्दू धर्म बचा हुआ है एवं सनातन धर्म परचम फहरा रहा है। शंकराचार्य ने अपने 32 वर्ष के अल्प जीवन में ही पूरे भारत की तीन बार पदयात्रा की और अपनी अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति और संगठन कौशल से उस समय के 72 संप्रदायों तथा 80 से अधिक राज्यों में बंटे इस देश को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में इस प्रकार बांधा कि यह शताब्दियों तक विदेशी आक्रमणकारियों से स्वयं को बचा सका और अखण्ड बना रहा। ऐसे दिव्य एवं अलौकिक संत पुरुष का जन्म धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आठवीं सदी में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को केरल के कालड़ी गांव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम शिवगुरु और माता का नाम आर्यम्बा था। बहुत दिन तक सपत्नीक शिव की आराधना करने के अनंतर शिवगुरु ने पुत्र-रत्न पाया था, अतः उसका नाम शंकर रखा। जब ये तीन ही वर्ष के थे तब इनके पिता का देहांत हो गया। ये बड़े ही मेधावी तथा प्रतिभाशाली थे। छह वर्ष की अवस्था में ही ये प्रकांड पंडित हो गए थे और आठ वर्ष की अवस्था में इन्होंने संन्यास ग्रहण किया था। इनके संन्यास ग्रहण करने के समय की कथा बड़ी विचित्र है।

कहते हैं, माता एकमात्र पुत्र को संन्यासी बनने की आज्ञा नहीं दे रही थीं। तब एक दिन नदी किनारे एक मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर पकड़ लिया तब इस वक्त का फायदा उठाते हुए शंकराचार्यजी ने अपने माँ से कहा 'माँ मुझे संन्यास लेने की आज्ञा दो, अन्यथा यह मगरमच्छ मुझे खा जायेगां।' इससे भयभीत होकर माता ने तुरंत इन्हें संन्यासी होने की आज्ञा प्रदान की; और आश्चर्य की बात है कि जैसे ही माता ने आज्ञा दी वैसे ही तुरन्त मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर छोड़ दिया। इन्होंने गोविन्द नाथ से संन्यास ग्रहण किया, जो आगे चलकर आदि गुरु शंकराचार्य कहलाए।

आदि शंकराचार्य ने प्राचीन भारतीय उपनिषदों के सिद्धांत और हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित करने का अनूठा एवं ऐतिहासिक कार्य किया। साथ ही उन्होंने अद्वैत वेदान्त के सिद्धान्त को प्राथमिकता से स्थापित किया। उन्होंने धर्म के नाम पर फैलाई जा रही तरह-तरह की भ्रांतियों को मिटाने का काम



किया। सदियों तक पंडितों द्वारा लोगों को शास्त्रों के नाम पर जो गलत शिक्षा दी जा रही थी, उसके स्थान पर सही शिक्षा देने का कार्य आदि शंकराचार्य ने ही किया। आज शंकराचार्य को एक उपाधि के रूप में देखा जाता है, जो समय-समय पर एक योग्य व्यक्ति को सौंपी जाती है। आदि गुरु शंकराचार्य ने हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए चार अगल दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। भगवद्गीता, उपनिषदों और वेदांतसूत्रों पर लिखी हुई इनकी टीकाएँ बहुत प्रसिद्ध हैं। इन्होंने अनेक विधर्मियों को भी अपने धर्म में दीक्षित किया था। इन्होंने ब्रह्मसूत्रों की बड़ी ही विशद और रोचक व्याख्या की है।

आदि शंकराचार्य ने हिन्दुओं को संगठित करने के लिए सबसे पहले दक्षिण दिशा में तुंगभद्रा नदी के तट पर श्रृंगेरी मठ की स्थापना की। यहां के देवता आदिवाराह, देवी शारदाम्बा, वेद यजुर्वेद और महावाक्य 'अहं ब्रह्मास्मि' है। सुरेश्वराचार्य को मठ का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके बाद उन्होंने उत्तर दिशा में अलकनंदा नदी के तट पर बद्रिकाश्रम (बद्रीनाथ) के पास ज्योतिर्मठ की स्थापना की जिसके देवता श्रीमन्नारायण तथा देवी श्रीपूर्णगिरि हैं। यहां के संप्रदाय का नाम आनंदवार, वेद अर्थवेद तथा महावाक्य 'अयमात्मा ब्रह्म' है। मठ का अध्यक्ष तोटकाचार्य को बनाया। पश्चिम में उन्होंने द्वारकापुरी में शारदा मठ की स्थापना की जहां के देवता सिद्धेश्वर, देवी भद्रकाली, वेद, सामवेद और महावाक्य 'तत्वमसि' है। इस मठ का अध्यक्ष हस्तमानवाचार्य को बनाया। उधर पूर्व दिशा में जगन्नाथ मठ, जहां की देवी विशाला, वेद ऋग्वेद और महावाक्य 'प्रज्ञान ब्रह्म' है। यहां उन्होंने हस्तामलकाचार्य को मठ का अध्यक्ष बनाया। इस प्रकार शंकराचार्य ने अपने सांगठनिक कौशल से संपूर्ण भारत को धर्म एवं संस्कृति के अटूट बंधन में बांधकर विभिन्न मत-मतांतरों के माध्यम से सामंजस्य स्थापित किया।

आठ वर्ष की आयु में चारों वेदों में निष्णात हो गए, बारह वर्ष की आयु में सभी शास्त्रों में पारंगत, सोलह वर्ष की आयु में शांकरभाष्य तथा बत्तीस वर्ष की आयु में शरीर त्याग दिया। ब्रह्मसूत्र के ऊपर शांकरभाष्य की रचना कर विश्व को एक सूत्र में बांधने का प्रयास भी शंकराचार्य के द्वारा किया गया है, जो कि सामान्य मानव से सम्भव नहीं है। शंकराचार्य के दर्शन में सगुण ब्रह्म तथा निर्गुण ब्रह्म दोनों का हम दर्शन कर सकते हैं। निर्गुण ब्रह्म उनका निराकार ईश्वर है तथा सगुण ब्रह्म साकार ईश्वर है। जीव अज्ञान व्यष्टि की उपाधि से युक्त है। तत्त्वमसि तुम ही ब्रह्म हो; अहं ब्रह्मास्मि मैं ही ब्रह्म हूं; अयामात्मा ब्रह्म यह आत्मा ही ब्रह्म है; इन बृहदारण्यकोपनिषद् तथा छान्दोग्योपनिषद वाक्यों के द्वारा इस जीवात्मा को निराकार ब्रह्म से अभिन्न स्थापित करने का प्रयत्न शंकराचार्यजी ने किया है। ब्रह्म को जगत के उत्पत्ति, स्थिति तथा प्रलय का निमित्त कारण बताया हैं। ब्रह्म सत (त्रिकालाबाधित) नित्य, चैतन्यस्वरूप तथा आनंद स्वरूप है। ऐसा उन्होंने स्वीकार किया है।

जिस युग में आदि शंकराचार्य ने जन्म लिया उस समय देशी-विदेशी प्रभावों के दबाव में भारतीय संस्कृति संक्रमण के दौर से गुजर रही थी और उसका पतन आरंभ हो गया था। उन्होंने भयाक्रांत और धर्म विमुख जनता को अपनी आध्यात्मिक शक्ति और संगठन युक्ति से संबल प्रदान किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आदि शंकर जन्म भूमि क्षेत्रम' में प्रार्थना करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियां संत-दार्शनिक आदि शंकराचार्य द्वारा हमारी संस्कृति की रक्षा में दिए योगदान की ऋणी रहेंगी। उन्होंने भारत के हर कोने में वेद-वेदांत का प्रसार कर सनातन परंपरा को सशक्त एवं सुदृढ़ किया। दिव्य ज्ञान से आलोकित उनका संदेश देशवासियों के लिए सदैव पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।

पूर्व राष्ट्रपति एवं दार्शनिक डॉ. राधाकृष्णन ने उन्हें प्राचीन परंपरा का भाष्यकार आचार्य बताते हुए लिखा है कि देश के अन्य भाष्यकारों की तरह अपने अध्ययन में उन्होंने कभी भी किसी प्रकार की मौलिकता का दावा नहीं किया। भारत में आदि शंकराचार्य के प्रयास से एक ऐसे आंदोलन का आविर्भाव हुआ जो सनातन वैदिक धर्म को उसकी अस्पष्टताओं और असंगतियों से निकालकर स्पष्ट तथा सर्वसाधारण के लिए स्वीकार्य बनाना चाहता था। उनकी शिक्षा का आधार उपनिषद थे। उनके द्वारा स्थापित मठों की उपासना पद्धतियां सरल है। वेदांत के विरोधियों से शास्त्रार्थ करने के उनके उत्साह के कारण देश के विभिन्न दार्शनिक केंद्रों में जो जड़ता आई थी उनमें एक नए विचार-विमर्श की प्रेरणा आरंभ हुई। शंकर द्वारा स्वीकृत दर्शन तथा संगठन बौद्धों के दर्शन और संगठन से मिलते-जुलते थे। आदि शंकराचार्य ने भारत में बढ़ते विभिन्न मतों पर उन्हीं की पद्धति से अपनी वैचारिक श्रेष्ठता सिद्ध की और सनातन वैदिक धर्म की पुनरुत्थान किया।

## 2 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

| | |
|---|---|
| 1953 | हुसैन को जॉर्डन के राजा का ताज पहनाया गया। |
| 1968 | इजरायल ब्रॉडकास्टिंग अथॉरिटी ने टेलीविजन प्रसारण शुरू किया। |
| 1969 | ब्रिटिश महासागर के लाइनर क्वीन एलिजाबेथ 2 साउथेम्प्टन से न्यूयॉर्क शहर के लिए समुद्री यात्रा पर रवाना हुए। |
| 1981 | जनरल मोटर कॉर्पोरेशन ने 2 मई, 1918 को एक अलग डिवीजन के रूप में शेवरले मोटर कंपनी का अधिग्रहण किया। शेवरले मोटर कंपनी की स्थापना 3 नवंबर, 1911 को विलियम सी। दुरंत ने की थी, जो जनरल मोटर्स के संस्थापक भी थे। |
| 1982 | फ़ॉकलैंड्स वार-एचएमएस विजेता ने तीन टॉरपीडो लॉन्च किए और ARAGeneral Belgrano को जहाज में डाल दिया, जो अब तक का एकमात्र जहाज है, जो एक न्यूक्लियरसुमेरिन द्वारा डूब गया था। |
| 1982 | मौसम से सम्बंधित चैनल पहली बार केबल टेलीविजन पर प्रसारित किया गया। |
| 1986 | संयुक्त राष्ट्र अमेरिका की 30 वर्षीया एन. बैन्क्राफ़ उत्तरी ध्रुव पर पहुँचने वाली प्रथम महिला बनीं। |
| 1986 | टूर डे कॉर्स रैली का नेतृत्व करते हुए हेनरी टिवोनन एक दुर्घटना में मारे गए, जिसके परिणामस्वरूप FISA, मोटरिंग घटनाओं के लिए खेल शासी निकाय, शक्तिशाली और लोकप्रिय ग्रुप बी रैली कारों के पखवाड़े पर प्रतिबंध लगाता है। |
| 1995 | स्वतंत्रता-सर्ब सेना के क्रोएशियाई युद्ध ने ज़ाग्रेब की क्रोएशियाई राजधानी में रॉकेटसेट फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें 7 लोग मारे गए और 175 अन्य घायल हो गए। |
| 1997 | टोनी ब्लेयर ब्रिटेन के संसदीय इतिहास के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने। ब्रिटेन में 18 वर्षों बाद लेबर पार्टी सत्ता में आयी थी। |
| 1999 | मिरेया मोस्कोसो पनामा की पहली महिला राष्ट्रपति निर्वाचित |
| 1999 | मिरेया मोस्कसो राष्ट्रपति बनी पनामा की पहली महिला बनीं। |
| 2008 | म्यांमार (बर्मा) में भयंकर चक्रवाती तूफ़ान ₹नरगिस₹ के आने से करीब 1,38,000 लोग मारे गए और लाखों लोग बेघर हुए। |
| 2008 | चक्रवात नरगिस म्यांमार के इतिहास में सबसे हानिकारक चक्रवात है, जो 2 मई, 2008 को हुआ था। इसने बड़े पैमाने पर विनाशकारी विनाश किया था और 55,000 लोगों को छोड़कर 130,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। यह 27 अप्रैल को बनना शुरू हुआ और म्यांमार के अय्यारवाडी डिवीजन में अपनी चरम शक्ति पर 165 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से लैंडफॉल बना। |
| 2008 | चिली में वर्तमान में चल रहे चैटन ज्वालामुखी विस्फोट, 9,500 वर्षों में, प्यास लगी। |
| 2011 | अल-कायदा के संस्थापक ओसामा बिन लादेन को 2 मई, 2011 को संयुक्त राज्य अमेरिका के विशेष बल द्वारा पाकिस्तान में मार दिया गया था। वह संयुक्त राज्य अमेरिका पर 9/11 हमले का मास्टरमाइंड था, जिसके जवाब में अमेरिका ने उसे पकड़ने के लिए Sp ऑपरेशन नेप्च्यून स्पीयर 'नामक ऑपरेशन को अंजाम दिया। उनके शव को इस्लामिक परंपरा के अनुसार 24 घंटे के भीतर समुद्र में दफना दिया गया था। |
| 2011 | ओसामा बिन लादेन को अमेरिकी नौसेना के सील ने पाकिस्तान के एबटाबाद में एक निजीकृत परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। |
| 2011 | कनाडा की कंज़र्वेटिव पार्टी ने अपनी पहली बहुमत की सरकार स्थापित करने के लिए कैनेडियन संघीय चुनाव में पर्याप्त सीटें जीतीं। |
| 2012 | एफसी बार्सिलोना के फुटबॉल खिलाड़ी और अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के लियोनेल मेसी ने 2 मई, 2012 को 68 गोल के साथ हैट-ट्रिक करके 67 गोल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। |

**समसामयिक**

## जातिगत जनगणना : दोधारी तलवार!



ऋषभदेव शर्मा

**भारत** सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला लिया है। इसे एक ऐतिहासिक और विचारोत्तेजक कदम कहा जा सकता है। इससे देश की सामाजिक संरचना, राजनीति और नीतिगत दिशा पर दूरगामी असर की संभावना है। यह निर्णय ऐसे समय आया है जब कुछ राज्य चुनावों की ओर बढ़ रहे हैं और आरक्षण, सामाजिक न्याय तथा आर्थिक असमानता पर चहुँदिश बहस जारी है। ग़ौरतलब है कि विपक्षी दलों, विशेषकर क्षेत्रीय पार्टियों द्वारा जाति आधारित आँकड़ों की माँग वर्षों से उठती रही है। यही वजह है कि यह घोषणा कहीं न कहीं राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों के दबाव का परिणाम प्रतीत हो रही है। देखा जाना चाहिए कि क्या यह घोषणा राजनीतिक लाभ लेने की एक कोशिश है, या वास्तव में नीतिगत सुधार की दिशा में एक प्रबुद्ध निर्णय है।

जातिगत जनगणना के औचित्य-अनौचित्य पर चर्चा के दौरान प्रायः सयाने याद दिलाना नहीं भूलते कि आखिरी बार जातिगत आँकड़े 1931 में इकट्ठा किए गए थे। स्वतंत्र भारत में आज तक कोई समग्र जातिगत जनगणना नहीं हुई, जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि आरक्षण और कल्याण योजनाओं का लाभ वास्तविक ज़रूरतमंदों तक पहुँच रहा है या नहीं। वर्तमान समय में जब सरकारें डेटा-आधारित नीति निर्माण की ओर बढ़ रही हैं, जातिगत आँकड़ों की अनुपलब्धता को एक बड़ी बाधा समझा जाता है। इसलिए यह जनगणना सामाजिक न्याय को व्यवस्थित करने, पिछड़े वर्गों की सही पहचान करने और संसाधनों के न्यायपूर्ण वितरण में सहायक सिद्ध हो सकती है।

बेशक इसके कई सकारात्मक पहलू हैं। फिर भी कुछ चिंताजनक बिंदु अनदेखे नहीं किए जा सकते। जातिगत आँकड़ों को सार्वजनिक करने से सामाजिक ध्रुवीकरण, जातिवाद के पुनरुत्थान और राजनीतिक ध्रुवीकरण की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है। इतिहास गवाह है कि जाति आधारित राजनीति ने कई बार राष्ट्रहित से अधिक वर्गहित को प्राथमिकता दी है। इसके अतिरिक्त, यदि यह गणना पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ नहीं की जाती, तो यह समाज में अविश्वास और संघर्ष को जन्म दे सकती है। देखना यह भी होगा कि जाति आधारित जनगणना क्या केवल हिंदू आबादी तक सीमित रहेगी, अथवा मुस्लिम आबादी के भीतर विद्यमान जातिगत असमानता को भी लक्षित करेगी!

कहना न होगा कि यदि इस जनगणना का उद्देश्य नीतिगत न्याय है, तो यह आरक्षण नीति की पुनर्समीक्षा, सामाजिक कल्याण योजनाओं की सटीकता और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की समुचित पहचान की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल हो सकती है। वहीं दूसरी ओर, यदि इसका प्रयोग केवल राजनीतिक ध्रुवीकरण और वोटबैंक के पुनर्गठन के लिए किया गया, तो यह भारत की सामाजिक समरसता के लिए हानिकारक ही सिद्ध होगी। अतः इस निर्णय की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि सरकारें इन आँकड़ों का उपयोग सार्थक नीति निर्माण और समानता की स्थापना के लिए करती हैं या नहीं। यह भी अहम होगा कि आँकड़ों को वास्तविकता के धरातल पर उपयोग किया जाए, न कि राजनीतिक हिसाब-किताब के आधार पर।

अंततः, जातिगत जनगणना एक दोधारी तलवार है। इसका स्वागत इस शर्त पर किया जाना चाहिए कि यह सामाजिक न्याय को सुदृढ़ करने का औजार बने, न कि सामाजिक विभाजन का हथियार। भारत की लोकतांत्रिक परिपक्वता का असली मूल्यांकन इस बात से होगा कि हम जातिगत आँकड़ों को कैसे सँभालते हैं - जानकारी के एक स्रोत के रूप में या वोट की गणना के एक साधन के रूप में! यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि भारत इस अवसर का उपयोग अपनी नीति और नियति दोनों को सुधारने के लिए कैसे करेगा! फिलहाल, बकौल 'शौहर खतौलवी' इतना ही कि-


*लोकतंत्र के हाल पर, चिंतित हुआ कबीर!*
*जाति पूछ कर बँट रही, राजनीति की खीर!!*

# युवा देश के नौजवानों से आएगी विकास की वैचारिक की क्रांति



संजीव ठाकुर

स्वामी विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत रहे हैं।उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूं। स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैं। और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया है। स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थी। स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। पेरिस ओलंपिक में भी नीरज चोपड़ा ने सिल्वर, मनु भाकर ने दो ब्रांज और विनेश फोगाट ने सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन को हराकर भारत के युवा लोगों का दिशा दर्शन किया है। भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर



भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है ।और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि

*देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था,*
*नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था''*

भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री a\नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है । बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था। हरिवंश राय बच्चन ने भी अपनी कविताओं में युवाओं को समझाइश दी थी,

*युग का युवा मत देख दाएं बाएं,*
*झांक मत बगले, अगर कुछ देखना है,*
*देखअपने वे वृषभ कंधे, जिन्हें देता चुनौती,*
*सामने तेरे खड़ा है युग का जुआ।*

(यहां जुआ उस लकड़ी को कहते हैं जो हल चलाने के दौरान बैलों के कंधों पर रखी जाती है) सच में देश का युवा वर्ग जाग जाए और रचनात्मक कार्यों में जुड़ जाए तो देश को समृद्ध उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता। हमें और हमारे युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और विवेकानंद से सीख लेकर भारत को एक नए युग की ओर ले जाना चाहिए। क्योंकि भारत का 60% युवा इस देश में युग परिवर्तन और भारत की दशा और दिशा को अभिप्रेरित कर सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि

*खुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप में देखना चाहतें है।*

## खबरें फटाफट

### कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



कानपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा हिंदुओं के बर्बर हत्या के विरोध में शाम मोतीझील से कानपुर एडवार्टिजिंग एसोसिएशन द्वारा कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान पाकिस्तान व आतंकवादी मुर्दाबाद के नारे लगाये गये। मृतक पर्यटकों की श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही घटना की निंदा की गयी। इसका नेतृत्व वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारीलाल अग्रवाल ने किया। उन्होंने बताया कि आतंकियों ने निहत्थे हिंदू पर्यटकों को धर्म पूछ कर बर्बर हत्या की है। सरकार से आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गयी।

सभी जुलूस में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारो के साथ आतंकियों का सफाया करो आदि नारे लगा रहे थे सेठ मुरारी लाल अग्रवाल ने अपने, सम्बोधन में कहा कि इस दुख की घड़ी में देश की जनता प्रधानमंत्री के साथ है। और उन पर पूरा भरोसा जताया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल, सपना जायसवाल, व्यापारी नेता संजय टंडन पुष्पेंद्र जायसवाल शनि देव मंदिर के प्रबंधक सप्पू पाठक , नीलम पाठक, आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए आनलाइन प्रक्रिया हुई प्रारम्भ

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह निर्देशन में जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ०प्र० द्वारा कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, स्टिक, ब्लाइंडस्टिक, वाकर, एवं कान की मशीन आदि सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किये जाने हेतु विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल https://divyangjanup.upsdc.gov.in विकसित किया गया है। जनपद के ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण की आवश्यकता है, वह दिव्यांगजन संबंधित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय निम्नलिखित अभिलेखों, प्रपत्रों की आवश्यकता होगी- दिव्यांगता प्रदर्शित करती हुई एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो , जन्मतिथि, आयु प्रमाण पत्र आधार कार्ड/हाईस्कूल मार्कशीट, पहचान प्रमाण पत्र वोटर आई०डी०/ हाईस्कूल मार्कशीट / यू०डी०आई०डी० कार्ड, आय प्रमाण पत्र शहरी क्षेत्र में रु० 56,460.00 वार्षिक एवं ग्रामीण क्षेत्र में रु० 46,080.00 वार्षिक, दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यू०डी०आई०डी० कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, चिकित्सा अधिकारी का संस्तुति प्रमाण पत्र। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कमरा नं0-105, विकास भवन, माती, कानपुर देहात से संपर्क कर सकते हैं।

# ब्रेस्ट मिल्क एक्सप्रेशन रूम की हुई स्थापना, शिशुओ को मां का दूध मिलने होगा सहायक

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कालेज के सम्बद्ध हैलट अस्पताल के बाल रोग विभाग में लेक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट के अंतर्गत ब्रेस्ट मिल्क एक्सप्रेशन रूम का उद्घाटन कालेज प्राचार्य प्रो. डॉ संजय काला एवं इल्याना डाजूबा सहायक निदेशक हार्वर्ड यूनिवर्सिटी एरिडेना लैब के द्वारा किया गया। यह यूनिट कम्युनिटी एम्पावरमेंट लैब के सहयोग से स्थापित की गई है।

मेडिकल कालेज प्राचार्य प्रो. डॉ संजय काला ने बताया कि यह यूनिट केवल एक चिकित्सकीय सुविधा नहीं, बल्कि एक माँ के आत्मविश्वास, सुख और शिशु के जीवन की रक्षा का माध्यम बनेगी एवं शिशु मृत्यु दर को घटाने में सहायक होगी। इसी क्रम में

विभागाध्यक्ष बाल रोग डॉक्टर शैलेंद्र गौतम ने बताया की इस यूनिट की स्थापना एनआईसीयू के पास ही गायनी विभाग में की गई है जिससे माताएं ब्रेस्ट एक्सप्रेशन रूम में आकर अपना दूध अपने शिशु तक आसानी से पहुंचा सके। उन्होंने बताचा कि हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से इस यूनिट के लिए दो इलेक्ट्रिक ब्रेस्ट पंप और दस मैनुअल ब्रेस्ट पंप प्राप्त हुए हैं। इन उपकरणों की सहायता से माँ के दूध का संग्रहण कर, उसे समय रहते उसके शिशु तक एनआईसीयू में पहुँचाने में सक्षम होंगे।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागध्यक्ष डॉ रेनू गुप्ता ने बताया कि इन परिस्थितियों में गायनी विभाग एवं बाल रोग विभाग का मिला-जुला प्रयास है कि माँ का अमूल्य स्तन दूध किसी भी स्थिति में शिशु तक पहुँचे। इसके लिए इस यूनिट में एक 'ब्रेस्ट मिल्क "एक्सप्रेशन रूम"' की स्थापना की गई है, जहाँ माताएं सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में अपने दूध का संग्रहण कर सकेंगी, जिसे तत्परता से एनआईसीयू तक पहुँचाया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत माताओं को सहयोग दिया जाएगा जिसका केंद्र बिंदु उन माताओं की सहायता करना है, जिन्हें स्तनपान कराने में कठिनाई होती है। जैसे कि जिनका दूध पर्याप्त नहीं उतरता, या जिनके शिशु जन्म के बाद किसी चिकित्सकीय कारणवश नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भर्ती हो जाते हैं, जिससे माँ और शिशु के बीच शारीरिक दूरी बन जाती है। यह यूनिट माताओं को न केवल तकनीकी सहायता प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें स्तनपान की विभिन्न स्थितियाँ (ब्रेस्ट फिडिंग पोजिशन), दूध निकलने की विधियाँ, और लैक्टेशन मैनेजमेंट से जुड़ी सभी महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ भी दी जाएँगी।

## वैक्सीन प्रिवेन्टेवल डिसीज के सर्विलांस का डाटा यूटीएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन करने के लिए किया शुभारम्भ



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर देहात जनपद कानपुर देहात में जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा वैक्सीन प्रिवेन्टेवल डिसीज के सर्विलांस का डाटा यू०टी०एस०पी० पोर्टल पर ऑनलाइन करने हेतु शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० ए०के० सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नीलिमा यादव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी-डा० एस०एल० वर्मा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा० आशीष एपिडेमियोलॉजिस्ट डा० यतेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## वसूली गई राशि ब्याज सहित वापस करने का निर्देश



### जांच में आरोप से बरी तो ग्राम विकास अधिकारी को वसूली राशि वापसी का हक : हाईकोर्ट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ग्राम विकास अधिकारी दुद्धी पार्थ राज सिंह के खिलाफ लगाए गए आरोप साबित नहीं होने के कारण उनसे वसूली गई राशि आठ प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करने का निर्देश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार की एकलपीठ ने पार्थ राज सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। सोनभद्र के दुद्धी थाने में याची के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में एफआईआर दर्ज है। आरोप है कि गांव में सीमेंट की कुर्सी लगवाने के लिए आवंटित धन का घपला किया। विभागीय जांच के दौरान डीपीआरओ के आदेश से उससे 2 लाख 67 हजार रूपये की वसूली की गई। किंतु विभागीय जांच में बरी हो गया तो वसूली राशि वापस करने की मांग की।

याची अधिवक्ता ने कहा कि याची विभागीय जांच में बरी हो गया है। इसलिए वह वसूली राशि ब्याज सहित पाने का हकदार है। अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने भी कहा कि जांच में याची के खिलाफ आरोप साबित नहीं हो सके हैं। इस पर कोर्ट ने 7 अप्रैल, 2022 के वेतन से वसूली आदेश को रद्द कर दिया और वसूली गई 2,67,000 रुपये की राशि तुरंत वापस करने का निर्देश दिया।

# ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की मांगो को लेकर समर्थन मे कर्मचारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने, डीआरएम को ज्ञापन सौंपकर दस बिन्दुओं पर स्टेशन मास्टर्स की मांगों का जिक्र किया है।ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के कानपुर मंडल सचिव ज्ञानेंद्र कुमार पांडेय ने 10 बिंदुओं पर अपने लंबित समस्याओं के समाधान के लिये ज्ञापन देकर चर्चा की। जिसका समर्थन मे चकेरी रेलवे स्टेशन स्टाफ ने इस अभियान का समर्थन किया है। वही आज मजदूर दिवस के अवसर पर कानपुर में उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मजदूरों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई और सरकार से स्वास्थ्य जांच, आवास सुविधा और पुरानी पेंशन योजना के लाभ की मांग की गई।

हर साल एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस (लेबर डे) के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर पूरे सम्मान और गर्व के साथ श्रमिकों को सलाम किया जाता है। लेबर डे विश्व के उन करोड़ों श्रमिकों को समर्पित है, जिनकी मेहनत, लगन और समर्पण से देश प्रगति की दिशा में आगे बढ़ते हैं। अगर बात करें भारत की तो देश में लेबर डे यानी मजदूर दिवस की शुरुआत 1 मई 1923 में चेन्नई हुई थी। आज मजदूर दिवस के अवसर पर कानपुर में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल सचिव ज्ञानेंद्र कुमार पांडेय द्वारा किया गया। इस मौके पर डिवीजन मंडल मीडिया कोर्डिनेटर शिवम् राज , सतेंद्र ,अमित आदि पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने महिला मजिस्ट्रेट की कार में मारी टक्कर, कार के परखच्चे उड़ गए

कानपुर के चकेरी क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने महिला मजिस्ट्रेट की कार में टक्कर मार दी। कार के परखच्चे उड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार लगभग 50 मीटर तक घसीटती चली गई। कार में बैठे लोग घायल हो गए। इस मामले में महिला मजिस्ट्रेट के पति ने चकेरी थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है।आवास विकास हरदोई निवासी वैभव चंदेल के मुताबिक पत्नी प्रज्ञा सिंह गौतमबुद्ध नगर के दादरी में कार्यपालक मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात है। सोमवार को वो भाई संग कार से प्रयागराज हाईकोर्ट गई थी। वैभव चंदेल के मुताबिक पत्नी को वहां पर कुछ प्रशासनिक कार्य था। वहां काम निपटाने के बाद वो वापस लौट रही थी।चकेरी स्थित एलिवेटेड हाईवे पर गाड़ी 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही थी। उसी दौरान पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर कानपुर में सपा कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन समाजवादी नेताओं पर हुए हमलों और उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर किया गया ।

फूलबाग स्थित गांधी प्रतिमा पर आयोजित धरने में सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ता एकत्र हुए। सपा नगर अध्यक्ष फजल महमूद ने बताया कि पार्टी महासचिव राम जी लाल सुमन पर उनके आगरा स्थित निवास पर अराजक तत्वों ने हमला किया।

इसके अलावा, अलीगढ़ जाते समय सांसद पर भी पथराव किया गया। समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा है । इसमें उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए गए हैं । पार्टी का आरोप है कि वर्तमान सरकार राज्य की कानून व्यवस्था को संभालने में विफल रही है ।

समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष फजल महमूद के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी से आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई , सीसामऊ से विधायक नसीम सोलंकी, कैंट से विधायक मुहम्मद हसन रूमी के साथ ही समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक और शहर के समाजवादी पार्टी के पार्षद समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।




मेष : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

वृष : अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे।

मिथुन : कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

कर्क : कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

सिंह : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

कन्या : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

तुला : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

वृश्चिक : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

धनु : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्घ होंगे।

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्घिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा।

कुंभ : विद्यार्थियों को लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। ङ्कूषचतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

मीन : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

# श्रमायुक्त कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानुपर। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रम आयुक्त कार्यालय के मुख्य सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश मार्कण्डेय शाही द्वारा मजदूर दिवस पर प्रकाश डाला एवं श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याणर्थ विभिन्न बोर्डो द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। श्रमायुक्त मर्कण्डेय शाही ने गोष्ठी के दौरान उपस्थित लोगो को बताया कि उनके द्वारा 4 श्रम संहिताओ में गैप्स एंड डायवर्जन्स को दूर कर नई नियमावली प्रकाशित किए जाने पर भी प्रकाश डाला। गोष्ठी में उपस्थित भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री , सुखदेव मिश्र द्वारा विश्वकर्मा जयंती 17 सितंबर को मजदूर दिवस घोषित किए जाने संबंधी मांग की। उनकी इस मांग पर श्रमायुक्त ने प्रस्ताव तैयार कर शासन के निर्णायक प्रेषित किए जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। गोष्ठी में सेवायोजक बलराम नरूला द्वारा अपने विचार रखते हुए कहा गया कि जब उद्योग फले फूलेगा तभी श्रमिकों का उत्थान हो सकेगा। हिंद मजदूर सभा के विद्याकांत तिवारी, एस ए एम जैदी, एक्टू राणा प्रताप सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में मुख्य रूप सेअपर श्रमायुक्त श्रीमती सौम्या पांडे , श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव उपमायुक्त, जय प्रताप उपश्रमायुक्त, पंकज सिंह राणा, अजय कुमार मिश्रा आदि के साथ-साथ कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन अजय कुमार मिश्रा उपश्रमायुक्त द्वारा किया गया।

# मई दिवस : समस्याओं से ग्रस्त ,खुशियों से दूर आज भी मजदूर

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर। हर साल की तरह इस बार भी एक मई यानी मजदूर दिवस मनाया गया। रैलियां निकल गई। सभाएं हुई। समस्याओं के खिलाफ संघर्ष का ऐलान किया गया। ठीक सब कुछ वैसा ही जैसा मई यानी मजदूर दिवस पर हर साल किया जाता है। और शायद भविष्य में भी हमेशा ऐसा ही किया जाता रहेगा। इसके संदर्भ में यह भी मानना अनुचित नहीं होगा कि गरीबी शब्द ही मजदूर दिवस जैसे शब्द का सृजक है। और अगर गरीबी नहीं होती तो शायद मजदूर दिवस मनाया जाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। एक हिसाबसे हम सभी मजदूर ही हैं बस अंतर इतना है। कोई अमीर मजदूर है तो कोई गरीब मजदूर है। - - और इनमें अमीर मजदूरों से ज्यादा है गरीब मजदूर। यह मई दिवस उन्हें गरीब मजदूरों का है। और यह हमेशा यूं ही मनाया जाता रहेगा क्योंकि ऐसा नहीं लगता कि गरीब मजदूरों की संख्या अमीर मजदूरों से ज्यादा हो जाएगी। यहां अमीर मजदूर का मतलब उन सभी से है जो गरीब मजदूरों की तरह आज भी भूखे पेट नहीं सोते। जो आज भी बुनियादी सुविधाओं से दूर हैं। जिन्हें आज भी अपनी बेटियों की शादी करने के लिए भीख मांगनी पड़ती है। गंभीर बीमारियों के इलाज के अभाव में पैसे की वजह से जो आज भी दम तोड़ देते हैं। ईद पत्थर ढोये बगैर ,रिक्शा चलाए बगैर, बोझ उठाये बगैर और फावड़ा या हल चलाएं बगैर भूखे पेट सोने या नंगे बदन रहने को मजबूत होते हैं। संक्षेप में यह भी कहा जा सकता है कि, जिनके सपने रहते हमेशा चूर-चूर है, वो और कोई नहीं साहब, लोगों के शौक पूरे करने वाला एक मजदूर है।

जैसा कि सर्व विदित है कि इन मजदूरों और श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से हर साल दुनिया भर में मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूरों के नाम समर्पित यह दिन 1 मई है। मजदूर दिवस को 'लेबर डे, श्रमिक दिवस या मई डे' के नाम से भी जाना जाता है। श्रमिकों के सम्मान के साथ ही मजदूरों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने के उद्देश्य से भी इस दिन को मनाते हैं, ताकि मजदूरों की स्थिति समाज में मजबूत हो सके। मजदूर किसी भी देश के विकास के लिए अहम भूमिका में होते हैं। हर कार्य क्षेत्र मजदूरों के परिश्रम पर निर्भर करता है। मजदूर किसी भी क्षेत्र विशेष को बढ़ावा देने के लिए श्रम करते हैं। हर बार मजदूर दिवस की एक थीम होती है, जिसके आधार पर इन दिन को मनाया जाता है। इस वर्ष मजदूर दिवस 2024 की थीम 'जलवायु परिवर्तन के बीच काम की जगह पर श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना।'

# सपा कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट पर जोरदार धरना-प्रदर्शन

## रामजीलाल सुमन के काफिले पर हुए हमले के विरोध में किया धरना, हमलावरों को प्रदेश सरकार का संरक्षक प्राप्त : सांसद रुचि वीरा

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



**मुरादाबाद।** अलीगढ़ में हुए रामजीलाल सुमन पर हमले में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर 27 अप्रैल को अलीगढ़ के गभाना में हमला हुआ था।

सपा सांसद की गाड़ियों के काफिले के साथ आगरा से बुलंदशहर जा रहे थे। गभाना टोल प्लाजा से पहले क्षत्रिय समाज के युवक अचानक हाईवे पर आ गए थे। इन्होंने सपा सांसद के काफिले पर टायर और पत्थर फेंके। हमले के बाद समर्थकों और पुलिस कर्मियों ने रामजीलाल को सुरक्षा घेरे में ले लिया था। मोदी-योगी होश में आओ के नारे लगाते हुए सपाई कलेक्ट्रेट में दाखिल हुए। इस बीच करणी सेना के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग वाले नारे भी सपाईयों ने खूब लगाए। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता और कार्यकताओं के हाथों में डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीरें नजर आईं। प्रदर्शन के बाद सपा नेताओं ने एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा है। जिसमें करणी सेना के कार्यकताओं पर कड़ी कार्रवाई समेत कई मांगें की गई हैं। राणा सांगा को गद्दार कहने वाले समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन पर हमले के विरोध में बृहस्पतिवार को सपाई पूरे प्रदेश में प्रदर्शन कर रहे हैं।

मुरादाबाद में भी सपा सांसद रुचिवीरा और पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन की अगुवाई में सपा कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। दलित उत्पीड़न को लेकर सपा का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन पर लगातार हमलो को लेकर सपा में आक्रोश है। बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में सपा नेता और कार्यकर्ता चक्कर की मिलक स्थित पार्टी कार्यालय पर इकट्ठे हुए। यहां से जुलूस की शक्ल में कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर जबरदस्त नारेबाजी कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अनुज सिंह को दिया। मौके पर मौजूद सपा सांसद रुचि वीरा ने कहा कि हमलावर को प्रदेश सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इसी कारण उनके हौसले बुलंद है। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष जयवीर यादव, महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली सानू, तुंगीश यादव कुलदीप तुरैहा, गजेंद्र सिंह यादव ,प्रेमपाल यादव, फरीद मलिक समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांठ में भाजपा की एक राष्ट्र एक चुनाव की बैठक हुई आयोजित



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** कांठ विधानसभा की वैश्य धर्मशाला कांठ में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी जिला मुरादाबाद द्वारा व्यापारी वर्ग संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप डॉ जयपाल सिंह व्यस्त सदस्य विधान परिषद ने विचार रखते हुए कहा कि आज एक राष्ट्र एक चुनाव की जरूरत है। भाजपा कार्यकताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर देशभर में जानकारी देने की मुहिम शुरू की है। कांठ में आयोजित कार्यक्रम में डॉ जयपाल सिँह व्यस्त सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश ने चुनावों को एक साथ कराने के लाभ बताए। उन्होंने कहा,एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर देशभर में भाजपा कार्यकताओं द्वारा जानकारी देने की एक मुहिम चलाई जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को शिक्षक विधायक द्वारा कांठ में जानकारी दी गई। कांठ विधानसभा की वैश्य धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के शिक्षक एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने की। उन्होंने बताया की देश को आजाद कराने में युवाओं ने अपनी जान की परवाह तक नही की। भगतसिंह जैसे सूरवीरों के बलिदान के बाद भारत को आजादी मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र की महिला ने थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मंगलवार को सुबह नौ बजे गांव के ही इरफान पुत्र अनवार और आशिया पति इरफान मेरे घर पर आकर गन्दी-गन्दी गालियां देने लगे जब मैंने बाहर आकर देखा तो यह तीनों मुझे तथा मेरी छोटी बहन को और मेरी लड़की को रोड पर मारने पीटने लगे हमने शोरगुल किया तो मोहल्ले के लोग जमा हो गए। लोगों को आते देख यह तीनों हमें जान से मारने की धमकी देकर भाग गए पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### दो उपनिरीक्षकों का हुआ स्थानांतरण

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**भोजपुर।** अपर पुलिस महानिरीक्षक बरेली ने मुरादाबाद परिक्षेत्र में अपना निर्धारित कार्यकाल पूरा करने पर भोजपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक रामकुमार और विनोद कुमार का स्थानांतरण बरेली क्षेत्र को कर दिया है।

### किसानों के स्टाटर और बिजली के ट्रांसफॉर्म का सामान चोरी,स्टाटर की चोरी से किसान परेशान फसलों को नुकसान

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मैनाठेर।** एक दर्जन से अधिक किसानों के स्टाटर चोरी और आधा दर्जन बिजली के ट्रांसफार्मर का



सामान चोरी किसान परेशान। क्षेत्र के असालत नगर बघा के जंगल में मंगलवार की बीती रात चोरों ने एक दर्जन से अधिक किसानों के स्टाटर चोरी कर लिए वहीं नलकूपों पर लग रहे बिजली के ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर लिया गया। जिससे किसान परेशान होकर थाने पहुंचे जहां किसान हरज्ञान सिंह सोमपाल ताहिर मुंताज नरेश लल्लू सिंह रामकिशोर सलीम सहित आदि किसानों ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

# राजकीय महाविद्यालय भोजपुर में वार्षिकोत्सव एवं अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिए



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** राजकीय महाविद्यालय भोजपुर में बृहस्पतिवार को वार्षिकोत्सव एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रत्नेश चंद्र त्रिपाठी, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ता है।

# महिला हेल्पडेस्क को ओर प्रभावशाली बनाया जाए पुलिस अधीक्षक नगर

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं, प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा नगर क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक



प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से आपके थाने से उच्चाधिकारीगण के कार्यालय आने की आवश्यकता न हो।

साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है। उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना, ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



**नेशनल एक्सप्रेस आसिफ वारसी**

**मैनाठेर।** लगातार हो रही चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे ही मामला कोतवाली के क्षेत्र अंतर्गत का है। जहां बुधवार की रात्रि में कोतवाली के पीछे और आगे तीन घरों को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। लेकिन जाग होने पर ग्रामीणों की मदद से दो चोरों को पकड़ लिया गया है। दोनों चोर तौफीक के घर में घुसे थे। चोर तौफीक के घर पर जाग होने पर चोरों को पकड़ा इसके बाद लोगों ने ग्राम प्रधान को इसकी जानकारी दी।

जिससे कि ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। लेकिन तब तक पुलिस मौके पर पहुंची।उससे पहले ही ग्रामीणों ने चोरों को पकड़कर थाने लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना नाम पता आसिफ पुत्र मसीत अय्यूब निवासी लाइन पार कुंदरकी, मोहम्मद फैज पुत्र रियासत निवासी दीपा सराय एक मीनार वाली मस्जिद संभल थाना नकाशा, इससे एक दिन पूर्व क्षेत्र के ही असालत नगर बघा में दर्जन भर ट्यूवेल के स्टार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए और ट्रांसफॉर्म से सामान भी चुरा ले गए इसके बाद ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। लेकिन पुलिस द्वारा कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। कोतवाली से सो

मीटर के आगे पीछे चोरों ने तीन घरों को अपना निशाना बनाया वही तीन दिन पूर्व एक चोरी के आरोपी को पकड़कर ग्रामीणो ने डींगरपुर चौकी पुलिस के सुपुर्द किया ।लेकिन चोर पुलिस को कुछ समय बाद ही चकमा देकर चौकी से फरार हो गया।

मीडिया को जानकारी होने पर जब थाना प्रभारी से बात की गई तो पुलिस हरकत में आ गई और देर रात में ही चोरी के आरोपी को पकड़कर थाने लाया गया। और आरोपी चोर पर कार्यवाही हुई। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है और लोग स्टाटर चोरी को लेकर काफी परेशान है क्योंकि फसल बुवाई के लिए फसल के लिए पानी की जरूरत है लेकिन ट्यूबेल बंद होने से उनकी फसलें बर्बाद हो रही है समय पर पानी न मिलने से खेती लेट हो रही है। एक मैरिज हॉल के सामने से एक मोटरसाइकिल चोरी का मामला भी सामने आया है लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में पुलिस की कार्य को लेकर भी चचाएं हो रही है। पुलिस ने पकड़े गए चोरों को मोबाइल व पैसे बरामद कर जेल भेज दिया है।

# दीवार बनाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट एक गंभीर रूप से घायल



**नेशनल एक्सप्रेस आसिफ वारसी**

**मैनाठेर।** बाबू पुत्र साबिर निवासी ताहरपुर ने मंगलवार की सुबह पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि जाने आलम,शाने आलम पुत्रगढ़ मुन्नै से बुनियाद को कम ज्यादा भरने को लेकर मेरे बेटे जीशान से कहा सुनी हो गई।

तभी मेरे बेटे को दोनों भाई मिलकर गंदी-गंदी गालियां देने लगे मेरे बेटे जीशान ने गाली देने से मना किया तभी दोनों भाइयों ने मिलकर मेरे बेटे से मारपीट शुरू कर दी और मेरे बेटे के सर पर ईंट मार दी जिससे कि मेरे बेटे के सर में खुली चोट लग गई और खून बहने लगा।

पुलिस ने घायल को उपचार के लिए कुंदरकी के सीएचसी भेज दिया। घायल युवक के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों भाई जाने आलम और शाने आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 15 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर किया जोरदार धरना प्रदर्शन

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में पूरे प्रदेश में अपनी पंद्रह सूत्रीय मांगों को लेकर परिषदीय शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया। परिषदीय शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एकत्रित हुए। धरने में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जनपद की समस्त जिला कार्यसमिति,संघर्ष समिति तथा जनपद के समस्त विकास खंडों के ब्लॉक कार्यसमिति,संघर्ष समिति के पदाधिकारीगण,ब्लॉक अध्यक्ष-मंत्री तथा बहुत अधिक मात्रा में जनपद के शिक्षक उपस्थित रहे। उ0 प्र0बेसिक शिक्षा परिषद विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों,समस्याओं के निराकरण हेतु अनवरत प्रयासरत हैं। परन्तु अभी तक विभाग,शासन की ओर से माँगों,समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में कोई कार्यवाही न किये जाने से शिक्षक समुदाय अत्यंत क्षुब्ध एवं आहत है। जिसके कारण शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रान्तीय कार्यसमिति के निर्णय अनुसार बृहस्पतिवार को समस्त शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्र होकर अपनी माँगों के समर्थन में शांतिपूर्ण ढंग से धरना दिया एवं जिला अधिकारी के माध्यम से अपने माँग पत्र की प्रमुख मांगें एक अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन प्रणाली से आच्छादित किया जाये। विशिष्ट बी0टी0सी0 2004 बैच,बी0टी0सी02001 एवं 2004 बैच, उर्दू बी0टी0सी0 2005 बैच तथा अन्य ऐसे परिषदीय शिक्षक जिनकी भर्ती का विज्ञापन एक अप्रैल 2005 से पूर्व हुआ था, परन्तु नियुक्ति उसके पश्चात हुई थी, को पुरानी पेंशन प्रणाली से आच्छादित किये जाने से सम्बंधित शासनादेश निर्गत किया जाये। एक दिसम्बर 2008 के पश्चात पदोन्नति प्राप्त शिक्षक जिनका पे ग्रेड रुपये 4600 है उनको न्यूनतम रुपये 17140 तथा जिनका पे ग्रेड रुपये 4800 है उनको





न्यूनतम रुपये 18150 का मूल वेतन प्रदान किया जाये।

कोरोना काल के पश्चात टाइम एण्ड मॉशन स्टडी आदेश के अंतर्गत कोरोना काल में बाधित शिक्षण कार्य को पूर्ण किये जाने हेतु ग्रीष्मकाल में विद्यालयों के संचालन का समय प्रातः आठ बजे से दोपहर दो बजे तक निर्धारित किया गया था।प्रदेश में व्याप्त भीषण गर्मी के कारण उक्त संचालन समय को पूर्व की भांति प्रातः सात बजे से दोपहर बारह बजे तक किया जाये। वर्ष 2015 के बाद उ0प्र0बेसिक शिक्षा परिषद शिक्षकों की कोई पदोन्नति नहीं हुई है।चयन वेतनमान में एक ही पद पर 12 वर्ष पूर्ण करने के पश्चात प्रोन्नत वेतनमान प्रदान किये जाने की व्यवस्था है, परन्तु 2005 के पश्चात प्रोन्नत वेतनमान दिये जाने की कार्यवाही भी नहीं की गयी है।अतः एक माह के अन्दर शिक्षकों की पदोन्नति प्रोन्नत वेतनमान प्रदान किये जाने हेतु निर्देश जारी किये जायें। अन्तः जनपदीय पारस्परिक स्थान्तरण में भी अंतर्जनपदीय स्थान्तरण की भांति प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय एवं सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय को एक दूसरे के साथ पारस्परिक स्थान्तरण की व्यवस्था प्रदान की जाये। उ0प्र0बेसिक शिक्षा परिषदीय शिक्षकों के अन्तः जनपदीय एवं अंतर्जनपदीय सामान्य स्थान्तरण विगत कई वर्षों से नहीं हो रहे हैं।सामान्य स्थान्तरण किये जाने हेतु आदेश,निर्देश निर्गत किया जाये।अंतर्जनपदीय स्थान्तरण में शिक्षक की सेवा अवधि को 50 प्रतिशत भारांक के अंतर्गत रखा जाये। आकांक्षी जनपदों के शिक्षकों का भी अंतर्जनपदीय स्थान्तरण किया जाये। महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों के सामान्य भविष्य निधि से अग्रिम आहरण, विभिन्न प्रकार के अनापत्ति प्रणाम पत्र के निर्गमन, प्रोन्नत वेतनमान एवं चयन वेतनमान की स्वीकृति, समस्त अनुशासनिक कार्यवाहियों एवं निर्गत नोटिसों का निस्तारण तथा मानव सम्पदा पोर्टल पर संशोधन,अपडेशन संबंधी प्रकरणों का निस्तारण मानव सम्पदा पोर्टल के मॉड्यूल के माध्यम से किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं।उक्त मॉड्यूल ठीक ढंग से कार्य नहीं कर रहा है जिसके कारण शिक्षकों के उक्त कार्य बाधित हैं मॉड्यूल को ठीक ढंग से संचालित किये जाने की कार्यवाही की जाये, साथ ही प्रोन्नत वेतनमान एवं चयन वेतनमान की स्वीकृति की प्रक्रिया में संशोधन करते हुए अन्य कार्यों की भाँति उसको भी शिक्षक के मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से आवेदित किये जाने की व्यवस्था की जाये। कतिपय शिक्षकों के मानव सम्पदा पोर्टल में उनके व्यक्तिगत विवरण एवं उनको प्राप्त होने वाले विभिन्न अवकाशों के अंकन में त्रुटियाँ होती हैं।उक्त त्रुटियों में संशोधन की प्रक्रिया अत्यंत जटिल है। जिन शिक्षकों के मानव सम्पदा पोर्टल के विवरण में उक्त त्रुटियाँ पायी जाती हैं उस शिक्षक द्वारा आनलाईन आवेदन खण्ड शिक्षा अधिकारी को भेजा जाता है।खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त आवेदन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पोर्टल पर फारवर्ड किया जाता है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त आवेदन को महानिदेशक कार्यालय में भेजा जाता है।वहाँ से त्रुटियों का संशोधन किया जाता है, परन्तु संशोधन विवरण का स्टेटस पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं होता।ऐसी दशा में विवरण में संशोधन हुआ अथवा नहीं, इसकी जानकारी नहीं हो पाती इस संशोधन की प्रक्रिया को यदि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सम्पादित कराया जाये, तो त्रुटिपूर्ण विवरणों को संशोधित कराना सरल हो जायेगा।अतः शिक्षकों के मानव सम्पदा पोर्टल पर अंकित त्रुटिपूर्ण विवरणों को संशोधित करने का अधिकार सम्बंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रदान किया जाये।

# पत्रकारों की समस्याओं पर मुख्यमंत्री से करूंगा पैरवी: मयंकेश्वर शरण सिंह

### मजदूर दिवस पर पत्रकारों की सभा में पेंशन, सुरक्षा, चिकित्सा और सुविधाओं को लेकर उठीं मांगें

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**








**लखनऊ।** मजदूर दिवस के अवसर पर यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन और यू.पी. प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पत्रकारों की सभा में पत्रकार कल्याण को लेकर कई महत्त्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश सरकार में संसदीय कार्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने पत्रकारों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए आश्वासन दिया कि वे पत्रकारों की पेंशन, स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री से वकील की तरह मजबूती से पैरवी करेंगे। उन्होंने पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब में वाटर कूलर लगवाने की घोषणा भी की, जो सभा में उपस्थित पत्रकारों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर पत्रकार यूनियन ने मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें पत्रकारों से जुड़ी कई पुरानी और लंबित मांगों को रेखांकित किया गया।

#### प्रमुख मांगें और मुद्दे

- पत्रकार पेंशन योजना को तत्काल लागू करने की मांग
- पत्रकार सुरक्षा कानून का निर्माण
- पीजीआई में सभी पत्रकारों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा
- त्रिपक्षीय समिति का गठन, जो पत्रकार उत्पीड़न के मामलों की निगरानी करे
- सस्ते भूखंडों की उपलब्धता
- छोटे व मझोले समाचार पत्रों को विज्ञापन में आरक्षित कोटा
- न्यूज वेबसाइट पत्रकारों के लिए मान्यता और नियमावली
- दिवंगत पत्रकारों के परिजनों को आर्थिक सहायता हेतु स्पष्ट नीति
- आयुष्मान योजना का विस्तार और प्रभावी क्रियान्वयन
- रेल किराए में पूर्ववत छूट बहाल करने हेतु केंद्र सरकार से सिफारिश
- मीडिया काउंसिल का गठन (प्रेस काउंसिल के स्थान पर)
- टोल टैक्स में पत्रकार वाहनों को छूट देने की मांग

इस अवसर पर आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव ने कहा, ₹पत्रकारों को बुद्धिजीवी नहीं, श्रमजीवी माना जाए,₹ और उनके अधिकारों की रक्षा की पुरजोर वकालत की। प्रेस क्लब अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने पत्रकारों की पेंशन को सरकार द्वारा तुरंत लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। यूनियन अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने कहा कि पत्रकारों के लिए कल्याणकारी योजनाएं सिर्फ कागजों में नहीं, धरातल पर लागू हों। सभा से पूर्व जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की गई। शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु दो मिनट का मौन रखा गया और सरकार के जवाबी कदमों का समर्थन किया गया।

इस अवसर पर शिव शरण सिंह, प्रेमकांत तिवारी, देवराज सिंह और विश्वदेव राव सहित कई वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार रखे और यूनियन की मांगों का समर्थन किया।

# निर्वाचन सुधार की दिशा में अहम कदम: मृत्यु पंजीकरण डेटा, पहचान-पत्र और स्मार्ट सूचना पर्ची

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची की सटीकता सुनिश्चित करने और मतदान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाने हेतु तीन महत्त्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ये निर्णय मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान लिए गए थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मार्गदर्शन में लागू इन पहलों के समय पर क्रियान्वयन हेतु निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी भी सम्मिलित रहे।

#### 1. मृत्यु पंजीकरण डेटा का उपयोग

निर्वाचन आयोग अब मृत व्यक्तियों के नाम स्वतः मतदाता सूची से हटाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इसके तहत, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को भारत के महापंजीयक से मृत्यु पंजीकरण का डेटा सीधे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्य निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (संशोधित 2023) की धारा 3(5)(ख) के अंतर्गत किया जाएगा।

इससे मृतकों के नाम सूची से हटाने के लिए अब औपचारिक अनुरोध की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। संबंधित क्षेत्र के बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) फील्ड सत्यापन के बाद मृतकों के नाम स्वतः सूची से हटाने की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। इससे मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

#### 2. बीएलओ के लिए मानक पहचान-पत्र

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13ख(2) के तहत नियुक्त सभी बीएलओ को अब मानक फोटो युक्त पहचान-पत्र जारी किए जाएंगे। इसका उद्देश्य मतदाताओं और बीएलओ के बीच भरोसेमंद संपर्क और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। बीएलओ जब मतदाता सूची के सत्यापन या अन्य डोर-टू-डोर कार्यों के लिए जाएंगे, तो पहचान-पत्र दिखाकर वे नागरिकों का विश्वास प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल नागरिक सहभागिता को मजबूत करेगी।

#### 3. मतदाता सूचना पर्ची का नया डिजाइन

आयोग ने मतदाता सूचना पर्ची के प्रारूप को अधिक उपयोगी और स्पष्ट बनाने का निर्णय लिया है। अब पर्ची में मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या को बड़े और प्रमुख फॉन्ट में दशार्या जाएगा, ताकि मतदाता मतदान केंद्र और सूची में खुद की पहचान आसानी से कर सकें। इससे विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा मिलेगी। नया डिजाइन मतदान प्रक्रिया को सरल, व्यवस्थित और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है।

## संक्षिप्त समाचार

### खादी ग्रामोद्योग विभाग देगा निःशुल्क सेमी मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन, 15 मई तक ऑनलाइन करें आवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित निःशुल्क टूल किट्स वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में दोना-पत्तल बनाने वाले कारीगरों और परम्परागत हस्तशिल्पियों को आधुनिक सेमी मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन निःशुल्क वितरित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 15 मई 2025 तक ४स्र'ङ्ग्.ङ्क्ष९.ल्ल वेबसाइट के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

खादी ग्रामोद्योग विभाग के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत लखनऊ जनपद में कार्यरत दोना-पत्तल निर्माण एवं विक्रय कार्य से जुड़े कारीगरों, परम्परागत हस्तशिल्पियों तथा इस उद्योग में रूचि रखने वाले व्यक्तियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आधुनिक मशीनें वितरित की जाएंगी। आवेदन के लिए आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य होनी अनिवार्य है।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ए.के. गौतम ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के साथ आवेदकों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण-पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र व संस्तुति पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण-पत्र तथा मोबाइल नम्बर जैसे दस्तावेज संलग्न करने होंगे। पात्र लाभार्थियों का चयन शासन द्वारा गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय, 8, कैण्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ में योजना की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी हेतु मो.नं. 9580503141 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### उन्नाव के पर्यटन को लगेगा विकास का पंख: 887.92 लाख की चार परियोजनाओं को स्वीकृति

**अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जन्मस्थली पर बनेगा बहुउद्देशीय हॉल**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपद उन्नाव में पर्यटन सुविधाओं को विस्तार देने के लिए 887.92 लाख रुपये की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इन परियोजनाओं के निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को सौंपी गई है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि स्थानीय रोजगार और सांस्कृतिक पहचान को भी नया जीवन मिलेगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं में सबसे अहम योजना अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जन्मस्थली बदरका (जनपद उन्नाव) से जुड़ी है। यहां 618.44 लाख रुपये की लागत से एक बहुउद्देशीय हॉल और विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इस परियोजना हेतु 2 करोड़ रुपये की प्रथम किस्त पहले ही जारी की जा चुकी है।

इसके अतिरिक्त जनपद उन्नाव के अन्य धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए भी परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं:

- मानदेवी मंदिर, सरोसी (उन्नाव सदर) झ 92.12 लाख रुपये
- बिछिया जालिपा देवी मंदिर, पुरवा झ 102.90 लाख रुपये
- तैलहैही माता मंदिर, सफीपुर झ 74.90 लाख रुपये

इन स्थलों के सौंदर्यीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं की स्थापना से उन्नाव जनपद को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी। परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्र में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलने की संभावना है।

# लापता महिला की तलाश में पुलिस नाकाम, पति और बच्चों का बुरा हाल

### महिला के पति ने अज्ञात व्यक्ति पर अपहरण करने का लगाया आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**गोंडा।** जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर (कौड़हा जगदीशपुर) से पंद्रह दिन पहले लापता हुई एक महिला को पुलिस अभी तक बरामद नहीं कर सकी है। महिला के पति ने अज्ञात व्यक्ति पर अपहरण का आरोप लगाया है, लेकिन पुलिस की सुस्त कार्यशैली से परिवार में आक्रोश और निराशा बढ़ रही है। पति ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई,मगर उनकी शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने मामले में केवल गुमशुदगी का मामला दर्ज कर खानापूर्ति की,जिससे कटरा बाजार थाने की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

लापता महिला का पति अपनी पत्नी की तलाश में थाने के चक्कर काट रहा है लेकिन पुलिस की ओर से कोई प्रगति नहीं दिख रही। इस घटना ने महिला के पांच बच्चों को भी गहरे सदमे में डाल दिया है, जो अपनी मां के

**एसपी से गुहार लगाने के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई**

गायब होने से परेशान और हैरान हैं। परिवार का कहना है कि पुलिस न तो कोई सुराग लगा सकी है और न ही मामले को गंभीरता से लिया। पति का आरोप है कि पुलिस उनकी शिकायत को नजरअंदाज कर रही है, जिससे उनका भरोसा कानून व्यवस्था पर से उठता जा रहा है। स्थानीय लोगों में भी पुलिस की लापरवाही को लेकर गुस्सा है। ग्रामीणों का कहना है कि कटरा बाजार थाना पुलिस अक्सर शिकायतों पर ध्यान नहीं देती। इस मामले ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस की निष्क्रियता के चलते परिवार अब सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर मदद की गुहार लगा रहा है। पुलिस को चाहिए कि वह इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर लापता महिला को बरामद करे, ताकि परिवार को राहत मिल सके।

# जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न, संगठन सृजन पर हुई चर्चा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




**गोंडा।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निदेर्शानुसार 15 अगस्त तक बूथ स्तर तक संगठन निर्माण के साथ ही जिले ब्लॉक तहसील स्तर पर संगठन सृजन पर चर्चा की गई ।इस संबंध में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय इंदिरा भवन दिल्ली में देश भर के जिलाध्यक्षों की बैठक में राष्ट्रीय और प्रांतीय नेतृत्व द्वारा बूथ स्तर तक संगठन से जन अभियान के तहत जिले से लेकर के भूत तक संगठन निर्माण की तिथि कर दी गई है इसी क्रम में एक सप्ताह के अंदर जिला कांग्रेस कमेटी का गठन कर ब्लॉक स्तर तक उनकी जिम्मेदारी को तय किया जाना है आज तमाम लोगों द्वारा जिला एवं ब्लाक कमेटियों के लिए नाम सुझाए गए हैं शीघ्र ही जिला कांग्रेस कमेटी और ब्लॉक अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी ।जिले भर से आए हुए सैकड़ो पूर्व और निवर्तमान पदाधिकारीयों का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष ने सभी से नियत तिथि के पूर्व ही जिले से लेकर बूथ स्तर तक संगठन सृजन हेतु सबके सुझाव आमंत्रित हैं सब की सलाह के अनुसार ही नई कमेटी का गठन किया जाएगा आप सभी लोग अभी से ही जिम्मेदारों के नाम को तय करना शुरू कर दें

इसी तरह शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी ने भी शहर कांग्रेस कमेटी के साथ ही वार्ड तक कमेटी गठन के लिए उपस्थिति नेताओं के सुझाव आमंत्रित किए ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अरशद खान लोदी पूर्व प्राचार्य बृजेश द्विवेदी, शिव कुमार दूबे,अफजल खान, रघुपति त्रिपाठी, इरशाद हुसैन, अरविंद शुक्ला, जगदीश यादव, राम सिंह सहित सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# श्रमिक दिवस पर जनपद गोंडा में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य परीक्षण अभियान का आयोजन

### पेरी-अर्बन ग्रामों में चला वृहद स्वच्छता अभियान, सफाई कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



**गोंडा।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देश एवं मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में जनपद गोंडा के 43 पेरी-अर्बन ग्रामों में एक दिवसीय वृहद स्वच्छता एवं स्वास्थ्य परीक्षण अभियान संचालित किया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थलों, नालियों एवं सड़कों की साफ-सफाई कराई गई तथा रोगों की रोकथाम हेतु फॉगिंग कार्य भी सम्पन्न कराया गया।

अभियान के दौरान ग्राम पंचायतों से कुल ₹5963 का स्वच्छता शुल्क एकत्र किया गया, जिससे ग्रामीणजन की सहभागिता सुनिश्चित हुई। यह अभियान न केवल स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ, अपितु श्रमिकों के सम्मान में स्वास्थ्य संबंधी पहल के रूप में भी महत्वपूर्ण रहा ।सफाई कार्यों के साथ-साथ सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हलधरमऊ में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित कर्मियों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया ।इसी क्रम में करनैलगंज विकास खंड के अंतर्गत नारायणपुर माझा एवं ढेमा ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग की भी सफाई कराई गई।

उक्त अभियान का उद्देश्य श्रमिकों के योगदान को सम्मान देना, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को प्राथमिकता देना एवं जनमानस को सामूहिक प्रयासों हेतु प्रेरित करना रहा।

# अविवादित वरासत प्रकरणों में लापरवाही पर जिलाधिकारी का कड़ा रुख

### तीन लेखपालों के विरुद्ध की परिनिन्दा प्रविष्टि

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**गोण्डा।** जनपद में राजस्व कार्यों की पारदर्शिता एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा सतत रूप से समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में अविवादित वरासत से संबंधित आवेदनपत्रों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब एवं गंभीर लापरवाही बरतने पर तीन लेखपालों के विरुद्ध मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि (परिनिन्दा) की कार्यवाही की गई है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, लेखपाल श्री जय प्रकाश वर्मा(क्षेत्र-सिंहवापुर, तहसील-सदर), श्री केशव चरन लाल (क्षेत्र-सीर बनकट) एवं श्री राज कुमार पाण्डेय (क्षेत्र-पकवान गांव, तहसील-तरबगंज) द्वारा दिनांक 29.04.2025 तक पोर्टल पर

**समयबद्ध निस्तारण में चूक पर लेखपालों को चेतावनी, भविष्य में होगी कठोर कार्यवाही**

प्रदर्शित स्थिति के अनुसार नियत समयावधि के उपरांत भी आवेदन पत्र लंबित रखे गये, जो स्पष्टतः धारा-33, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अंतर्गत गंभीर लापरवाही का द्योतक है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि अविवादित वरासत के आवेदनपत्रों का नियत समय में निस्तारण शासन तथा मा० राजस्व परिषद द्वारा अत्यन्त संवेदनशीलता से लिया जाता है और उच्चस्तरीय पर्यवेक्षण में इसकी नियमित समीक्षा की जाती है। लेखपालों द्वारा की गई लापरवाही से न केवल प्रशासनिक निर्देशों की अवहेलना हुई, अपितु जनपद की छवि को भी आघात पहुँचा है ।उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने लेखपालों के विरुद्ध 'परिनिन्दा' की प्रविष्टि की है एवं उन्हें कड़े शब्दों में आगाह किया है कि भविष्य में यदि ऐसी पुनरावृत्ति पाई गई तो कठोर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त आदेश की प्रतिलिपि सम्बन्धित लेखपालों को उपलब्ध कराकर इसकी अंकना सेवा अभिलेखों में सुनिश्चित करें तथा तीन दिवस के भीतर तामिला रिपोर्ट सहित अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें। साथ ही, उपजिलाधिकारी एवं मुख्य राजस्व अधिकारी को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचित किया गया है।

# लखनऊ में बनेगा देश का पहला नौसेना शौर्य संग्रहालय

### युवाओं को देगा प्रेरणा और गौरव का अनुभव

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित इकाना स्टेडियम के समीप भारतीय नौसेना को समर्पित एक अत्याधुनिक शौर्य संग्रहालय की स्थापना कार्य प्रगति पर है। यह संग्रहालय न सिर्फ नौसेना के शौर्य, पराक्रम और ऐतिहासिक उपलब्धियों का जीवंत चित्रण करेगा, बल्कि युवाओं, छात्रों और शोधकताओं को देश की सामरिक शक्ति और वीरगाथाओं से भी जोड़ेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार, संग्रहालय में रिटायर्ड युद्धपोतों, मिसाइल, टारपीडो, हेलीकॉप्टर, वायुयान और अन्य नौसेना उपकरणों का प्रदर्शन होगा। आईएनएस गोमती से जुड़े कई उपकरण भी संग्रहालय का हिस्सा होंगे।

इस भव्य संग्रहालय में वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी, इंटरएक्टिव डिस्प्ले और मल्टीमीडिया के जरिए आगंतुकों को नौसेना की रोमांचकारी और प्रेरणादायक गाथा का अनुभव कराया जाएगा। विभिन्न युगों और अभियानों को समर्पित जोन, स्मृति उद्यान और बच्चों के लिए विशेष इंटरएक्टिव इंस्टॉलेशन इस संग्रहालय को अनूठा बनाएंगे।

जयवीर सिंह ने बताया कि यह संग्रहालय न केवल पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा, बल्कि यह भावी पीढ़ियों को सैनिकों की वीरता, देशभक्ति और बलिदान से प्रेरणा लेने का अवसर भी देगा।

# लूट के खुलासे को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

» **नेशनल एक्सप्रेस**

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के गांधी चौराहा में व्यापारियों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें व्यापारियों ने बीते वर्ष सराफा व्यवसाई से हुई लूट के खुलासे पर नाराजगी जताई गई। पीड़ित सरार्फा व्यापारी हरिओम सोनी ने भी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। बैठक में मौजूद पीड़ित पूरे गुरदी मजरे कोरिहरा निवासी हरिओम सोनी पुत्र मंसाराम सोनी ने बताया कि गत वर्ष 2 सितंबर को बदमाशों ने सेमरपहा गांव के गणेशन मंदिर के निकट गोली मारकर उससे 13 लाख रुपये कीमत के जेवरातों से भरा बैग लूट लिया था। इस मामले में वह लगातार पुलिस अधिकारियों से खुलासे की मांग कर रहे थे। शुक्रवार को पुलिस ने उन्हें बुलाया और कहा कि लुटेरे पकड़ लिए गए हैं। हरिओम ने बताया कि वह इलाज के सिलसिले में लखनऊ में था। पुलिस की सूचना पर वह सीधे जिले के सिविल लाइंस चौराहे पहुंचा। जहां से पुलिसकर्मी उन्हें निजी वाहन से कोतवाली लेकर आए। पीड़ित का आरोप है कि



कोतवाली में जबरन दस्तखत करा लिए गए। उसे ना तो लूटा गया माल दिखाया गया, ना ही आरोपियों की पहचान कराई गई। हरिओम का कहना है कि उन्हें पुलिस की ओर से किया गया खुलासा मनगढ़ंत और झूठा लग रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसने मुख्यमंत्री, डीजीपी और पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर पुलिस की नई टीम से निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

### अग्निकांड में प्रभावित व्यक्तियों को मिलेगी सहायता धनराशि : तहसीलदार लालगंज

» **नेशनल एक्सप्रेस**

रायबरेलीः तहसीलदार लालगंज ध्रुव नारायण यादव ने बताया है कि 23 अप्रैल 2025 को ग्राम चकवापुर मजरे बेहटाकलां परगना सरेनी तहसील लालगंज जनपद रायबरेली में अज्ञात कारण से अग्निकाण्ड हुआ। इस अग्निकाण्ड में 14 व्यक्तियो के मकान प्रभावित हुये तथा 01 प्रभावित व्यक्ति के 08 पशुओ की पशुहानि हुई। उन्होंने बताया कि इसके सम्बंध में 23 से 25 अप्रैल 2025 तक लगातार वांछित अभिलेखों (आधार कार्ड, बैंक खाता व पोस्टमार्टम रिपोर्ट) उपलब्ध कराने हेतु सम्पर्क व प्रयास किया गया। प्रभावित व्यक्तियो के वांछित अभिलेख 26 अप्रैल 2025 को प्राप्त हुये, तत्क्रम में सहायता राशि से सम्बंधित बिल बनाकर भुगतान हेतु जिला मुख्यालय को भेज दिया गया है।



# स्टेशन के गेट पर बने मंदिर को ना तोड़े जाने की मांग

## हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मिले अधिकारियों से

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



शिकोहाबाद। गुरुवार को शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन परिसर के प्रवेश द्वार के समीप ही पीपल के पेड़ के नीचे बने मंदिर को टूटने से बचाने के लिए रेलवे के अधिकारियों से बात करने के लिए विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे तथा रेलवे के अधिकारियों से बात कर मंदिर ना तोड़ने की गुहार लगाई। इस दौरान बताया गया कि स्मार्ट स्टेशन के तहत हो रहे निर्माण कार्य के अंतर्गत मंदिर के स्थानांतरण का प्रस्ताव पास किया जा चुका है । जबकि विहिप शिकोहाबाद के नेताओं ने कहा कि मंदिर यथास्थान बना रहे, क्योंकि पीपल के मंदिर बना है और पीपल नहीं काटा जा रहा है। इसलिए मंदिर को भी ना हटाया जाए , थोड़ी से जगह मंदिर के लिए छोड़ दी जाए । स्टेशन मास्टर राजेश्वर सिंह एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर ब्रजेश मीणा ने मंदिर को ना तोड़े जाने का विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की मांग को उच्च अधिकारियों तक पहुँचाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष करन माथुर, समर्थ सिंह, दिव्यांशु मिश्रा, वरुण शुक्ला, तेजिंदर चौहान, अर्जुन, नकुल, शुभम मिश्रा, शुभम् शुक्ला, सोनू शर्मा, आकाश कश्यप आदि उपस्थित रहे। इधर समाजसेवी राजेश गुप्ता तथा डा रामप्रकाश गुप्ता ने भी मंदिर को ना हटाने की मांग करते हुए थोड़ी सी जगह छोड़े जाने की मांग की है ।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

## मां की तहरीर पर सौतेले पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने की कार्यवाही, आरोपी भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। जनपद में पिता और बेटी के रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है यहां सौतेली बेटी पर पिता ने गंदी नजर डालते हुए उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। लड़की की मां ने अपने पति के विरुद्ध पुलिस से शिकायत कर मामला दर्ज कराया है। कुछ समय पूर्व ही आरोपी दूसरी शादी कर एक महिला को घर लाया था। पीड़ित बच्ची इस महिला की बेटी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पूरा प्रकरण थाना क्षेत्र मक्खनपुर का है। मक्खनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक पर उसी की दूसरी पत्नी ने 8 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात उसकी बेटी और पति छत पर सो रहे थे। इसी दौरान पिता ने बेटी को दबोच लिया और उसके साथ घिनौना कृत्य किया। यही नहीं आरोपी ने पीड़िता को धमकाया भी कि वह किसी को घटना के बारे में जानकारी न दे। सुबह जब पीड़िता की हालत बिगड़ी तो पूछने पर उसने अपनी मां को पूरी बात बताई। मां ने घटना के संबंध में पुलिस को अवगत कराया। जानकारी मिलने के बाद मक्खनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ के बाद एफआईआर दर्ज की गई।

इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता को इलाज के लिए जिला महिला चिकित्सालय भेजा है। फिरोजाबाद के अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया के मुताबिक कि यह व्यक्ति पिछले कुछ दिनों पूर्व ही दूसरी शादी कर एक महिला को अपने साथ घर लाया था। उसकी 8 साल की बेटी है। उसी के साथ युवक ने दुष्कर्म किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# महिला शक्ति के द्वारा निःशुल्क समर कैंप का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद । जायंटस ग्रुप आफ फिरोजाबाद महिला शक्ति द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय ,कटरा पठानन मे 1 मई से बच्चो के लिए एक माह का नि शुल्क समर कैप का शुभारंभ किया इस सरकारी स्कूल में बहुत ही जरूरतमंद परिवार के बच्चे पढ़ते हैं।

अध्यक्ष प्राची अग्रवाल ने बताया कि इस समर कैंप को लगवाने का उद्देश्य बच्चो को समय समय पर पढाई से हट कर भी कुछ गतिविधिया जरुर सिखनी चाहिए जिससे बच्चो मे कुछ कलात्मक कार्य व रचनात्मक कार्य भी उभरकर आये । मई के महीने में बच्चों को पढ़ाई से हटकर कुछ करने का समय मिलता है इन बच्चों को शिविर में जो रचनात्मक कलाएँ सिखाई जा रही है उससे भविष्य में वे अपनी आजीविका के रूप में भी काम कर सकते हैं। डी ओ ए रीना गर्ग ने बताया कि इस एक माह के शिविर में बच्चों को डिजाइनर मेहंदी ,एनवेलप मेकिंग ,रंगोली ,रोली चावल की पैकिंग ,राखी ,हैंडीक्राफ्ट के आइटम ,कैंडल मेकिंग आदि रचनात्मक कलाएँ सिखायी जाएंगी। डी ओ एफ दीपा अग्रवाल ने बताया कि गर्मी की वजह से बच्चे दोबारा स्कूल नहीं आना चाहते इसलिए यह रचनात्मक कार्य बच्चों की पढ़ाई के बाद वहीं पर स्कूल में ही सिखाये जाएँगे। प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर कल्पना राजोरिया जोकि इस स्कूल की प्रधानाचार्या भी है उन्होंने महिला शक्ति के प्रयासों की बहुत ही प्रशंसा की । ग्रुप की पूर्व अध्यक्षा बिना चौहान, दीपा अग्रवाल ,तनु माथुर आदि सदस्यों की सहभागिता रही ?'

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित शातिर चोर गिरफ्तार

## आरोपी पर एक दर्जन से अधिक मुकदमे

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। थाना रामगढ ने शातिर चोर अभियुक्त प्रदीप को गिरफ्तार किया। प्रदीप के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पूर्व में आरोपी के अन्य चार साथियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसमें एक शातिर चोर अर्जुन पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया था। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना रामगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंजीकृत मुकदमा में वांछित प्रदीप पुत्र रामवीर सिंह निवासी नगरिया ब्रज थाना नारखी जिला फिरोजाबाद को फैक्टरी एरिया के बराबर में बायपास के किनारे थाना रामगढ से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को जेल भेजा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### हाईस्कूल में 91.20 प्रतिशत अंक लाने पर माता पिता ने खिलाई मिठाई



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। ओ०ई०एफ हजरतपुर के कर्मचारी के बेटे ने हाईस्कूल में 91.20 % अंक प्राप्त कर परिजनों का नाम रोशन किया। क्राइस दा किंग इंटर कालेज टूण्डला में आई.सी.एस.ई बोर्ड से छात्र चिराग माथुर ने दसवी कक्षा में 91.20% अंक प्राप्त कर क्राइस्ट दा किंग इंटर कालेज टूण्डला का नाम रोशन किया है । छात्र की सफलता पर अविभावक व स्कूल के अध्यापक गर्व महसूस कर रहे है। छात्र चिराग माथुर सूर्यनगर कालौनी टूण्डला में मनोज कुमार एवं रीना माथुर के पुत्र है। पिता ओ.ई.एफ.हजरतपुर में एग्जामिनर के पद पर कार्यरत है। जब कि माँ एक गृहणी है। बेटे की सफलता पर घर में खुशी का माहौल है चिराग माथुर ने बताया है कि वह पढाई कर एक वैज्ञानिक बनकर देश के लिए कार्य करना चाहते है। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया।

### फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवा कर जाति बदलने का आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना खैरगढ पुलिस ने चैकिंग के दौरान जालसाजी से फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर अपनी जाति बदलने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वांछित अभियुक्तों की गिरफ़्तारी के क्रम में खैरगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त नरेश सिंह पुत्र सूरज सिंह निवासी निकाऊ थाना खैरगढ को मुखबिर की सूचना पर निकाऊ मोड से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर जेल भेजा।

### सेक्रेट हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में हुआ टीकाकरण

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी के मुरादाबाद रोड स्थित सेक्रेट हार्ट कॉन्वेंट स्कूल मे डॉ.विश्वास अग्रवाल के दिशा निर्देशन मे टी डी वैक्सीनेशन का आयोजन किया गया है जिसमे कक्षा 5ॐ के 10 बर्ष के 73 बच्चो को और कक्षा 10ॐ के 16 वर्ष की आयु के 29 बच्चो को टिटनेस ( टीडी ) के टीके लगये गए है.इस आयोजन मे वरुणदीप,प्रियंका मौर्य, प्रियंका,कौशकी मीरा,देवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### आईसीएसई के टॉपर छात्र छात्रा ने अपने परिजनों के साथ मनाई खुशी



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी आईसीएसई का परिणाम घोषित होने पर छात्र-छात्राओं में खुशी व्याप्त हो गए। विद्यार्थियों ने इंटरनेट पर अपना-अपना परीक्षा परिणाम देखना आरंभ कर दिया। उत्तीर्ण होने पर विद्यार्थियों ने अपने परिजनों के साथ खुशी बनाई तथा विद्यालय पहुंच प्राचार्य व शिक्षकों को मिठाई खिलाई।शहर में आईसीएसई का एक विद्यालय सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल है। बुधवार की दोपहर जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। विद्यार्थियों में अपना-अपना परिणाम जानने की उत्सुकता बढ़ गई। कुछ छात्र-छात्राएं विद्यालय भी पहुंच गए। जिसमें हाईस्कूल में काव्या सक्सेना ने 97.6 प्रतिशत, अनुप्रभा सोनी व पार्थ बंसल ने 97 प्रतिशत, आन्या गर्ग ने 96.6 प्रतिशत, कौशिकी वार्ष्णेय ने 95 प्रतिशत, दिव्यराज सिंह ने 93.6 प्रतिशत, वंश गुप्ता व तमन्ना राय ने 93.4 प्रतिशत, गरिमा यादव ने 93 प्रतिशत, पारस मणि ने 92.6 प्रतिशत, सोरवी राघव व प्रणदीप यादव ने 92.2 प्रतिशत व देवांश अग्रवाल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं इंटरमीडिएट में नैतिक बंसल (कामर्स) ने 99.25 प्रतिशत, जयदेव ने 98.50 प्रतिशत, तनिष्का वार्ष्णेय ने 97.25 प्रतिशत, कनिका शर्मा ने 96.50 प्रतिशत, कोमल सैनी ने 96.25 प्रतिशत, आध्या अग्रवाल ने 95.50 प्रतिशत, किंशुक अग्रवाल ने 95.25 प्रतिशत, माधव खंडेलवाल ने 94.75, ओजस्वी राठौर ने 94.50 प्रतिशत, अनन्या यादव ने 94.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय में उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने अपने प्रधानाचार्य व शिक्षकों को मिठाई खिलाई।

# ओवरलोडिंग डंपर की तोड़ी कमर, पांच डंपर सीज



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद/टूंडला। गुरुवार सुबह टूंडला तहसीलदार राखी शर्मा ने ओवरलोडिंग डंपरों पर कार्यवाही करते हुए चार डंपरों को सीज किया है। जिन्हें गल्ला मंडी में खड़ा कराया है। साथ ही खनन अधिकारी ने एक डंपर को नसीरपुर थाना क्षेत्र में सीज किया है। इस तरह कार्यवाही से ओवरलोडिंग डंपर मालिकों और चालकों पर शिकंजा कसने की तैयारी है।

आपको बताते चले कि टूंडला नगर में आगरा की तरफ से सुबह कई डंपर और ट्रकों का आवागमन रहता है। अधिकांश देखा गया है कि डंपर और ट्रकों में ओवरलोडिंग माल भरा होता है। जिसके वजह से जाम की समस्या बनी रहती है साथ ही लोगों को परेशानी भी होती है। कई दिनों से अखबारों में इस संबंध में खबरे चल रही थी। प्रशासन ने सुध लेते हुए इसी क्रम में गुरुवार सुबह टूंडला तहसीलदार राखी शर्मा और खनन अधिकारी ने संयुक्त टीम बनाकर चैकिंग शुरू की जिसमे कार्यवाही करते हुए चार ओवरलोडिंग डंपरों को सीज किया। देखा गया है कि आरएस उपाध्याय और बीएस परमार लिखे हुए ओवरलोडिंग डंपर अधिकांश दिखाई देते है। तहसीलदार टूंडला राखी शर्मा ने बताया है कि इस तरह की कार्रवाई निरंतर रूप से चलेंगी।

# मृत व्यक्ति के नाम से फ्जी कागज बना किया बैनामा, दोनों आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। थाना जसराना पुलिस ने चैकिंग के दौरान कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

सुनील कुमार निवासी मोहल्ला कोटला रोड थाना उत्तर ने थाना जसराना पर मृत व्यक्ति के नाम से फर्जी विक्रेता बन मेरी मुकदमा की जमीन के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराने के सम्बन्ध मे 29 जनवरी 2025 को न्यायालय के माध्यम से मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में मोहर सिह पुत्र कप्तान सिह निवासी रसूलपुर थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद और रविप्रकाश पुत्र प्रयाग सिह निवासी शेखपुरा थाना खेरगढ फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा है।

# एसएसपी ने बताए ऑपरेशन जागृति के मुख्य उद्देश्य, सोशल मीडिया से रहे सावधान



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। जनपद फिरोजाबाद के नगर टूण्डला में स्थित एफएच मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत एमबीबीएस के छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। एसएसपी ने कार्यक्रम में पहुचकर छात्राओं को सोशल मीडिया और साइबर अपराधों से संबंधित जानकारी दी। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने कहा कि सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो शेयर करते समय सावधान रहने की जरूरत है। साइबर अपराधी इन्हें एडिट कर ब्लैकमेल कर सकते हैं। उन्होंने छात्राओं को विशेष रूप से सचेत करते हुए कहा कि किसी के बहकावे में आकर आपत्तिजनक फोटो या वीडियो न खिचवाएं। अपर पुलिस अधीक्षक रविशंकर प्रसाद ने नशे से होने वाले अपराधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि अपने परिवार के सदस्यों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में एमबीबीएस के छात्र छात्राएं मोजूद रहे। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी विनीत सिकरवार, थाना प्रभारी टूण्डला अंजीश कुमार सिंह, टूण्डला महिला चौकी प्रभारी अलवीना पठान, महिला उपनिरीक्षक निशा बंसल, कॉलेज के चैयरमैन डॉ जावेद अनवर वारसी, वाइस चेयरमैन डॉक्टर रेहान फारूक, कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मुबारक हुसैन, कॉलेज के डायरेक्टर डा एस एस गुप्ता, डा अतीफ बैग और कार्यालय अधीक्षक शहजाद खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# गोल्ड मेडल जीतकर बढ़ाया क्षेत्र का नाम




नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसराना। क्षेत्र के गांव नगला करौंदा की रहने वाली एक छात्रा ने दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर हुई स्कूली गेम्स रैसलिंग फ्री स्टाइल चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। गोल्ड मेडल जीतने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर की है। वहीं छात्रा ने कहा उसका सपना विश्व स्तर पर होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करना है।

जसराना के गांव करौंदा में रहने वाले सुधीर कुमार की पुत्री शिल्पी कक्षा 12 की छात्रा है। वह हरियाणा में रहकर कुश्ती के गुर सीख रहे हैं। पहले भी कई प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली शिल्पी ने दिल्ली में हुई 68वीं नेशनल स्कूली गेम्स रेसलिंग फ्री स्टाइल चेंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लिया था। 22 अप्रेल से 27 अप्रेल तक हुई प्रतियोगिता के दौरान 61 किग्रा वर्ग में शिल्पी ने बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। पिता सुधीर कुमार ने बताया शिल्पी पहले भी बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल हासिल कर चुकी है। कहा कि वह विश्व स्तर पर कुश्ती खेलना चाहती है।

# त्रयोदशी संस्कार से लौट रहे ट्रैक्टर ट्रॉली सवार 15 लोग घायल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । बुधवार देर रात्रि जनपद के थाना नारखी क्षेत्र के आसनपुर के पास एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार 15 लोग घायल हो गए। बताया गया कि ट्रैक्टर ट्रॉली सवार सभी लोग जलेसर क्षेत्र के गांव दौलतपुर मुस्की के निवासी थे जो कि थाना टूंडला क्षेत्र के गांव नागऊ में त्रयोदशी संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे। देर रात वापसी के दौरान, पीछे से तेज गति से आ रही एक स्विफ्ट कार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गई। टक्कर के कारण ट्रॉली में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई और 15 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नारखी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने 11 गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि चार अन्य को दूसरे अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी घायल ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार थे और उन्हें अस्पताल पहुंचा दिया गया है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के मोबाइल सहित आरोपी गिरफ्तार अवैध तमंचा गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद। दक्षिण पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को एक चोरी का मोबाइल, एक अवैध तमंचा 315 बोर व 02 कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में दक्षिण पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते आरोपी अनुज कुमार पुत्र राजेन्द्र बाबू हाल निवासी कटरा बल सिंह थाना कोतवाली जनपद इटावा को मुखबिर की सूचना पर लालऊ बगिया के पास से एक चोरी के मोबाइल व 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा।

# अजा/अजजा आयोग ने सपा से जुड़े संगठन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए लखनऊ पुलिस को लिखा पत्र

लखनऊ (भाषा) उत्तर प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग ने लखनऊ पुलिस को राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) के सहयोगी संगठन लोहिया वाहिनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पत्र लिखा है।

यह मामला पार्टी कार्यालय के बाहर लगाए गए एक विवादास्पद पोस्टर में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के आधे-आधे चेहरे को मिलाकर एक तस्वीर बनाए जाने से संबंधित है। इस पोस्टर को लेकर खासा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने यादव पर परोक्ष रूप से निशाना साधा, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पोस्टर के खिलाफ धरना और विरोध प्रदर्शन किया।सत्तारूढ़ भाजपा ने इस पोस्टर को आंबेडकर का अपमान करार देते हुए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। राज्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि उन्होंने विवादास्पद पोस्टर का स्वतः संज्ञान लिया है।

उन्होंने कहा, सपा की लोहिया शाखा ने अपने पोस्टर में बाबा साहब आंबेडकर का आधा चेहरा अखिलेश यादव जी के चेहरे से मिलाकर उनका अपमान किया है। मैं इसकी निंदा करता हूं। हमने बुधवार को लखनऊ पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर इस संबंध में एससी/एसटी अधिनियम के तहत दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करने तथा पांच मई को आयोग को घटनाक्रम से अवगत कराने को कहा है।

रावत ने 'वोट बैंक के लिए' आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल करने के लिए सपा की आलोचना भी की।

उन्होंने कहा, बाबा साहब की तुलना किसी व्यक्ति से करना किसी के लिए भी अकल्पनीय है। समाजवादी पार्टी ने राज्य मुख्यालय के बाहर बुधवार को एक पोस्टर लगाया गया था जिसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव




और आंबेडकर के आधे-आधे चेहरे को मिलाकर बनाई गई तस्वीर को प्रदर्शित किया गया था। इस पर विवाद पैदा होने के बाद सपा ने बृहस्पतिवार को पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को दल के किसी भी नेता को किसी भी 'महापुरुष' से नहीं जोड़ने की ताकीद की।

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को डॉक्टर भीमराव आंबेडकर से जुड़े एक पोस्टर को लेकर उठे राजनीतिक विवाद के बाद अपने कार्यकताओं से संयम बरतने का आह्वान किया और कहा कि पूर्व में भाजपा नेताओं से जुड़ी हुई ऐसी तस्वीरें सामने आयी हैं, लेकिन सपा ने उन्हें मुद्दा नहीं बनाया। यादव ने यहां प्रेस वार्ता में कहा, ''मैंने अपने कायकर्ता लालचंद गौतम को समझाया है कि दोबारा ऐसा कुछ नहीं करना या सोशल मीडिया पर ऐसा कुछ भी साझा नहीं करना जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे।''

उन्होंने कहा कि लालचंद गौतम समाजवादी पार्टी के वही कार्यकर्ता हैं जिनकी वजह से पूरी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपने वातानुकूलित कमरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आना पड़ा। सपा प्रमुख ने सवाल किया कि क्या भाजपा अपने नेताओं और कार्यकताओं पर भी ऐसा ही नियंत्रण रख सकती है।

उन्होंने कहा, ''हमने अपने कार्यकताओं को पहले ही निर्देशित कर दिया है, लेकिन क्या भाजपा भी ऐसा कर सकती है? क्या वह यह सुनिश्चित कर सकती है कि उसके नेता बाबा साहब आंबेडकर या किसी अन्य महान व्यक्तित्व के प्रति असम्मानजनक व्यवहार न करें?'' पोस्टर को लेकर विवाद के केंद्र में रहे सपा कार्यकर्ता लालचंद गौतम भी प्रेस वार्ता में मौजूद थे।

यादव ने यह भी दावा किया कि भाजपा नेताओं से जुड़ी ऐसी ही तस्वीरें पहले भी सामने आई हैं लेकिन सपा ने उन घटनाओं का राजनीतिकरण नहीं करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, ''उनके (भाजपा) नेताओं की तस्वीरें भी थीं, लेकिन हमने कभी इसका मुद्दा नहीं बनाया।''

पत्रकार वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने अपने समर्थकों और कार्यकताओं को ताकीद की कि वे पार्टी नेताओं और राष्ट्रीय प्रतीकों के बीच तुलना न करें। सपा प्रमुख ने संसद में गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणियों का स्पष्ट संदर्भ देते हुए पूछा, क्या भाजपा अपने नेता से पूछेगी कि संसद में आंबेडकर के खिलाफ किसने टिप्पणी की?

शाह ने संसद में कहा था कि आंबेडकर का नाम लेना एक फैशन बन गया है। अगर वे (विपक्ष) इतनी बार भगवान का नाम लेते, तो उन्हें स्वर्ग में जगह मिल जाती।

भाजपा ने उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी सपा पर दलित प्रतीक और संविधान के प्रमुख निमार्ताओं में से एक आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया है। बसपा ने भी धमकी दी है कि अगर आंबेडकर का ₹अपमान₹ किया गया तो वह सड़कों पर उतर आएगी। इससे पहले, सपा ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर भी पार्टी कार्यकताओं को दल के किसी भी नेता की तुलना पूज्य महापुरुषों से नहीं करने की हिदायत दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### जाति जनगणना का श्रेय राहुल गांधी को, लेकिन केंद्र के फैसले का समय संदिग्ध : संजय राउत

मुंबई (भाषा) शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने अगली जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने के केंद्र के फैसले का श्रेय कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दिया है। राउत ने साथ ही दावा किया कि यह निर्णय पहलगाम आतंकवादी हमले से लोगों का ध्यान हटाने के लिए लिया गया है।

राउत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जातिगत गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले का समय संदिग्ध है, क्योंकि यह दक्षिणी कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के ठीक एक सप्ताह बाद लिया गया है। राज्यसभा सदस्य ने दावा किया कि यह निर्णय लोगों का ध्यान भटकाने के लिए लिया गया है, जबकि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार 22 अप्रैल के हमले को लेकर सवालों का सामना कर रही है।

सरकार ने बुधवार को फैसला किया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना को पारदर्शी तरीके से शामिल किया जाएगा। केंद्र सरकार ने, साथ ही जाति आधारित सर्वेक्षण को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया। आजादी के बाद पहली बार जाति विवरण को शामिल करने के इस प्रस्तावित कदम को भाजपा और उसके सहयोगियों ने 'वास्तव में न्यायसंगत और केंद्रित' नीतियों को डिजाइन करने में मदद करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में सराहा है। यह निर्णय राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए) द्वारा लिया गया। राउत ने इस बात पर जोर दिया कि जातिगत गणना सामाजिक न्याय से जुड़ा मुद्दा है।

### प्रबंधन और श्रमिकों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध विकास के लिए महत्वपूर्णः कांग्रेस सांसद भगत

जमशेदपुर (भाषा) झारखंड के लोहरदगा से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने बृहस्पतिवार को श्रमिकों और प्रबंधन के बीच एकता व आपसी सम्मान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि उद्योगों और श्रम शक्ति दोनों के विकास के लिए सौहार्दपूर्ण संबंध आवश्यक हैं। भगत ने सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर में ऑटो क्लस्टर ऑडिटोरियम में भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) द्वारा आयोजित वर्तमान संदर्भ में श्रमिकों की स्थिति विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित करते कहा कि श्रमिक और प्रबंधन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष भगत ने कहा, श्रमिकों और उद्योगों दोनों का विकास तभी संभव है जब वर्तमान औद्योगिक माहौल में आपसी समझ और सामंजस्य हो।

## आतंकवाद के खात्मे पर नेशनल कॉन्फ्रेंस देश के साथ खड़ी हैः मुख्यमंत्री अब्दुल्ला के सलाहकार

जम्मू (भाषा) मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के सलाहकार नासिर असलम वानी ने बृहस्पतिवार को आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस देश के साथ मजबूती से खड़ी है और आतंकवाद के खात्मे के लिए केंद्र के कदमों का पूरा समर्थन करती है।

वह जम्मू में शेर-ए-कश्मीर भवन में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यहां मजदूर वर्ग के कल्याण के लिए पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

उन्होंने यहां एनसी कार्यकताओं से कहा, नेशनल कॉन्फ्रेंस देश के साथ मजबूती से खड़ी है और आतंकवाद को खत्म करने के लिए केंद्र के कदमों का पूरा समर्थन करती है। पहलगाम आतंकी हमले पर नासिर असलम वानी ने आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा, हमारा देश अब सीमा पार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और पाकिस्तान को उसके दुस्साहस के परिणाम भुगतने होंगे।

पहलगाम हमले के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मंत्री सतीश शर्मा ने कहा, हमें मुंहतोड़ जवाब देना होगा, क्योंकि उन्होंने (आतंकवादियों ने) निर्दोष लोगों की हत्या की है। उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्ला सरकार इस मुद्दे पर केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी।

## जनगणना में जाति को शामिल करने का फैसला राहुल की जीत, जून में मप्र आएंगे नेता प्रतिपक्ष : पटवारी

भोपाल (भाषा) कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई ने बृहस्पतिवार को आगामी जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल करने की केंद्र सरकार की घोषणा को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ह्यजीतह्न करार दिया और दावा किया कि उन्होंने इसके लिए 10 साल तक अनवरत लड़ाई लड़ी है।

पार्टी ने कहा कि वह राहुल गांधी को जून में भोपाल में एक बड़े कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करेगी ताकि जाति जनगणना की शेष लड़ाई सुनिश्चित की जा सके और समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया जाए। पार्टी ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित मध्यप्रदेश में वह अपने नेता के दृष्टिकोण को लेकर घर-घर जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी



ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, यह फैसला केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि राहुल गांधी की उस जुझारू और बुलंद आवाज का परिणाम है, जिसने भाजपा सरकार को बार-बार घुटने टेकने पर मजबूर किया है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी की यह जीत हर उस अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित, और आदिवासी के लिए एक नई उम्मीद की किरण है, जो दशकों से अपने हक से वंचित रहा है।

केंद्र सरकार ने बुधवार को लिये गये एक निर्णय में कहा कि आगामी जनगणना में जातिवार गणना के आंकड़े पारदर्शी तरीके से एकत्र किए जाएंगे।

हालांकि, बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक समेत कई राज्य पहले ही जाति आधारित जनगणना करा चुके हैं। देश भर में जाति जनगणना की मांग खासकर पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव के दौरान एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बन गई थी। पटवारी ने कहा, जाति जनगणना के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाने के उनके सपने को पूरा करने के लिए हम जून में एक बड़े कार्यक्रम के लिए राहुल गांधी को भोपाल आमंत्रित करने जा रहे हैं।

राहुल गांधी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब राहुल के विरोध और उनकी मांगों के आगे केंद्र सरकार को झुकना पड़ा है।

उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी के प्रयासों के कारण अग्निवीरों को पेंशन मिल रही है, प्रसारण विधेयक के नए मसौदे और सिविल सेवाओं में ह्यलेटरल एंट्रीह्न को वापस लिया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी ने बृहस्पतिवार से ही मध्यप्रदेश में जनगणना के मुद्दे पर जन जागरण शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि जाति जनगणना पर राहुल के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालने के लिए शुक्रवार और शनिवार को राज्य के जिला मुख्यालयों पर संवाददाता सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।

# खेल

## संक्षिप्त समाचार

### खेलमंत्री मांडविया ने सात्विक और चिराग को खेल रत्न प्रदान किया

नयी दिल्ली भाषा) खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बैडमिंटन सितारे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बृहस्पतिवार को मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार प्रदान किया। सात्विक और चिराग को पिछले साल यह सम्मान मिला था लेकिन खेल में व्यस्त होने के कारण वे राष्ट्रपति भवन में सम्मान लेने नहीं जा सके। उन्हें फरवरी में खेलमंत्री से सम्मान लेना था लेकिन सात्विक के पिता आर कासी विश्वनाथम का दिल का दौरा पड़ने से निधन होने के कारण उसे स्थगित करना पड़ा।

मांडविया ने एक्स पर दोनों खिलाड़ियों के साथ तस्वीर साझा करके लिखा, हमारे बैडमिंटन चैम्पियन चिराग शेट्टी और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी को आज दिल्ली में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2023 प्रदान किया। उन्होंने लिखा, यह पुरस्कार कोर्ट पर उनके शानदार प्रदर्शन और प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्हें भविष्य के लिये शुभकामनायें। सात्विक और चिराग ने 2022 एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों और 2023 एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीते। दोनों बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाली और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 1000 खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय जोड़ी थी।

### आईपीए को मंत्रालय से मान्यता मिलने पर पिकलबॉल में प्रशासनिक रस्साकशी

नयी दिल्ली (भाषा) भारत में अपने पैर जमाने की कोशिश में जुटा पिकलबॉल खेल प्रशासनिक रस्साकशी में फंस गया है चूंकि हाल ही में गठिन भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीए) को खेल मंत्रालय से मान्यता मिलने के बाद पुराने अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) ने ऐतराज जताते हुए कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। आईपीए को मान्यता देने का फैसला 25 अप्रैल को लिया गया था जिससे उसे सरकार से वित्तीय अनुदान मिल सकेगा और वह देश में खेल के विकास के लिये स्वायत्त रूप से काम कर सकेगा।

खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, आईपीए को कुछ दिन पहले ही मान्यता दी गई है। अमेरिका से जन्मा पिकलबॉल खेल टेनिस, टेबल टेनिस और बैडमिंटन का मिला जुला रूप है। यह एकल और युगल दोनों प्रारूपों में खेला जाता है।

आईपीए अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह भुल्लर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, यह महत्वपूर्ण पल है लेकिन हम इसे शुरूआत के तौर पर देख रहे हैं।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 40 सदस्यीय कोर ग्रुप में लाकड़ा और उत्तम दो नए चेहरे

बेंगलुरू (भाषा) मध्य प्रदेश के डिफेंडर प्रताप लाकड़ा और उत्तर प्रदेश के उत्तम सिंह को बृहस्पतिवार को यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्र में चल रहे सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए पहले से मौजूद 38 सदस्यीय कोर ग्रुप में शामिल किया गया।

यह शिविर 25 अप्रैल को शुरू हुआ जिसमें शुरू में 54 संभावित खिलाड़ी शामिल थे। एक सप्ताह के आकलन के बाद, हाल के प्रदर्शन और मौजूदा फॉर्म के आधार पर अब टीम में 40 खिलाड़ी शामिल किए गए हैं।

पिछले कोर ग्रुप के 38 एथलीट बरकरार हैं, वहीं इन दो नए खिलाड़ियों को 15वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप और शिविर के शुरूआती दिनों में शानदार प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है।

गोलकीपिंग इकाई में कोई बदलाव नहीं किया गया है जिसमें कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार पोस्ट की रखवाली करते रहेंगे।

रक्षात्मक पंक्ति में 10 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है जिसमें अमित रोहिदास, वरुण कुमार, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, अमनदीप लाकड़ा, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय, यशदीप सिवाच और मोहम्मद राहील मौसीन शामिल हैं। प्रताप लाकड़ा को नए चेहरे के रूप में समूह में जोड़ा गया है।

मिडफील्ड में राज कुमार पाल, नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, सुमित, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, पूवन्ना चंदूरा बॉबी, राजिंदर सिंह, विष्णु कांत सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और शमशेर सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है।

फॉरवर्ड पंक्ति में गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, आदित्य अर्जुन लालगे, बॉबी सिंह धामी, सेल्वम कार्थी, सुनील जोजो, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सुदीप चिरमाको, अंगद बीर सिंह और उत्तम सिंह शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए पहले से ही तैयार था : सूर्यकुमार

मुंबई (भाषा) मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया के सीमित दौरे के लिए उनकी अनदेखी करने की घटना ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी सबसे यादगार पारियों में से एक बनाने के लिए प्रेरित किया।

सूर्यकुमार ने इसके बाद अबुधाबी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 43 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से जीत दिलाई जो उनकी आईपीएल की सबसे यादगार पारियों में से एक थी। हालांकि यह आईपीएल 2020 का लीग मैच था।

इस मुकाबले में तत्कालीन आरसीबी और भारत के कप्तान विराट कोहली और उनके बीच मैदान पर कुछ तनावपूर्ण क्षण भी हुए थे। कोहली ने ज्यादा कुछ नहीं कहा था, बस उन्होंने गेंद उठाई और



स्ट्राइकर के छोर पर चले गए जहां सूर्यकुमार बल्लेबाजी कर रहे थे।

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज ने जियो हॉटस्टार पर सूर्यकुमार यादव एक्सपीरियंस शो में कहा, यह एक भावनात्मक पारी थी क्योंकि कुछ ही दिन पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम की घोषणा की गई थी। अब भारतीय टीम के टी20 कप्तान सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया जाने की उम्मीद थी।

उन्होंने कहा, मैं पिछले कुछ वर्षों से इस दौरे के लिए तैयारी कर रहा था। मेरा घरेलू सत्र और आईपीएल अच्छा चल रहा था। मैंने इस सत्र के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार किया था। यहां तक कि कोविड ब्रेक के दौरान अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर काम करने के लिए समय निकाला। मुझे टी20 टीम में शामिल होने की उम्मीद थी। सूर्यकुमार ने कहा, मेरे आस पास के सभी लोग सोच रहे थे कि मैं ऑस्ट्रेलिया जाऊंगा जिनमें अन्य देशों के साथी खिलाड़ी भी शामिल थे। मैं मानसिक रूप से पहले से ही उस उड़ान के लिए तैयार था। लेकिन जब मेरा चयन नहीं हुआ तो मुझे बहुत झटका लगा। मैं समझ नहीं पाया कि क्या गलत हुआ।

उन्होंने कहा, अगले दो तीन दिन तक मैं सोचता रहा, मैंने किसी से बात नहीं की। फिर मैंने ब्रेक लिया और अभ्यास तक नहीं किया। मैंने ह्यरिलैक्सह्न करने का फैसला किया। मैदान पर महेला जयवर्धने और जहीर खान इसे महसूस कर सकते थे। सूर्यकुमार ने खुलासा किया कि टीम के साथी कीरोन पोलार्ड ने उन्हें प्रेरित किया और कहा कि यह खुद को साबित करने का सही मंच है

उन्होंने कहा, पोलार्ड ने मुझे कहा कि यह खुद को साबित करने का सही मंच है। भारतीय टीम का कप्तान भी प्रतिद्वंद्वी टीम में है और तुम्हारे पास अच्छी पारी खेलने का सही समय था।

## अय्यर अब अधिक परिपक्व, वह खेल की परिस्थितियों को पहले से बेहतर समझता है : पोंटिंग

चेन्नई (भाषा) पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग ने कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर के विकास की सराहना करते हुए कहा कि अब खेल की परिस्थितियों को लेकर उनकी समझ पहले से कहीं बेहतर है।

अय्यर और पोंटिंग ने मौजूदा सीजन में पंजाब किंग्स में एक बार फिर जोड़ी बनाई है। दोनों ने दिल्ली कैपिटल्स में कप्तान और कोच के तौर पर साथ काम किया था जहां उन्होंने 2019 से 2021 तक फ्रेंचाइजी को प्लेऑफ तक पहुंचाया था और यहां तक कि 2020 में टीम फाइनल में भी पहुंची।

चेन्नई सुपरकिंग्स पर पंजाब किंग्स की चार विकेट की जीत के बाद पोंटिंग ने कहा, अब उसके अंदर पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास है और यह अनुभव के साथ आता है। उन्होंने कहा, वह अब पहले से कहीं अधिक परिपक्व खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि वह खेल और खेल की परिस्थितियों को पहले से



कहीं बेहतर समझता है। अय्यर ने पिछले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन बड़ी नीलामी से पहले उन्हें रिलीज (अपने साथ बरकरार नहीं रखना) कर दिया गया था। पंजाब किंग्स ने इसके बाद उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। पोंटिंग ने कहा, उन्होंने पिछले साल कप्तान के तौर पर आईपीएल जीता था इसलिए जब आपने ऐसा किया है और आपके पास वह अनुभव है और आप अपनी खुद की प्रवृत्ति पर विश्वास करते हैं। तो मुझे लगता है कि कप्तानी के साथ यही सबसे बड़ी बात है, विशेषकर एक टी20 मैच में जब आपके आसपास सब कुछ इतनी तेजी से हो रहा हो। उन्होंने कहा, आपको पता है कि चारों तरफ चौके और छक्के लग रहे हैं। मैदान पर शांत रहने की उनकी क्षमता, हालांकि आज रात जब हम ओवर खत्म करने में कुछ ओवर पीछे थे तो शायद वह उतने शांत नहीं थे लेकिन मुझे लगता है कि उनकी परिपक्वता और अनुभव ही सब कुछ है।

पंजाब किंग्स की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है जिससे टीम पर अय्यर का प्रभाव स्पष्ट नजर आता है। अय्यर ने ना सिर्फ अच्छी नेतृत्वक्षमता का परिचय दिया बल्कि बल्ले से भी प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं। पोंटिंग ने कहा, मुझे उसके साथ काम करना अच्छा लगता है। वह सभी खिलाड़ियों से बात करता है। सभी खिलाड़ी उसके साथ काम करना पसंद करते हैं। कभी शॉर्ट गेंद के खिलाफ कमजोर दिखने वाले अय्यर ने तकनीकी रूप से बदलाव किया है जिससे जिससे उन्हें अपनी लंबे समय से चली आ रही कमजोरी को दूर करने में मदद मिली है।

पोंटिंग ने कहा, मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। आप लोग देखेंगे कि उसका स्टांस किस तरह से विकसित हुआ है। उसने अपना स्टांस थोड़ा सा खोला है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम का खराब प्रदर्शन जारी

### ऑस्ट्रेलिया से 0-2 से हारी

पर्थ (भाषा) भारतीय महिला हॉकी टीम ने बृहस्तिवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने तीसरे मैच में 0-2 की शिकस्त से पहले मेजबान टीम को कड़ी टक्कर दी। कर्टनी शोनेल (नौवें मिनट) ने पहले क्वार्टर में मेजबान टीम के लिए पहला गोल किया जबकि ग्रेस स्टीवर्ट ने 52वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले मेहमान टीम को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शुरूआती दो मैच में 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था।

बृहस्पतिवार का मुकाबला भारत का ऑस्ट्रेलिया की मुख्य टीम के खिलाफ पहला मैच था।

शुरूआत से ही ऑस्ट्रेलिया ने भारत के डिफेंस पर कड़ा दबाव बनाया और शुरूआती पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन इसे गोल में तब्दील नहीं कर सके।

आखिरकार ऑस्ट्रेलिया ने नौवें मिनट में गतिरोध तोड़ा जब शोनेल ने गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। मेजबान टीम ने एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन टीम इस पर भी गोल नहीं कर सकी।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने वापसी का प्रयास किया और लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन मेहमान टीम बराबरी हासिल नहीं कर पाई। दूसरे क्वार्टर में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद भारत मध्यांतर तक 0-1 से पीछे रहा।

तीसरा क्वार्टर भी गोलरहित रहा जिसमें दोनों टीम मौकों को भुनाने में नाकाम रहीं। इस दौरान दोनों को एक-एक पेनल्टी कॉर्नर भी मिला।

चौथे क्वार्टर में बराबरी के प्रयास में भारत ने दूसरा गोल गंवाया जब 52वें मिनट में स्टीवर्ट ने मैदानी गोल दागा।

नई दिल्ली, शुक्रवार 2 मई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में हर क्षेत्र में सफलता मिलना असंभव है। इसके बजाय विश्वविद्यालयों को ऐसे क्षेत्र चुनने चाहिए जिनमें वे उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह, डॉ ए.पी.जे.अब्दुल कलाम सभागार लखनऊ में महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कर कमलों द्वारा राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल के जीवन वृतान्त पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ।






# संवैधानिक संस्थाएं अपने-अपने दायरे में सीमित रहें तभी होता है परस्पर सम्मान : उपराष्ट्रपति धनखड़

लखनऊ, (भाषा) उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि ''अपनों'' से मिलने वाली चुनौती सबसे खतरनाक होती है। उन्होंने कहा कि देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं का एक-दूसरे का सम्मान करना बाध्यकारी कर्तव्य है और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थान अपने-अपने दायरे में सीमित रहते हैं।

उन्होंने कहा कि संस्थाओं के टकराव से लोकतंत्र फलता-फूलता नहीं है।

धनखड़ ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन वृत्त पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन के अवसर पर पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए कहा, ''राष्ट्र प्रथम ही हमारा सिद्धांत होना चाहिए। मगर सबसे खतरनाक चुनौती वह है जो अपनों से मिलती है।''

उन्होंने हाल में संसद में पारित वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर उच्चतम न्यायालय के रुख की तरफ इशारा करते हुए कहा, ''कई ऐसी चुनौतियां हैं...जिसकी हम चर्चा नहीं कर सकते। जो चुनौती अपनों से मिलती है जिसका तार्किक आधार नहीं है, जिसका राष्ट्र विकास से संबंध नहीं है और जो राजकाज से जुड़ी हुई है। इन चुनौतियों का मैं स्वयं भुक्तभोगी हूं।''

उपराष्ट्रपति ने कहा, "यह हमारा बाध्यकारी कर्तव्य है कि हमारी संवैधानिक संस्थाएं एक-दूसरे का सम्मान करें और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थाएं अपने-अपने दायरे में सीमित रहती हैं। हमारा लोकतंत्र तब फलता फूलता नहीं है जब संस्थाओं के बीच टकराव होता है। संविधान इस बात की मांग करता है कि समन्वय हो, सहभागिता हो, विचार विमर्श हो, संवाद और वाद-विवाद हो।'' उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति जैसे गरिमापूर्ण पद पर टिप्पणी करना मेरे हिसाब से चिंतन का विषय है और मैंने इस बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। सभी



संस्थाओं की अपनी-अपनी भूमिका है। एक संस्था को दूसरी संस्था की भूमिका अदा नहीं करनी चाहिए। हमें संविधान का उसकी मूल भावना में सम्मान करना चाहिये।''

धनखड़ ने कहा कि जिस तरीके से विधायिका विधिक फैसले नहीं ले सकती, यह न्यायपालिका का काम है, ठीक उसी तरीके से सभी संस्थाओं को अपने दायरे में सीमित रहना चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा, ''मैं न्यायपालिका का सबसे ज्यादा सम्मान करता हूं। मैंने चार दशक से ज्यादा समय तक वकालत की है। मैं जानता हूं कि न्यायपालिका में प्रतिभाशाली लोग हैं। न्यायपालिका का बहुत बड़ा महत्व है। हमारी प्रजातांत्रिक व्यवस्था कितनी मजबूत है, यह न्यायपालिका की स्थिति से परिभाषित होती है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे न्यायाधीश सर्वश्रेष्ठ न्यायाधीशों में से हैं लेकिन मैं अपील करता हूं कि हमें सहयोग, समन्वय और सहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए।'' धनखड़ ने इससे पहले वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर उच्चतम न्यायालय के एक आदेश पर टिप्पणी करते हुए इसका विरोध किया था।

उपराष्ट्रपति ने अभिव्यक्ति और वाद-विवाद को लोकतंत्र का अभिन्न अंग बताया लेकिन कहा कि जब अभिव्यक्ति करने वाला व्यक्ति खुद को ही सही माने और दूसरे को हर हाल में गलत, तो अभिव्यक्ति का अधिकार ''विकार'' बन जाता है।

धनखड़ ने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा, ''लोग यह कहते हैं कि जनता की याददाश्त बहुत कमजोर होती है लेकिन ऐसा होता नहीं है। क्या हम आपातकाल को भूल गए? समय तो बहुत निकल गया है। आपातकाल की काली छाया आज भी हमको नजर आती है। वह भारतीय इतिहास का सबसे काला अध्याय है।'' उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' पुस्तक को लेकर बधाई दी और कहा, ''ऐसी पुस्तक लिखना आसान नहीं है और ईमानदारी से लिखना तो बहुत ही मुश्किल है।''

धनखड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा, ''सबसे ज्यादा जगह मेट्रो रेल और सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे उत्तर प्रदेश में ही हैं। ऐसी स्थिति में आपकी उपस्थिति बहुत मायने रखती है।'' उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ चुनौती का डटकर सामना करने वाले मुख्यमंत्री हैं।

धनखड़ ने मुख्यमंत्री से मुखातिब होते हुए कहा, ''प्रयागराज महाकुंभ का सफल आयोजन सदियों तक याद रहेगा। ऐसा आयोजन सदियों में कभी नहीं हुआ। आप उसके सारथी हैं। जैसे आपकी राज्यपाल की बात बारीकी से देखनी पड़ती है, वैसे ही आप का भी आकलन करना कोई आसान नहीं है। साढ़े आठ साल में बिना कोई (अतिरिक्त) कर लगाए हुए अर्थव्यवस्था को आप करीब 30 लाख करोड़ तक ले गए। हर अर्थशास्त्री के लिए यह अचम्भा है कि उत्तर प्रदेश किस तरीके से उत्तम प्रदेश बना है। यह शोध का विषय है।"

## कश्मीरियों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए : नौसना अधिकारी नरवाल की पत्नी हिमांशी

**करनाल(हरियाणा)**, (भाषा) पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले भारतीय नौसेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जिन लोगों ने उनके पति की हत्या की है, उन्हें सज़ा मिलनी चाहिए लेकिन इसकी वजह से मुस्लिमों और कश्मीरियों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

हिमांशी ने विनय नरवाल के 27वें जन्मदिन के मौके यहां पत्रकारों से कहा कि वह किसी के भी खिलाफ नफरत नहीं चाहतीं। इस घटना की वजह से लोग कश्मीरी लोगों और मुस्लिमों को निशाना बना रहे हैं। "हम ऐसा नहीं चाहते। हम शांति चाहते हैं।"

# महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी दिल्ली में दीक्षांत समारोह आज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी (पंजीकृत) महाराजा अग्रसेन चौक, रोहिणी, सेक्टर- 22, नई दिल्ली-110086 में दीक्षांत समारोह-2025 महाराजा अग्रसेन प्रौद्योगिकी संस्थान (MAIT) एवं महाराजा अग्रसेन प्रबंधन अध्ययन संस्थान (MAIMS)।

दीक्षांत समारोह-में हमारे छात्रों की उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित व सम्मानित किया जाएगा।

**कार्यक्रम विवरणः-** तिथिः शुक्रवार, 2 मई 2025- समयः 11:00 पूर्वाह्न- स्थानः मुख्य सभागार, महाराजा अग्रसेन चौक, रोहिणी, सेक्टर-22, नई दिल्ली-110086 विशिष्ट अतिथिः- आशीर्वाद एवं मंगलकामनाएंः महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज- उपस्थिति मेंः डॉ. नंद किशोर गर्ग, माननीय कुलाधिपति, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश- मुख्य अतिथिः प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा, माननीय कुलपति, जीजीएसआईपी विश्वविद्यालय, दिल्ली (पद्म श्री पुरस्कार विजेता, राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं डॉ. बी. सी. रॉय पुरस्कार विजेता)- अध्यक्षताः श्री विनीत कुमार गुप्ता (लोहिया), अध्यक्ष महाराजा अग्रसेन तकनीकी शिक्षा सोसायटी (MATES) हम आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं !




# पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की करतूतों के कारण भारतीयों में गहरा आक्रोश : जय भगवान गोयल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्लीः** यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट की ओर से आज बी-106, अग्रवाल प्रोपर्टीज, गली नं.-50, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, दिल्ली में कैंडल मार्च/आतंकवादी विरोध मार्च निकालकर इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन किया गया प्रदर्शनकारियों ने शू मार्केट रोड़ से चलकर नजफगढ़ रोड़, आर्य समाज रोड़ से होते शू मार्केट पार्क पहुंचे जहां आतंकवाद का पुतला जलाया और 'धर्म पूछकर मारा है, नाम पूछकर के ठोकेंगे', 'अटैक करो-अटैक करो, पाकिस्तान पर अटैक करो', 'पहलगाम के शहीदों का बदला मांग रहा हिन्दुस्तान', 'खून मांगोगे तो खून देंगे, कश्मीर मांगोगे तो चीर देंगे', 'हर सनातनी की अब यही मांग, दुनिया के नक्शे से मिटे पाकिस्तान का नामो निशान' के नारे लगाए।



इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता श्री जय भगवान गोयल जी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा पाकिस्तान का चेहरा पूरी दुनिया के आगे नंगा हो चुका है। पाकिस्तान के रक्षामंत्री, पाकिस्तान के विदेशमंत्री खुलेआम चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे हैं हम पिछले 30 सालों से अमेरिका व ब्रिटेन के कहने पर आतंकवादियों को पालने जैसा घिनौना काम करते आ रहे हैं। आज इस्लामिक आतंकवाद पूरी दुनिया के सामने फेले हुए कैंसर के रूप में आकर खड़ा हो गया है। पहलगाम में निहत्थे व निर्दोष सनातनी हिन्दुओं पर धर्म पूछकर हमला यह सब दर्शाता है आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया चाहती है कि आतंकवादी रूपी कैंसर का वटवृक्ष पाकिस्तान का नाम पूरी दुनिया से मिटना चाहिए। हम सब देशवासी भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से एक पुरजोर मांग करते हैं कि जल्द से जल्द पाकिस्तान पर हमला करके पहलगाम में जो शहीद हुए उनके परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम करे।

इस अवसर पर सर्वश्री महंत श्याम गिरी जी महाराज (तलवार वाले बाबा), महेन्द्र मनचंदा (अध्यक्ष, दिल्ली प्रदेश), जय प्रकाश बघेल (उपाध्यक्ष, दिल्ली प्रदेश) अवध कुमार (संगठन महामंत्री, दिल्ली प्रदेश), दिनेश गुप्ता, जितेन्द्र यादव (सचिव, दिल्ली प्रदेश), सुरेन्द्र अग्रवाल, आशीष, लोकेश कपूर, इन्द्रजीत भल्ला, राजकुमार, राजकुमार भारद्वाज, सुरेश गर्ग, राजीव गर्ग, जोगेन्द्र कोहली, मनोज कटारिया, पुनित गुप्ता, अशोक गोयल, सुरेन्द्र पाल, अक्षत पहलवान आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश में 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

अमरावती, एक मई (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो मई को अपनी आंध्र प्रदेश यात्रा के दौरान राज्य की राजधानी अमरावती में करीब 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, ''प्रधानमंत्री मोदी 57,962 करोड़ रुपये की कुल 94 परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे या उनका उद्घाटन करेंगे।''

राजधानी अमरावती परियोजना के तहत प्रधानमंत्री 49,000 करोड़ रुपये की लागत वाली 74 परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जिसमें विधानसभा, सचिवालय, उच्च न्यायालय भवन और न्यायिक आवासीय कक्षों का निर्माण शामिल है। इसके साथ ही वह 5,028 करोड़ रुपये की नौ केंद्रीय परियोजनाओं की भी आधारशिला रखेंगे जिनमें कृष्णा जिले के नागयालंका में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का मिसाइल परीक्षण केंद्र (1,459 करोड़ रुपये), विजाग में यूनिटी मॉल (100 करोड़ रुपये), गुंटकल-मल्लप्पा गेट रेल ओवरब्रिज



(293 करोड़ रुपये) और छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं (3,680 करोड़ रुपये) शामिल होंगी।

अमरावती में एक दशक के अंदर निर्माण कार्यों की फिर से शुरुआत होगी। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अक्टूबर 2015 में अमरावती में निर्माण कार्यों की शुरुआत की थी। निर्माण कार्यों की नींव रखे जाने के बाद चार वर्षों में (2014 से 2019 के बीच) तेलुगु देशम पार्टी की सरकार ने सचिवालय, उच्च न्यायालय भवन जैसी कुछ अस्थायी संरचनाओं को खड़ा करने और कुछ आधिकारिक आवासीय परियोजनाओं को आंशिक रूप से पूरा करने में कामयाबी हासिल की। हालांकि, 2019 से 2024 के बीच वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी सरकार ने चंद्रबाबू नायडू के 'ड्रीम प्रोजेक्ट' को रद्द कर दिया जिसके लिए तेदेपा प्रमुख ने 29,881 किसानों और अन्य स्रोतों से 54,000 एकड़ जमीन जुटाई थी।

कुल 8,603 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को राजधानी क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया गया, जिसमें से 217 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र राजधानी शहर के लिए आवंटित किया गया और 16.9 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को मुख्य राजधानी क्षेत्र के रूप में नामित किया गया।

लगभग एक साल पहले सत्ता में आने के बाद तेदेपा के नेतृत्व वाली सरकार ने परित्यक्त राजधानी परियोजना में नयी जान फूंक दी। मुख्यमंत्री बनने के तुरंत बाद चंद्रबाबू नायडू ने तुरंत ही गंवाए अमरावती परियोजना पर काम शुरू कर दिया।

उम्मीद है कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा परियोजना की पुनः शुरुआत करने के बाद दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरे जोरों पर होगा।

## अजमेर के होटल में आग लगने से चार लोगों की मौत, सात घायल

**जयपुर**, (भाषा) अजमेर शहर के डिग्गी बाजार क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक होटल में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि मृतकों में दो पुरुष, एक महिला और चार साल का एक बच्चा शामिल है। उन्होंने बताया वे अजमेर दरगाह पर जियारत करने के लिए अजमेर आए थे। पांच मंजिला होटल के कुछ मेहमानों ने खिड़कियों से कूदकर जान बचाई।






## उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व आईआईटी रुड़की के बीच हुआ एमओयू

**लखनऊ**, (भाषा) उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), रुड़की के बीच तकनीकी सहयोग के लिए एक एमओयू हुआ है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर उत्तराखण्ड स्थित आईआईटी रुड़की परिसर में हस्ताक्षर किए गए हैं। समझौते के अंतर्गत प्रदेश के युवाओं को उच्चस्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण, नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप संवर्धन के क्षेत्र में आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इसके मुताबिक, इससे न केवल युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी बल्कि वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनेंगे। एमओयू पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह तथा आईआईटी रुड़की की ओर से अधिकृत प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए।

# एनटीए ने नीट पर 'भ्रामक' जानकारी देने वाले 106 टेलीग्राम, 16 इंस्टाग्राम चैनलों को चिहिनत किया

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक के बारे में फर्जी दावों पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने गलत सूचना फैलाने में शामिल 106 टेलीग्राम और 16 इंस्टाग्राम चैनलों की पहचान की है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

नीट को लेकर चिंताओं (पर्चा लीक) को साझा करने के लिए एनटीए द्वारा शुरू की गई समर्पित पोर्टल पर कथित प्रश्नपत्र लीक के 1,500 से अधिक दावे सामने आए हैं। नीट (स्नातक) 2025 परीक्षा प्रक्रिया की सुचिता की रक्षा के लिए एक निर्णायक कदम में, एजेंसी ने धोखाधड़ी से जुड़े कुछ टेलीग्राम और इंस्टाग्राम चैनलों पर कार्रवाई शुरू की है, जो प्रश्न पत्र तक पहुंच का दावा करते हैं।

एक सूत्र ने कहा, "संदिग्ध दावों की रिपोर्टिंग के लिए हाल में शुरू पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, एनटीए ने गलत सूचना फैलाने और छात्रों को गुमराह करने की कोशिश में लगे 106 टेलीग्राम और 16 इंस्टाग्राम चैनलों की पहचान की है। सूत्र ने कहा, "इन मामलों को आगे की कानूनी और जांच संबंधी कार्रवाई के लिए औपचारिक रूप से गृह



मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) को भेज दिया गया है।"

एनटीए ने टेलीग्राम और इंस्टाग्राम से अनुरोध किया है कि वे अभ्यर्थियों के बीच झूठ और अनावश्यक दहशत फैलने से रोकने के लिए इन चैनलों को तुरंत बंद कर दें। सूत्र ने कहा, "टेलीग्राम और इंस्टाग्राम से आग्रह किया गया है कि वे इन समूहों के प्रशासकों और संचालकों का विवरण कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ साझा करें, ताकि त्वरित जांच और अभियोजन किया जा सके।" मेडिकल प्रवेश परीक्षा चार मई को आयोजित की जानी है।

शिक्षा मंत्रालय (एमओई) सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक आयोजित कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आगामी नीट-स्नातक में कोई चूक न हो। मंत्रालय पिछले वर्ष की कथित अनियमितताओं, जिसमें पेपर लीक भी शामिल है, के मद्देनजर एक व्यापक योजना लागू कर रहा है।

पुलिस सुरक्षा में प्रश्न-पत्रों का परिवहन, संगठित धोखाधड़ी रैकेट की पहचान करने के लिए कोचिंग सेंटरों की निगरानी, केंद्रों पर एनटीए द्वारा निर्दिष्ट सुरक्षा के अलावा जिला पुलिस द्वारा बहु-स्तरीय तलाशी, शिक्षा मंत्रालय के नेतृत्व में एनटीए द्वारा उठाए जा रहे कदमों में शामिल हैं। नीट-स्नातक और पीएचडी प्रवेश परीक्षा नेट में पिछले साल की अनियमितताओं की जांच के बाद, केंद्र ने एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं के "पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष" संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पिछले साल एक समिति का गठन किया था।

यूजीसी-नेट (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) को पिछले वर्ष रद्द कर दिया गया था, क्योंकि मंत्रालय को सूचना मिली थी कि इसकी विश्वसनीयता से समझौता किया गया है।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.- 011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग - ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।